3 राजधानी
डीडीए व आप सरकार में ठनी

6 प्रादेशिकी
ट्रक ने घोड़ा गाड़ी सवारों को कुचला, दो भाइयों की मौत

10 विदेश
भारत बना ब्रिटेन का सबसे बड़ा स्कॉच व्हिस्की बाजार

12 स्पोर्ट्स
मध्य प्रदेश पर बंगाल ने विशाल बढ़त हासिल की

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 99
नई दिल्ली, रविवार, 12 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने का आह्वान

राष्ट्रीय-11

# केरल में कुश्ती, त्रिपुरा में दोस्ती: मोदी

## चुनावी रैली में प्रधानमंत्री का कांग्रेस-माकपा गठबंधन पर निशाना

**एजेंसी।** राधाकिशोरपुर/अंबासा (त्रिपुरा)



अगरतला में शनिवार को एक चुनावी रैली के दौरान लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**त्रिपुरा** में कांग्रेस-मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) गठबंधन पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दोनों दल केरल में कुश्ती लड़ते हैं और त्रिपुरा में दोस्ती करते हैं। मोदी ने क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए दावा किया कि कई अन्य दल भी परोक्ष रूप से विपक्षी गठबंधन की मदद कर रहे हैं, लेकिन उन्हें दिया गया हर वोट त्रिपुरा को कई साल पीछे ले जाएगा।

मोदी ने गोमती जिले के राधाकिशोरपुर में एक चुनावी रैली में कहा, कुशासन के पुराने खिलाड़ियों ने चंदा के लिए हाथ मिला लिए हैं। केरल में कुश्ती लड़ने वालों ने त्रिपुरा में दोस्ती की है। उन्होंने कहा कि विपक्ष वोटों को बांटना चाहता है। कुछ छोटी वोट कटवा पार्टियां अपनी कीमत पाने की आस में चुनाव नतीजों का इंतजार कर रही हैं। खरीद-फरोख्त के सपने देखने वालों को अभी से ही घरों में बंद कर दो। इससे पूर्व दिन में मोदी ने धलाई जिले के अंबासा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि वाम मोर्चा और कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने जनजातीय लोगों के बीच विभाजन पैदा किया, जबकि भाजपा ने ब्रू जनजाति सहित अन्य समुदायों की समस्याओं को सुलझाने के लिए काम किया। उन्होंने कहा, भाजपा देशभर में जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए काम कर रही है। हमने मिजोरम से विस्थापित हुए 37,000 से अधिक ब्रू लोगों का त्रिपुरा में पुनर्वास किया है। हमारी सरकार ने उच्च शिक्षा में आदिवासी भाषा कोकबोरोक को शामिल किया है। मोदी ने कहा कि केंद्रीय बजट में केंद्र की भाजपा सरकार ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, एक वाम शासित राज्य में, बहुत से लोग कोरोना से पीड़ित हुए और उनकी मौत हो गई, लेकिन त्रिपुरा सुरक्षित था, क्योंकि भाजपा ने लोगों के जीवन की रक्षा के लिए काम किया। मोदी ने लोगों से पूर्वोत्तर राज्य के विकास को जारी रखने के लिए डबल इंजन की सरकार को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा, कांग्रेस और वाम दल की दोधारी तलवार से सावधान रहें, वे लोगों को लाभ पहुंचाने वाली सभी योजनाओं को रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वाम दल केवल लोगों को धोखा देना जानते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को उनके वर्षों के कुशासन का खामियाजा भुगतना पड़ा है। मोदी ने कहा, दोनों पार्टियां चाहती हैं कि गरीब, गरीब ही रहें।

इन दलों ने कभी भी गरीबों के दर्द को नहीं समझा। उन्होंने कहा कि राज्य में तीन लाख परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाए गए, जिससे 12 लाख लोग लाभान्वित हुए, जबकि पांच लाख गरीब लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभार्थी बनाया गया और चार लाख घरों में शौचालयों का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य का पहला डेंटल कॉलेज भी भाजपा सरकार के शासनकाल में बनाया गया था। उन्होंने कहा कि अकेले गोमती जिले में, लगभग 40,000 किसानों के बैंक खातों में 80 करोड़ रुपए जमा किए गए हैं। मोदी ने कहा, माकपा के कार्यकर्ता पुलिस थानों को नियंत्रित किया करते थे, जबकि भाजपा ने राज्य में कानून का शासन स्थापित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने त्रिपुरा को भय के माहौल और चंदे की संस्कृति से मुक्त कर दिया है। मोदी ने राज्य के (शेष पेज 8)

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पहले खंड का उद्घाटन आज

- प्रधानमंत्री मोदी दिखाएंगे हरी झंडी, 246 किलोमीटर लंबा दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड होगा चालू
- दिल्ली से जयपुर की यात्रा पांच से घटकर साढ़े तीन घंटे होने की उम्मीद
- एक्सप्रेसवे छह राज्यों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी रविवार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के 246 किलोमीटर लंबे दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड का उद्घाटन करेंगे। एक्सप्रेसवे के इस खंड के शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी से जयपुर तक का यात्रा समय पांच घंटे से घटकर लगभग साढ़े तीन घंटे होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि 12,150 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का यह पहला पूर्ण खंड पूरे क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। मोदी दौसा से 18,100 करोड़ रुपए से अधिक की सड़क विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे और बेंगलुरू के वायुसेना स्टेशन, एलहंका में एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण का उद्घाटन करने के लिए सोमवार को कर्नाटक जाएंगे। पीएमओ ने कहा कि 'न्यू इंडिया' में विकास और सम्पर्क के इंजन के रूप में उत्कृष्ट सड़क बुनियादी ढांचे के निर्माण पर मोदी का जोर देश भर में चल रहे कई विश्व स्तरीय एक्सप्रेस-वे के निर्माण से महसूस किया जा सकता है।


1,386 किलोमीटर की लंबाई वाला दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे भारत का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे होगा। यह दिल्ली और मुंबई के बीच यात्रा की दूरी को 12 प्रतिशत घटाकर 1,424 किलोमीटर से 1,242 किलोमीटर कर देगा। इससे दोनों महानगरों के बीच यात्रा समय में 50 प्रतिशत की कमी आएगी। दिल्ली से मुंबई जाने में वर्तमान में 24 घंटे का समय लगता है लेकिन इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने के बाद इसको पूरा करने में करीब 12 घंटे लगेंगे। यह एक्सप्रेसवे छह राज्यों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगा और कोटा, इंदौर, जयपुर, भोपाल, वडोदरा और सूरत जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ेगा।

पीएमओ ने कहा कि इसका सभी निकटवर्ती क्षेत्रों के विकास पथ पर एक उत्प्रेरक प्रभाव पड़ेगा और इस प्रकार यह देश के आर्थिक परिवर्तन में एक प्रमुख योगदान देगा। कार्यक्रम के दौरान, मोदी 5,940 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित होने वाली 247 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। बेंगलुरु में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बारे में, पीएमओ ने कहा कि एयरो इंडिया 2023 का विषय 'द रनवे टू ए बिलियन अपॉर्चुनिटीज' है। मोदी के 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के दृष्टिकोण के अनुरूप, यह कार्यक्रम स्वदेशी उपकरणों, प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने और विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी करने पर केंद्रित होगा।

# नई कर प्रणाली से मध्य वर्ग को होगा फायदा: सीतारमण

- इस व्यवस्था को अपनाने से करदाताओं के हाथ में अधिक पैसा बचा रहेगा
- अडाणी प्रकरण में कहा नियामक काफी अनुभवी मामले को देख रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि नई कर प्रणाली से मध्य वर्ग को फायदा होगा क्योंकि इस व्यवस्था को अपनाने से करदाताओं के हाथ में अधिक पैसा बचा रहेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक मंडल की बजट-पश्चात बैठक को संबोधित करने के बाद सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सरकारी योजनाओं के जरिए लोगों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी नहीं है। इसकी जगह पर लोगों को अपने निवेश के बारे में व्यक्तिगत स्तर पर निर्णय लेने का मौका दिया जाना चाहिए। सीतारमण ने गत एक फरवरी को वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश करते हुए नई कर प्रणाली को अधिक आकर्षक बनाने के लिए कई घोषणाएं की थीं। इसमें सात लाख रुपए तक की सालाना आय पर कोई कर नहीं लगाने की घोषणा सबसे अहम है।

उन्होंने भारतीय शेयर बाजार में पिछले दो हफ्ते से अडाणी समूह के शेयरों में जारी उठापटक के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि भारतीय नियामक बहुत अनुभवी हैं और वे अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। नियामकों को इस मसले की जानकारी है और वे हमेशा ही अपने काम को लेकर सजग रहते हैं। (शेष पेज 8)

# महिलाओं को विमर्श और निर्णय के केंद्र में लाना होगा: ईरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** आगरा

**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को कहा कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने को तैयार समाज के निर्माण की खातिर महिलाओं को किसी भी विमर्श और निर्णय के केंद्र में लाना होगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने जी-20 एम्पावर इंसेप्शन बैठक में कहा कि भारत सभी लोगों की भलाई के लिए व्यावहारिक वैश्विक समाधान ढूंढ़ने में अहम भूमिका निभाने का इच्छुक है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा करके वसुधैव कुटुम्बकम की सच्ची भावना को दर्शाना चाहता है। ईरानी ने विशेष रूप से भारत के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की भूमिका का उल्लेख किया और जमीनी स्तर पर महिला नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने हर महिला तक बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास का भी उल्लेख किया। दो दिवसीय बैठक के पहले दिन मंत्री ने कहाकि भविष्य की (शेष पेज 8)

# उपराज्यपाल ने डिस्कॉम बोर्ड से आप सरकार नामितों को हटाया

- हटाए गए लोगों में जैस्मीन शाह भी शामिल, इनके स्थान पर वरिष्ठ अधिकारियों की होगी नियुक्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी में बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के बोर्ड में आप सरकार द्वारा नामित नेता जैस्मीन शाह सहित अन्य लोगों हटा दिया है। बोर्ड में हटाए गए लोगों की जगह वरिष्ठ अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। एलजी कार्यालय के सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई शनिवार को उपराज्यपाल निर्देश पर की गई है।

इस कार्रवाई के बाद एलजी कार्यालय-आप सरकार के बीच गतिरोध का नया मोर्चा खुल गया है। वहीं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केजरीवाल सरकार द्वारा नियुक्त सदस्यों को डिस्कॉम बोर्ड से हटाने के एलजी के फैसले को असंवैधानिक और अवैध करार दिया।

सूत्रों ने दावा किया कि आप के प्रवक्ता शाह के अलावा जिन लोगों को बोर्ड से हटाया गया है उनमें आप सांसद एनडी गुप्ता के पुत्र नवीन गुप्ता और सरकार द्वारा नामित व्यक्ति के तौर पर अवैध रूप से नियुक्त किए गए अन्य लोग शामिल हैं। दिल्ली सरकार के बिजली विभाग ने उपराज्यपाल सक्सेना के निर्देश के बाद शुक्रवार को चार नामितों को हटाने का आदेश जारी किया। सरकार के नामितों को हटाने के लिए उपराज्यपाल का निर्देश एक अंतरिम उपाय के (शेष पेज 8)

# मनी लांड्रिंग में बंद विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** चित्रकूट

**बुंदेलखंड** की हाईटेक जेल चित्रकूट में बन्द पूर्वांचल के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी से जिला जेल रगौली में बिना लिखा-पढी के पत्नी निखत बानो से मिलाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पत्नी निखत समेत उसके ड्राइवर नियाज को गिरफ्तार कर लिया है। जेल अधीक्षक अशोक सागर समेत सात लोगों को निलम्बित कर मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार की रात डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी वृन्दा शुक्ला के संज्ञान में बात आई कि बिना लिखा-पढ़ी के जेल में बन्द विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत जिला जेल अधीक्षक के कमरे में मौजूद हैं। डीएम की अगुवाई में पुलिस टीम ने जिला जेल में छापेमारी कर अधीक्षक के कमरे से निखत बानो को बरामद कर उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन, विदेशी करेंसी रियाल, ज्वैलरी समेत कुछ गैरकानूनी वस्तुयें बरामद हुईं। बता दें कि बाहुबली मुख्तार (शेष पेज 8)

# निवेश के लिए सर्वोत्तम गंतव्य है उत्तर प्रदेश: नितिन गडकरी



लखनऊ में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को स्मृति चिन्ह भेंट करते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केंद्रीय** सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहली बार औद्योगिक व कृषि क्षेत्र में विकास करने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल जाएगी। उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सर्वोत्तम गंतव्य है। प्रचुर जल संसाधन, ऊर्जा, मानव संसाधन और शानदार कनेक्टिविटी से यहां ई मोबिलिटी के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। ई-मोबिलिटी के सेक्टर में उत्तर प्रदेश में निवेश कर उद्यमी पर्यावरण संरक्षण, रोजगार निर्माण और गरीबी दूर करने में भागीदारी बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में भागीदार बन सकते हैं। उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दूसरे दिन शनिवार को ई मोबिलिटी, व्हीकल्स एंड फ्यूचर मोबिलिटी विषय पर आयोजित सत्र में गडकरी ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,682 | |
| निफ्टी | 17,856 | |
| सोना | 56,754 | /10g |
| चांदी | 66,953 | /kg |

## क्विक न्यूज

### 12 चीतों का दूसरा जत्था 18 को कूनो पहुंचेगा

**श्योपुर।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क (केएनपी) में 12 चीतों का दूसरा जत्था दक्षिण अफ्रीका से 18 फरवरी को आने की उम्मीद है। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। छह माह पहले आठ चीतों को नामीबिया से यहां लाया गया था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) जे एस चौहान ने बताया कि मौजूदा योजना के मुताबिक 18 फरवरी को 12 और चीतों को केएनपी लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कूनो ले जाने से पहले चीतों को दक्षिण अफ्रीका से ग्वालियर लाया जाएगा। फिलहाल 12 चीतों के जत्थे में नर और मादा चीतों की संख्या की जानकारी नही है। उन्होंने कहा कि नियमों के मुताबिक चीतों को एक महीने के लिए पृथक-वास में रखा जाएगा। मोदी ने 17 सितंबर को अपने 72 वें जन्मदिन पर नामीबिया से लाए गए आठ चीतों (पांच मादा तथा तीन नर) के पहले जत्थे को केएनपी के बाड़े में छोड़ा था।

# रूस-यूक्रेन जंग खत्म कराने को प्रयास करें मोदी: अमेरिका

- कहा- पुतिन के पास इस युद्ध को रोकने के लिए अब भी वक्त है, हाल ही में एनएसए डोभाल ने रूसी राष्ट्रपति से की थी मुलाकात

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/वाशिंगटन

**यूक्रेन** में पिछले एक साल से जंग जारी है, अमेरिका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया है कि वे इस जंग को खत्म कराने के लिए प्रयास करे। साथ ही उसने यह भी कहा है कि हिंसा को रोकने के लिए अब भी समय है।

शुक्रवार की देर रात व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने एक सवाल के जवाब में यह बात कही। किर्बी से पूछा गया था कि क्या प्रधानमंत्री मोदी द्वारा यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध को बंद कराने या राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मनाने के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। अपने देश के रुख को साफ करते हुए किर्बी कहा कि मेरा मानना है कि पुतिन के पास इस जंग को रोकने के लिए अब भी वक्त है। मैं चाहूंगा कि पीएम मोदी बात करें और जो भी प्रयास वह करना चाहते हैं करें। उन्होंने कहा कि अमेरिका ऐसे किसी भी प्रयास का स्वागत करेगा जिससे यूक्रेन में युद्ध खत्म हो। यूक्रेन ने शुक्रवार को कहा कि रूस ने बड़े हवाई हमलों का ताजा सिलसिला शुरू किया है।

वहीं राष्ट्रपति जो वाइडेन ने ऐलान किया है कि रूस के हमले के एक साल पूरे होने पर वे कीव के पड़ोसी पोलैड की यात्रा पर जाएंगे। हाल ही में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मास्को में राष्ट्रपति (शेष पेज 8)

# अश्विन की फिरकी में फंसे कंगारू, भारत की शानदार जीत

- ऑस्ट्रेलिया को एक पारी, 132 रन से दी मात, टेस्ट शृंखला में 1-0 से ली बढ़त

**पायनियर समाचार सेवा।** नागपुर




**स्टार** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को लेकर ऑस्ट्रेलियाई टीम का डर आखिरकार सही साबित हुआ और उनके पांच विकेट की मदद से एक ही सत्र में पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को सिर्फ 91 रन पर समेटकर भारत ने पहला क्रिकेट टेस्ट महज तीन दिन के भीतर एक पारी और 132 रन से जीतकर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 1-0 की बढ़त बना ली।

सुबह अक्षर पटेल के 84 और मोहम्मद शमी के 37 रन की मदद से भारत ने पहली पारी में 400 रन बनाकर 223 रन की बढत ले ली थी। जवाब में आस्ट्रेलियाई टीम ने महज एक सत्र में ही दस विकेट गंवा दिए और 32 .3 ओवर में 91 रन पर पवेलियन लौट गई। अश्विन को लेकर आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का डर आखिरकार सही साबित हुआ। उसके डुप्लीकेट के साथ अभ्यास करने का उनका दाव भी सटीक नहीं बैठा और इस चतुर आफ स्पिनर ने उन्हें फिरकी के जाल में बखूबी फांसकर 12 ओवर में 37 रन देकर पांच विकेट लिए। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले रविंद्र जडेजा को दो और शमी को दो विकेट मिले। हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले जडेजा को प्लेयर आफ द मैच चुना गया हालांकि मैदानी अंपायर की जानकारी के बिना हाथ में मरहम लगाने के लिए उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया।

इससे पहले भारत ने कल के स्कोर सात विकेट पर 321 रन से आगे खेलना शुरू किया। जडेजा कल के ही स्कोर 70 रन पर टॉड मरफी को अपना विकेट गंवा बैठे। पिच में तीसरे दिन भी बहुत बदलाव नहीं देखा गया और धीमी पिच पर बल्लेबाजों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई। अक्षर और शमी ने नौवें विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। शमी को नाथन लियोन की गेंद पर स्कॉट बोलैंड ने छह के स्कोर पर जीवनदान दिया। इसके बाद शमी ने आस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मरफी को तीन छक्के लगाए। उन्होंने पहले मिडविकेट पर स्लॉग स्वीप खेला, इसके बाद लांग आफ में स्ट्रेट ड्राइव लगाया और फिर लांग आन पर छक्का जड़ा। उनकी आक्रामक पारी के दम पर 50 रन की साझेदारी महज 65 मिनट में बन गई। पटेल ने शमी को ही ज्यादा स्ट्राइक लेने दी। शमी चौथा छक्का लगाने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे।

इसके बाद पटेल ने मरफी को अपनी पारी का पहला छक्का लगाया। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पटेल को बोल्ड करके भारतीय पारी का अंत किया। पहली पारी में 177 रन सिमटने वाली आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरूआत बेहद खराब रही और दूसरे ही ओवर में अश्विन ने उस्मान ख्वाजा (5) को विराट कोहली के हाथों लपकवाकर उसे पहला झटका दिया। लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे डेविड वॉर्नर एक बार फिर नाकाम रहे और अश्विन की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। इससे पहले जडेजा ने (शेष पेज 8)

# 200 की स्पीड से चल रही कार डिवाइडर से टकराई, लड़की का सिर हुआ धड़ से अलग

● सड़क हादसे में पांच लोग घायल, दो की हालत नाजुक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के एलिवेटेड रोड पर रात 12.30 बजे के करीब एक निसान टेरैनो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस घटना में कार में सवार एक युवती की मौत हो गई जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतका व घायल नोएडा स्थित एक कंपनी में काम करते है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि गिझौड़ रेड लाइट के ऊपर से एलिवेटेड रोड से होते हुए निसान टेरैनो कार में सवार कुमारी भूमिका जादौन उम्र 25 वर्ष मूल निवासी जनपद ग्वालियर मध्य प्रदेश तथा उनके साथी रोबिन, प्रभाष, हरप्रीत, अभिषेक व कुमारी श्वेता जा रहे थे। इनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई तथा पलट गई। इस घटना में कुमारी भूमिका जादौन की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

वहां पर दो की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना इतनी भयानक थी कि युवती का सर डिवाइडर से लगकर कट गया था। मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस इस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

मृतका नोएडा स्थित यूनिवो कंपनी में काम करती थी।नोएडा एडसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि नोएडा सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 12: 30 बजे कार के डिवाइडर से टकरा जाने से भूमिका जादौन नाम की एक महिला की मौत हो गई।

पांच अन्य घायल हो गए हैं और उन्हें अस्पताल भेजा गया है। शव का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है।

# नगर निगम ने डीएम के खाते में जमा कराए एक करोड़

● इंदिरापुरम कॉलोनी में कूड़े के विवाद में एनजीटी ने लगाया था 200 करोड़ का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

इंदिरापुरम कॉलोनी में कूड़े के विवाद को लेकर नगर निगम को अपनी तिजोरी खोलनी पड़ी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नगर निगम ने डीएम अकाउंट में एक करोड़ रुपया जमा कराया। अब जीडीए को भी एक करोड़ पांच लाख बकाया नगर निगम को अदा करना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इस प्रकरण पर सुनवाई अब अप्रैल महीने में होने जा रही है। बता दें कि इंदिरापुरम कॉलोनी में कूड़े के विवाद में एनजीटी ने नगर निगम और जीडीए पर 200 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था।

इसमें 150 करोड़ रुपये का जुर्माना नगर निगम और 50 करोड़ रुपये का जुर्माना जीडीए अदा करना था। एनजीटी के इस आदेश के खिलाफनगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट में नगर निगम ने अपनी बैलेंस सीट जमा की। निवेदन किया कि नगर निगम की पूरे वर्ष की इनकम ही 231 करोड़ रुपये है और एनजीटी ने जुर्माना 150 करोड़ रुपये लगाया जबकि कॉलोनी जीडीए की है। नगर निगम को एनजीटी ने कूड़ा निस्तारण कराने के लिए कहा था और पैसा जीडीए को अदा करना था। इसपर सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि एक करोड़ रुपये नगर निगम पहले डीएम के यहां जमा कराए।

निगम ने इसी का पालन करते हुए डीएम के यहां एक करोड़ रुपये जमा करा दिया है। नगर निगम के विधि विभाग का कहना है कि कूड़ा निस्तारण का अभी एक करोड़ पांच लाख रुपया जीडीए पर बकाया है।

## संक्षिप्त समाचार



देविका गोल्ड होम्स हाउसिंग सोसाइटी के लोग कैंडल मार्च निकालते हुए।

### बिल्डर के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

**नोएडा।** बिल्डर द्वारा परेशान किए जाने से आजिज देविका गोल्ड होम्स हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों ने कैंडल मार्च निकाला है। निवासियों का कहना है कि सोसाइटी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसको लेकर काफी बार बिल्डर के प्रतिनिधियों से बातचीत की गई है, लेकिन उसके बावजूद भी किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता है। बिल्डर की नीतियों के खिलाफ सोसाइटी के निवासियों ने बीती रात को कैंडल मार्च निकाला है। निवासियों ने कैंडल जलाकर शांतिपूर्ण मार्च किया और बिल्डर की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना भी की है। सोसाइटी में न तो पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे हैं और न ही उन कैमरों की निगरानी करने की कोई उचित व्यवस्था है। कैंडल मार्च के दौरान आनंद सिंह, आशीष कुलकर्णी, सत्येंद्र मिश्रा, शशि शेखर, एम एस रावत, प्रवीन सिंह, अमित सिंह, मुकुल मिश्रा, प्रफुल्ल मिश्रा, गणेशशर्मा, ब्रजेश , वर्षा, राजीव कुमार, मृत्यंजय, चंदन तिवारी और गौतम सिंह समेत काफी लोग मौजूद रहे।

### सोसाइटी में लावारिस डॉग की मौत

**नोएडा।** नोएडा की एक हाईराइज सोसाइटी में लावारिस कुत्ते की मौत हो गई है। सोसाइटी की रहने वाली महिलाओं का आरोप है कि सोसाइटी के सुरक्षाकर्मियों की वजह से कुत्ता मर गया है। इस मामले को लेकर महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। थाना सेक्टर.113 पुलिस महिला की शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-113 प्रभारी प्रमोद कुमार प्रजापति ने बताया कि यह मामला सेक्टर-75 स्थित गार्डेनिया गेटवे सोसाइटी का है। जहां की रहने वाली एक महिला ने शिकायत की है कि वहां के एओए के पदाधिकारियों और सिक्योरिटी के कर्मचारियों ने लावारिस कुत्तों और उसके बच्चों को सोसायटी के बाहर फेंक दिया। जिससे कुत्ते के एक बच्चे की मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि सोसायटी में रहने वाली रुचि विश्वकर्मा और अन्य महिलाओं ने इस मामले में थाने में आकर शिकायत की है। पुलिस सोसायटी के लोगों से बातचीत करके मामले की जांच कर रही है। अगर जांच में कोई आरोपी पाया गया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### गुमशुदा बच्ची सुरक्षित वापस लौटी

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सोरखा गांव से शनिवार सुबह तीन वर्षीय बच्ची लापता हो गई, जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि बाद में बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया। बच्ची के पिता योगेंद्र यादव ने आरोप लगाया था कि भीख मांगने वाले गिरोह ने उनकी बेटी का अपहरण कर लिया है। इस घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि बच्ची घर से टॉफी खरीदने के लिए दुकान पर गई थी। दुकान बंद होने की वजह से वह दूसरी दुकान पर चली गई, तथा थोड़ी देर बाद वह रास्ता भूल गई।

### मंत्रालय टेक्नीशियन के पेन कार्ड से फर्जीवाड़ा

**गाजियाबाद।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में कार्यरत टेक्नीशियन के पेनकार्ड पर अज्ञात युवकों द्वारा जीएसटी नंबर लेकर फर्जी ढंग से व्यापार करने का मामला सामने आया है। टेक्नीशियन ने इस मामले में थाना साहिबाबाद में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर कराई है। जयदेवी नगर निवासी कुलदीप कुमार ने बताया कि वे मंत्रालय के साहिबाबाद गाजियाबाद ऑफिस में कार्यरत हैं। इस जॉब के अलावा अन्य कोई बिजनेस नहीं करते हैं। कुलदीप ने बताया, पिछले दिनों उन्हें इस बात की जानकारी हुई कि किसी ने उनके पेन कार्ड पर जीएसटी नंबर लेकर व्यापार कर रखा है। कुलदीप ने संबंधित विभाग से इसकी जानकारी निकलवाई। पता चला कि कुलदीप के पेन कार्ड नंबर पर साल.2019 में जीएसटी नंबर जारी हुआ था। टेक्नीशियन का कहना है कि इससे न केवल टैक्स चोरी हो रही है, बल्कि उनके पेन कार्ड का दुरुपयोग भी हो रहा है।

# नए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एक्ट ने उड़ाई फार्म हाउस मालिकों की नींद

● नए नियमों के अनुसार 50 किलो कूड़ा निकलने पर खुद करना होगा निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सॉलिडवेस्ट मैनेंजमेट के संशोधित एक्ट की गाइड लाइन जारी हो गई है। अब जिन ग्रुप हाउसिंग, हाउसिंग सॉसायटीज, होटल, रेस्टोरेंट, फार्म हाउस आदि से रोज 50 किलो सूखा और गीला कूड़ा जनरेट होता है उन्हें इसके निस्तारण की व्यवस्था करनी होगी। ऐसा न करने पर नगर निगम जुर्माना लगाने की कार्रवाई करेगा।

सॉलिडवेस्ट मैनजमेंट एक्ट 2018 के संशोधित एक्ट 2023 में नया प्रावधान किया गया है। पहले एक्ट में प्रावधान था कि जिन हाउसिंग सोसाइटीज आदि में एक दिन में 100 किलो गीला-सूखा कूड़ा निकलता है ऐसी संस्थाओं को ही उसके निस्तारण की व्यवस्था करनी होगी। नए एक्ट में अब 50 किलो कूड़ा जनरेट होने पर भी इसके निस्तारण की व्यवस्था करनी होगी। नगर निगम के हेल्थ अफसर डॉ मिथिलेश कुमार का कहना है कि इस एक्ट के दायरे में कौन संस्थान आ रहे है इसका निगम अब सर्वे कराने जा रहा है। सर्वे होने के बाद ही उन संस्थानों की सूची तैयार की जाएगी जिन्हे नए एक्ट के हिसाब से कूड़ा निस्तारण करने के लिए अपने यहां प्लांट लगाना होगा।

## मिजोरम की युवती से बाबू ने की दुष्कर्म की कोशिश

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 39 थाना क्षेत्र से मिजोरम की महिला के साथ जबरन घर में घुसकर बलात्कार का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है की आरोपी चकमा समुदाय का एक नेता है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा है।

पुलिस को शिकायत देते हुए पीड़िता ने बताया की वह मूल रूप से मिजोरम की रहने वाली है। युवती का आरोप है कि संतोष बाबू शाह नामक व्यक्ति 8 फरवरी को उसके घर में घुस गया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता को जबरन कमरे में बंद कर दिया साथ ही उसके अकेले होने का फायदा उठाकर उसके साथ रेप करने का प्रयास करने लगा।

# डेटिंग एप के जरिए हनीट्रैप में फंसाती थी महिला

● सिटी सेंटर के पास से गिरफ्तार किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला।

डेटिंग एप के जरिए लोगों को हनीट्रैप के जाल में फंसाकर लूटपाट व हत्या करने वाले एक गैंग की वांछित अपराधी महिला को थाना सेक्टर.49 पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

महिला की पहचान पूनम महतो पति प्रसन्नचित हुई है। पुलिस ने इसे सिटी सेंटर के पास से गिरफ्तार किया। थाना सेक्टर.113 से इस पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी की गई है। पुलिस ने बताया कि इस गैंग में छह लोग थे। जिसमें से सारा पूजा शर्मा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। ये तीसरी महिला थी जो फरार थी।

पूनम डेटिंग एप ऐसे लोगों को टारगेट करती थी जो दिखने में पैसे वाले खासकर जिनके गले में चैन हो और उनकी उम्र थोड़ी ज्यादा होती थी। एप पर ये पहले उनसे दोस्ती करती थी। उसके बाद या तो अपने बताए होटल पर बुलाती थी या उनके बताए स्थान पर जाती थी। गिरोह के बाकी लोग भी उसके साथ होते थे। वो स्पॉट के आसपास ही रहते थे।

मिलने के दौरान ये चालाकी से व्यक्ति को स्लीपिंग पिल या नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर देती थी। इसके बाद जुलरी, पैसे और अन्य सामान लूटकर फरार हो जाती थी।

# पुलिस की गोली से बदमाश घायल, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी। इनसेट में घायल बदमाश

सूरजपुर थाना पुलिस और बदमाशों के बीच में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। दो बदमाश मौके से फरार हो गए।

मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। फरार हुए बदमाशों की पुलिस तलाश कर रही है। दरसअल, सूरजपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि तीन शातिर लुटेरे थाना क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले हैं। उसी सूचना पर सूरजपुर थाना पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई। जिसके बाद 130 मीटर रोड के पास इन बाइक सवार बदमाशों को पुलिस ने घेर लिया।

बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की और जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। बदमाश घायल होने के बाद वहीं पर गिर गया जबकि बाइक सवार दो अन्य बदमाश बाइक को लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश को दौड़कर पकड़ लिया। घायल बदमाश की पहचान महेंद्र के रूप में हुई है जोकि हाथरस का रहने वाला है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से तमंचा कारतूस व अन्य सामान बरामद किया है।

यह एक शातिर किस्म का लुटेरा है, जो आए दिन लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया करता था। फिलहाल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया, पुलिस मुठभेड़ के दौरान महेंद्र नाम का एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया है। यह हाथरस का रहने वाला है।


**आईटीएल फिनलीज ऐंड सिक्योरिटीज लिमिटेड**

सीआईएन : एल65910डीएल1991पीएलसी045090
पंजी. कार्यालय : बी-08, जीडी-आईटीएल टावर, टॉप फ्लोर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
ई-मेल : csitfinlease@gmail.com, वेबसाइट : www.itfinlease.com

31 दिसम्बर 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अ-लेखापरीक्षित परिणाम

रू. लाख में

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त (31-12-2022) अ-लेखापरीक्षित | 9 माह समाप्त (31-12-2022) अ-लेखापरीक्षित | पूर्व वर्ष में समाप्त संगत तिमाही (31-12-2021) अ-लेखापरीक्षित | पूर्व वर्ष समाप्त 31-03-2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 23.82 | 85.05 | 7.73 | 73.63 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 8.83 | 37.92 | (6.20) | 1.56 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 8.83 | 37.92 | (6.20) | 1.56 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 7.25 | 29.84 | (6.15) | (7.99) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 7.25 | 29.84 | (6.15) | (7.89) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 480.81 | 480.81 | 480.81 | 480.81 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर, जैसाकि 31-03-2022 को पूर्व वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | | | 432.99 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) (1) मूल (2) तनुकृत | 0.15 0.15 | 0.62 0.62 | (0.13) (0.13) | (0.17) (0.17) |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज एमएसईआई में प्रस्तुत किए गए 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट नामतः www.msei.in पर और कम्पनी की वेबसाइट www.itfinlease.com पर उपलब्ध है।
2. 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु उपरोक्त अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए हैं और निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 10-02-2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
आईटीएल फिनलीज ऐंड सिक्योरिटीज लिमिटेड
हस्ता./-
बी.एल. गुप्ता
(निदेशक)
डीआईएन : 00143031

स्थान : दिल्ली
तिथि : 10-02-2023


# नोएडा में जी-20 को लेकर पुलिस अलर्ट

● सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सड़क पर उतरे अधिकारी, चलाया अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर ने लखनऊ में आयोजित जीआईएस 2023 के मद्देनजर यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। विशेष कर बॉर्डर एरिया, बॉटेनिकल गार्डन, मेट्रो स्टेशन, अंतर्राज्यीय बस स्टॉप आदि स्थानों का निरीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

शुक्रवार को देर रात पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह ने अपर पुलिस आयुक्त कानून, व्यवस्था के साथ जी-20 समिट व लखनऊ में आयोजित जीआईएस 2023 के मद्देनजर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस की यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उनके द्वारा संबंधित अधिकारीगण को दिल्ली बॉर्डर पर बैरिकेडिंग लगाकर सघनता से चेकिंग करने, आने.जाने वाले सभी वाहनों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने एवं संदिग्ध प्रतीत हो रहे सभी लोगों को रोककर उनकी तलाशी लेने के लिए निर्देशित किया गया।

पुलिस कमिश्नर द्वारा दिल्ली से सटे सभी बॉर्डर पर 24 घंटे विशेष निगरानी रखने के लिए संबंधित अधिकारीगण को निर्देशित किया गया। पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था को हर समय दुरुस्त रखने, जाम न लगने देने, नियम का पालन न करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने व बस स्टैंड को हटाने को निर्देशित किया गया।



यूपी समिट को लेकर यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते पुलिस अधिकारी।


**भौतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों, (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या (डीएचएफएल ओल्ड एलएएन एवं आईसीआईसीआई न्यू एलएएन) | सम्पत्ति का वर्णन/कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गौरव मदान/पल्लवी मदान/ (2660001228 एवं क्यूजैडडीईएल00005017511) एवं डी-42, विश्वास पार्क, मेन रोड, राजा पुरी, डीके मोहन गार्डन, उत्तम नगर, वेस्ट दिल्ली-110059 | सम्पत्ति सं. 24-ए, पुराना प्लॉट नंबर 24, प्रथम तल, रियर साइड, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक बी-1, गली नंबर 5, खसरा नंबर 104/13, ग्राम पालम, राजापुरी, उत्तम नगर, दिल्ली / 07 फरवरी, 2023 | 03-06-2021 रू. 17,39,592/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मुकेश कुमार सिंह/कंचन देवी/ (2490001553 एवं क्यूजैडजेएनके00005025598) एवं बी-60, बी ब्लॉक, लाल बाग, आजादपुर, दिल्ली-110033 | फ्लैट नंबर डी-2/209, द्वितीय तल, एलएचएस पोर्शन, पाकेट-2, खसरा नंबर 773, हूवर्स अपार्टमेंट, विस्तारित लाल डोरा आबादी, ग्राम बुराड़ी, दिल्ली / 09 फरवरी, 2023 | 17-02-2020 रू. 17,25,322/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 10 फरवरी, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# रोजगार मेला: 50 कंपनियों ने लिया हिस्सा, 7500 लोगों को अवसर

● आईटी, सर्विस, मैन्युफैक्चरिंग, फार्मा, फाइनेंस, सहित अनेक अन्य क्षेत्रों की नामी कंपनियों ने भाग लिया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतम बुद्ध नगर में विश्वेश्वर्या ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स दादरी से जिला सेवा नियोजन कार्यालय गौतम बुद्ध नगर एवं भारत सरकार के श्रम एवं नियोजन मंत्रालय द्वारा मेगा रोगजार मेला का आयोजन किया गया।

इस मेगा रोजगार मेले में 50 से अधिक देश की बड़ी कंपनियों ने हिस्सा लिया। लगभग 7500 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। दरअसल इस रोजगार मेले में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की 50 से अधिक कंपनियों के द्वारा करीब साढ़े सात हजार से अधिक रिक्त पदों की लिए साक्षात्कार लिया गया। प्रत्येक उम्मीदवारी को अपनी जॉब प्रोफाइल की अनुरूप तीन कपनियों में साक्षात्कार देने का अवसर प्रदान किया गया।

रोजगार मेले में 8वीं पास से लेकर मैट्रिक, इंटरमीडिएट, आईटीआई डिप्लोमा, जीनियरिंग ग्रेजुएट, बीबीए, बीकाम, बीए बीएससी, पोस्ट ग्रेजुएट के लिए रोजगार प्राप्ति का सुनहरा मौका प्रदान किया गया। इस रोजगार मेले में आने वाली कंपनियों में आईटी, सर्विस, मैन्युफैक्चरिंग, फार्मा, फाइनेंस, सहित अनेक अन्य क्षेत्रों की नामी कंपनियों ने भाग लिया।

भाग लेने वाली प्रमुख कंपनियों में टेक महिंद्रा, अशोक लेलैंड, मैक्रोमैक्स, पेटीएम जे बी एम, दी यस ग्रुप, हांडा पावर, माइक्रो टेक ऑटो, एचटी फाइनेंस, बजाज मोटर्स, एयर इंडिया, सैमसंग, थर्ड ऑय सर्विसेज, बीएस, योकोहामा टायर्स, माय मनी मन्या कॉन्सेन्ट्रिक्स, अनमोल बिस्किट्स, सिद्धि इंफोटेक, भगवती प्रोडक्ट्स, हाइक यदु यी सहित आदि प्रमुख है।

करियर एवं इनफार्मेशन सर्विस की निर्देशिका एम लता गौतम ने श्रम एवं रोगजार मंत्रायल के द्वारा छात्रों को रोजगार देने के लिए इस रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। विश्वेश्वर्या ग्रुप के कैंपस डायरेक्टर डॉक्टर विश्व रतन मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तरप्रदेश सरकार के अधिक से अधिक लोगो को रोजगार दिलाने के लिए उत्तर परदेश सरकार के द्वारा प्रत्येक जिले में रोजगार मेले की श्रृंखला की शुरुवात की गयी है।

कोई भी बेरोजगार युवक, युवतिया इस मेले के लिए पंजीकरण बिना किसी शुल्क के कर सकते थे। विश्वेश्वर्या इंस्टीट्यूट के सचिव सुनील जिंदल ने इस तरह के और भी आयोजन करने की बात कही। जिससे समाज के अधिक से अधिक लोगों को रोजगार दिया जा सके। उन्होंने बताया कि छात्रों को कंपनी की अनुरूप तैयार करने के लिए संस्थान की द्वारा उठाया गए कदमों की जानकारी दी। इस अवसर पर नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सभी छात्र एवं नौकरी प्राप्त करने की लिए आने वालो को भविष्य में अच्छा करने की सुबह कामना दी। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने भारत सरकार व उत्तरप्रदेश सरकार की पहल का उल्लेख किया।

साथ ही इस तरह की रोजगार मेले का आयोजन करने की लिए विश्वेश्वर्या ग्रुप को धन्यवाद भी दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा प्रत्येक जिले में इस तरह के आयोजन किए जा रहे है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार,12 फरवरी, 2023



# महरौली में तोड़फोड़ पर डीडीए व सरकार में ठनी

## आम आदमी पार्टी ने अतिक्रमण विरोधी अभियान तुरंत रोकने को कहा

## मुहिम के अंतर्गत वापस ली गई 1200 वर्गमीटर जमीन : दिल्ली विकास प्राधिकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महरौली में अतिक्रमण विरोधी अभियान के चलते व्यापक पैमाने पर की गई तोड़फोड़ के बाद दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और प्रदेश की आप सरकार आमने सामने आ गई है। जहां डीडीए द्वारा शुक्रवार को पांच दर्जन से अधिक अवैध इमारतों पर बुलडोजर चलने के बाद अतिक्रमण विरोधी अभियान शनिवार को भी जारी रहा। वहीं प्रदेश की आप सरकार के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने डीडीए से अतिक्रमण विरोधी अभियान को तत्काल रोकने को कहा है। जबकि डीडीए ने कहा कि अतिक्रमण विरोधी अभियान में करीब 1200 वर्गमीटर सरकारी जमीन वापस ली गई।

दिल्ली सरकार के अधिकारियों के कहा कि प्रदेश राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने क्षेत्र में नए सिरे से सीमांकन का आदेश दिया है। जिसके अनुसार, जब तक नए सिरे से सीमांकन नहीं हो जाता है, तबतक क्षेत्र के बाशिंदों को विस्थापित नहीं किया जा सकता। वहीं डीडीए ने दावा किया कि अतिक्रमण को हटाने के लिए राजस्व विभाग के सीमांकन को अपना आधार बनाया है।

डीडीए अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि महरौली पुरातात्विक उद्यान क्षेत्र में एक दिन पहले अतिक्रमण विरोधी अभियान में करीब 1200 वर्गमीटर सरकारी जमीन वापस ली गई। प्राधिकरण ने पुलिस सुरक्षा में शुक्रवार को यह अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अभियान का जबर्दस्त विरोध किया। वहीं डीडीए के अतिक्रमण विरोधी अभियान पर आप और भाजपा ने एक-दूसरे पर निशाना साधा। डीडीए ने शनिवार को कहा कि यह अभियान जारी रहेगा। उसने कहा कि 10 फरवरी को इस ध्वस्तीकरण अभियान के तहत अबतक डीडीए करीब 1200 वर्गमीटर जमीन अतिक्रमणकर्ताओं से वापस ली गई है तथा अतिक्रमण की गई बाकी जमीन भी वापस लेने के लिए यह अभियान जारी है ताकि उद्यान के तौर पर सभी नागरिक उसका उपयोग कर सकें।

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया था कि यह कार्रवाई अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत की गई है जो नौ मार्च तक जारी रहेगा। यह कार्रवाई दक्षिण दिल्ली के इस पुरातात्विक उद्यान में होने वाली जी 20 बैठक से एक महीने पहले की गई है।

घर से सामान तक निकालने नहीं दिया एक निवासी ने बताया कि गुरुवार रात को नोटिस मिला और शुक्रवार सुबह बुलडोजर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि अचानक कार्रवाई से लोग हैरान हैं। एक पीड़ित ने कहा कि घर में नया-नया सामान पड़ा हुआ था। हम निकालने को जा रहे थे मगर हमें निकालने नहीं दिया।



### फ्लैट की रजिस्ट्री है, बैंक ने लोन दिया फिर क्यों तोड़ रहे

*महरौली में शुक्रवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान के पीड़ितों ने कहा कि फ्लैट की रजिस्ट्री है, बैंक ने लोन दिया फिर क्यों तोड़ रहे हैं। हम लोगों ने सबकुछ वैधानिक तरीके से किया टैक्स भी दिया, फिर हमारे साथ ऐसा अन्याय किया जा रहा है। वहीं इस अभियान के विरोध में सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। सभी का एक ही सवाल था कि अबतक डीडीए कहां था, उसने अपनी आंखें क्यों बंद कर रखी थी।*

### दिसंबर में नोटिस चिपकाने का दावा



डीडीए के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले दिसंबर में नोटिस जारी किया था और लोगों को अतिक्रमण हटाओ अभियान से वाकिफ करने के लिए दीवारों पर यह नोटिस चिपकाया गया था। अदालत ने विभिन्न मामलों के सिलसिले में इस ऐतिहासिक उद्यान में अतिक्रमण का संज्ञान लिया था जहां पछले कुछ दशकों में कई लोगों ने इस क्षेत्र में पांच-पांच, छह-छह मंजिले मकान बना लिए हैं। प्राधिकरण ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस उद्यान में 55 स्मारक हैं जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, दिल्ली के पुरातत्व विभाग और डीडीए के संरक्षण में हैं।

### हमारी गलती नहीं, किसी ने कुछ बताया क्यों नहीं

पर्ल रेजिडेंसी में रहने वाले गगनदीप ने कहा कि सोसायटी का कंस्ट्रक्शन 2020 में पूरा हुआ और हमने 2021 में फ्लैट खरीदा। जब फ्लैट्स बन रहे थे, प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराई और म्यूनिसिपल टैक्स भरा तब डीडीए कहां था। हमें कसी ने कुछ नहीं बताया इसमें हमारी गलती नहीं हो सकती।

# 'डिस्कॉम से नामित सदस्यों को हटाना अवैध'

## सिसोदिया के बयान पर भाजपा ने कहा, निजी कम्पनियों के लाभ की कराई जाए सीबीआई जांच



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) बोर्ड से आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा नामित सदस्यों को हटाने के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के फैसले को शनिवार को असंवैधानिक और अवैध करार दिया। वहीं भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप सरकार के नामित सदस्यों रहते हुऐ निजी कम्पनियों को हुए लाभ की सीबीआई जांच की मांग की है। सिसोदिया ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उपराज्यपाल ने दिल्ली की चुनी हुई सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को पलटने का एक नया चलन शुरू किया है।

उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने इन आरोपों को भी खारिज किया कि अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा नियुक्त सदस्यों ने निजी डिस्कॉम (बिजली वितरण कंपनियों) को 8,000 करोड़ रुपये का लाभ पहुंचाया। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल कथित घोटाले की जांच किसी केंद्रीय एजेंसी से करा सकते हैं। दिल्ली के विद्युत विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सक्सेना का निर्णय असंवैधानिक, अवैध तथा स्थापित प्रक्रिया के विरूद्ध है।

सिसोदिया ने मतभिन्नता के आधार पर सदस्यों को हटाने के उपराज्यपाल के फैसले पर ऐतराज करते हुए कहा, मतभिन्नता प्रावधान का इस तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ऐसा करने की एक प्रक्रिया है तथा सरकार के निर्णयों को बार-बार पलटने के लिए उसका हवाला नहीं दिया जा सकता। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उपराज्यपाल संविधान एवं उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं जिसके अनुसार स्वतंत्र निर्णय लेने का उनका अधिकार तीन विषयों- पुलिस, भूमि और सेवाओं तक सीमित है। पहले उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि बोर्ड में आप नेता जस्मीन शाह समेत सरकारी मनोनीतों की जगह वरिष्ठ अधिकारियों को लाया गया है।

# जामिया हिंसा केस से जज ने खुद को अलग किया

**नई दिल्ली।** वर्ष 2019 के जामिया नगर हिंसा मामले में छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम और आसिफ इकबाल तनहा समेत अन्य नौ लोगों को हाल ही में आरोप मुक्त करने वाले दिल्ली की एक अदालत के न्यायाधीश ने निजी कारणों का हवाला देकर इसी तरह के एक मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरुल वर्मा दिसंबर 2019 में जामिया नगर में हुई हिंसा से संबंधित उस मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिसे तन्हा सहित कई अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया गया था। न्यायाधीश ने एक आदेश में कहा कि व्यक्तिगत कारणों से, यहां अधोहस्ताक्षरी इस मामले की सुनवाई से अलग हो रहे हैं। स्थानांतरित करने के अनुरोध के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, साकेत अदालत के समक्ष 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे रखा जाए।

# किशोर से 5 लड़कों ने किया कुकर्म

## सिविल लाइंस इलाके का मामला, पुलिस ने दर्ज किया पोस्को में केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में 16 वर्ष एक किशोर के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले पांच लड़कों ने कथित तौर पर कुकर्म किया। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।

मामले को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षणअधिनियम (पॉक्सो) की धारा 4 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सिविल लाइंस थाने को शुक्रवार को पांच लोगों द्वारा कुकर्म किए जाने की सूचना मिली थी।

उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचने पर पीड़ित किशोर ने बताया कि कुछ स्थानीय लड़कों ने उसका यौन शोषण किया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि पीड़ित किशोर ने पांचों लड़कों के खिलाफ शिकायत दी।

उन्होंने बताया कि पीड़ित किशोर ने पांचों लड़कों पर उसके साथ कुकर्म करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि आरोपी पिछले कुछ वर्षों से किशोर के पड़ोस में रह रहे हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आयुष मंत्रालय के आवंटन में 20% की बढ़ोतरी: सोनेवाल




सम्मेलन का शुभारंभ करते केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनेवाल व अन्य।

## यूनानी चिकित्सा दिवस पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश की पारंपरिक औषधीय चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए यूनानी चिकित्सा दिवस पर राजधानी के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनेवाल और केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू ने हकीम अजमल खान के के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। ज्ञात रहे कि 11 फरवरी को हकीम अजमल खान की जयंती को यूनानी चिकित्सा दिवस मनाया जाता है।

केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस अवसर पर कहा कि देश में पारंपरिक औषधीय प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में पिछले वर्ष की तुलना में आयुष मंत्रालय के आवंटन में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समग्र रोगी देखभाल प्रणाली को सक्षम करने के लिए पारंपरिक औषधीय प्रथाओं की विरासत को समृद्ध करने पर जो दिया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरण रिजिजू के साथ, केंद्रीय आयुष और महिला बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई कालूभाई मौजूद थे।

इस अवसर पर डॉ. अनिल अग्रवाल, सांसद, (राज्यसभा), वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, प्रमोद कुमार पाठक, विशेष सचिव, आयुष मंत्रालय, प्रो. असीम अली खान, निदेशक जनरल, सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन यूनानी मेडिसिन (सीसीआरयूएम) और डॉ. एम.ए. कासमी, सलाहकार (यूनानी), आयुष मंत्रालय मौजूद थे।

# आबकारी नीति: वाईएसआर कांग्रेस सांसद का बेटा गिरफ्तार

**ईडी की कार्रवाई**

## अदालत ने दस दिन की रिमांड पर भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में कथित अनियमितताओं की धनशोधन संबंधी जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश के ओंगोल से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने आरोपी को ईडी की दस दिन की रिमांड पर भेज दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि राघव मगुंटा को धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुक्रवार शाम को हिरासत में लिया गया।



आरोपी राघव मगुंटा

उन्हें एक स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां संघीय जांच एजेंसी उनकी हिरासत का अनुरोध करेगी। इस मामले में निदेशालय द्वारा यह नौवीं और इस सप्ताह की गई तीसरी गिरफ्तारी है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में इस मामले में पंजाब के कारोबारी गौतम मल्होत्रा को पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत हिरासत में लिया था।

गौतम मल्होत्रा पंजाब में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के पूर्व विधायक और शराब कारोबारी दीप मल्होत्रा के बेटे हैं।

इस मामले में चैरियट प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राजेश जोशी को भी इसी सप्ताह गिरफ्तार किया गया था।

एजेंसी ने आरोप लगाया है कि अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति के तहत शराब खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं और निर्माताओं का साउथ ग्रुप नामक एक समूह बनाया गया था। उसने पिछले साल सांसद से जुड़े परिसरों की तलाशी ली थी। ईडी ने अब तक इस मामले में दो आरोप पत्र दाखिल किए हैं। धनशोधन का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी के बाद बना है।

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सरकार के अन्य आबकारी अधिकारियों को सीबीआई और ईडी की शिकायतों में आरोपी बनाया गया है।

# अनुसूचित जाति-जनजाति के रिक्त पद तत्काल भरे जाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा समिति की 10 वीं बैठक 10 फरवरी 2023 को करोलबाग के विधायक विशेष रवि की अध्यक्षता में हुई। अनुसूचित जाति-जनजाति के कल्याण संबंधी समिति ने दिल्ली के सभी विभागों को अनुसूचित जाति-जनजाति के खाली पदों के बैकलॉग को साझा करने के लिए लिखा था।

बैठक में इसके अलावा विभिन्न अनुसूचित जाति/जनजाति के आरक्षित पदों की पहचान की जो केंद्र सरकार के विभागों और दिल्ली सरकार के विभागों में कई वर्षों से खाली हैं। यह भी पाया गया कि ग्रुप ए के पदों में यूपीएससी द्वारा देरी के कारण देरी हुई और ग्रुप बी के पदों पर डीएसएसएसबी के कारण देरी हुई।

# इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर फर्जी आरबीआई दस्तावेज ले जाने के आरोप में 3 गिरफ्तार

## पूछताछ करने पर जवान को रिश्वत देने का किया प्रयास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




चेन्नई जाने वाले तीन भारतीय यात्रियों को दिल्ली हवाईअड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने आरबीआई के फर्जी दस्तावेज ले जाने और इनके बारे में पूछताछ करने वाले बल के एक जवान को रिश्वत की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि यात्रियों को दिल्ली पुलिस ने जालसाजी और आधिकारिक दस्तावेज की नकल से संबंधित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है।

सीआईएसएफ के सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) हरि किशन ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे के टर्मिनल तीन पर शुक्रवार शाम यात्री की सुरक्षा जांच के दौरान भारत के राजकीय प्रतीक अशोक स्तंभ से लिए गए शेर के चिह्न, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लोगो और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास के नाम वाले एक जाली दस्तावेज के साथ संदिग्ध दस्तावेजों का पता लगाया।

सीआईएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि जब यात्रियों से इन दस्तावेज के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और उन्होंने एएसआई हरि किशन को उन्हें जाने देने के लिए तीन लाख रुपए की रिश्वत की पेशकश की।

# संक्षिप्त समाचार



पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि के अवसर पर भाजपा नेता।

### पंडित दीन दयाल की पुण्यतिथि मनाई

**नई दिल्ली।** अंत्योदय के प्रेरता एवं भाजपा की विचारधारा के पोषक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि सर्मपण दिवस के अवसर पर डीडीयू मार्ग स्थित प्रतिमा पर दिल्ली भाजपा नेताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर भाजपा के कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं दिल्ली प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के साथ वरिष्ठ नेताओं सांसद डा. हर्षवर्धन, मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय गोयल, विजेन्द्र गुप्ता, सतीश उपाध्याय, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर बिधूड़ी, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन एवं जम्मू-कश्मीर के सह प्रभारी श्री आशीष सूद समेत बड़ी संख्या में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चा एवं जिला अध्यक्षों, विधायकों, निगम पार्षदों, पूर्व महापौरों सहित कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर सभी नेताओं ने पार्टी के लिए अपनी समर्पण राशि के चैक समर्पित किए।

### प्रगति मैदान में लगेगा विटा फूड्स एक्सपो

नई दिल्ली। प्रगति मैदान में 16-19 फरवरी को विटाफूड्स का पहला एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया की मेजबानी करेगा। वैश्विक स्तर पर, वीटाफूड्स की सफलताओं का एक ही उद्देश्य है, न्यूट्रास्यूटिकल्स उद्योग को एक साथ लाना। इस एक्सपो में सभी साझेदार अपना नेटवर्क, ज्ञान को साझा करने के साथ यूरोपीय एवं एशियाई बाजारों में व्यापार कर सकते हैं। विटाफूड्स इंडिया के लॉन्च की घोषणा के अवसर पर इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर योगेश मुद्रास ने यह जानकारी दी।

### चाणक्यपुरी में होगा सेलिब्रेटिंग नॉर्थ ईस्ट का आयोजन

**नई दिल्ली।** नॉर्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनईआईएफटी) की ओर से 16वां सेलिब्रेटिंग नॉर्थ ईस्ट 17 से 19 फरवरी 2023 के बीच राष्ट्रीय राजधानी के चाणक्यपुरी के न्यू मोतीबाग क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में उत्तरपूर्व के राज्यों की विशेष सभ्यता, संस्कृति, अनोखी वेशभूषा और मनभावन संगीत पेश किया जाएगा। इससे पहले महोत्सव के 15वें संस्करण का आयोजन अमेरिका में वॉशिंगटन डीसी के रोनाल्ड रीगन इंटरनेशनल बिल्डिंग एंड ट्रेड सेंटर में किया गया था। 16वें सेलिब्रेटिंग नॉर्थ ईस्ट का उद्घाटन केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन, जलमार्ग और आयुष मंत्री मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के साथ केंद्रीय कपड़ा और रेलवे राज्य मंत्री दर्शना जरदोष करेंगी।

### युवाओं को जागरुक करेगी खाप: रणबीर खत्री



**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में लववंशी खाप पंचायत का आयोजन किया गया। लववंशी खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर खत्री की अध्यक्षता में हुई इस पंचायत में 30 मार्च रामनवमी के दिन विशेष समारोह करने का फैसला लिया गया। खत्री ने बताया कि 30 मार्च को होने वाले विशेष समारोह का उद्देश्य युवाओं को जागरूक करने का रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान खाप पंचायत का काम समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों के साथ-साथ युवाओं में नशा मुक्ति व मोबाइल पर ज्यादा समय नष्ट करने संबंधित अन्य सामाजिक समस्यों के लिए जागरुकता लाने का रहेगा। खत्री ने बताया कि इसके अलावा 2022-23 में समाज के उत्कृष्ट खिलाड़ियों व उच्च पदस्थ युवाओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा। और खेलों व पढ़ाई के प्रति युवाओं को जागरूक किया जाएगा।

# जी-20 खाद्य महोत्सव में लजीज व्यंजनों ने लोगों को लुभाया

## केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किया महोत्सव का उद्घाटन, पहले दिन पहुंचे सैकड़ों लोग



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में खाने के शौकीनों को देश और दुनिया के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाने का मौका मिला। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी मामलों तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने तालकटोरा स्टेडियम में विश्व का स्वाद और अंतराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष की थीम पर एनडीएमसी जी20 अंतरराष्ट्रीय फूड फेस्टिवल का उद्घाटन किया।

हरदीप पुरी ने बताया कि यह न केवल एनडीएमसी का जी20 फूड फेस्टिवल है, बल्कि देश का फूड फेस्टिवल भी है। यह देखकर अच्छा लगा कि कैसे दुनिया बाजरे को अपने दैनिक जीवन में बतौर पोष्टिक आहार शामिल कर रही है।

पुरी ने जी20 सचिवालय, एनडीएमसी, प्रतिभागी देशों, राज्यों, होटलों और अन्य आउटलेट्स के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के विषय को बढ़ावा देने के लिए इस बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया, जो हमारे भोजन में मोटे अनाज के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएगा।

उन्होंने कहा कि यह भारत सरकार द्वारा योग को बढ़ावा देने जैसा एक महत्वपूर्ण कदम है, मुझे आशा है कि मोटे अनाज भी दैनिक दिनचर्या में स्वस्थ भोजन की आदतों के लिए एक जन आंदोलन बन जाएगा। ज्ञात हो कि इसके लिए 43 स्टॉल लगाए गए हैं, सुरक्षा के उचित इंतजाम किए गए हैं। जी20 समूह में शामिल चार देश चीन, तुर्किए, जापान और मैक्सिको महोत्सव में भाग ले रहे हैं।

महोत्सव में आने वाले लोग 14 भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों - गुजरात, तमिलनाडु, तेलंगाना, दिल्ली, बिहार, पंजाब, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, मणिपुर और मेघालय के व्यंजनों का भी आनंद ले सकेंगे। ताज पैलेस, ताजमहल, द कनॉट, ताज एंबेसडर्स, ली मेरिडियन, आईटीसी मौर्य और द पार्क सहित 11 से अधिक होटल इस दो दिवसीय महोत्सव में अपने विशिष्ट व्यंजन पेश करेंगे।

### बाजरे से बने व्यंजन और स्नेक्स

महोत्सव में बाजरे से बने व्यंजन और स्नेक्स को लोगों ने खूब स्वाद लिया। भारत के विभिन्न राज्य अपने मोटे अनाज के व्यंजनो, उत्पादों और लाइव कुकिंग के साथ भाग ले रहे हैं। महोत्सव में सरकारी आयोजनों, कैंटीनों और किचन में मोटे अनाज के उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। एनडीएमसी अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री द्वारा जी 20 कार्यक्रमों में लोगों की सक्रिय भागीदारी के आह्वान के अनुसार, फूड महोत्सव का आयोजन अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष के साथ-साथ जी20 सहयोग, जन भागीदारी की भावना को बढ़ावा देने के लिए किया है।

# स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज सफाई कार्य करने वाली एजेंसी को लेना होगा संतुष्टि पत्र

## स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज सफाई कार्य की निगरानी प्रक्रिया को किया जाएगा अधिक मजबूत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम नगर निगम अधिकारियों की बैठक लेते निगमायुक्त।

**स्ट्रॉम** वाटर ड्रेनेज सफाई कार्य की निगरानी प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। इसके लिए स्थानीय आरडब्लयूए तथा नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्थानीय नागरिकों की गठित कमेटी की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही ड्रेनेज सफाई करने वाली एजेंसी को आरडब्ल्यूए या कमेटी से संतुष्टि-पत्र लेना अनिवार्य किया जाएगा। यह बात नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा ने इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों की बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकारी अभियंता स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज की सफाई से संबंधित एस्टीमेट व टेंडर प्रक्रिया मार्च तक पूरी कर लें, ताकि अप्रैल माह में ड्रेनेज सफाई का कार्य शुरू किया जा सके। सभी कार्यकारी अभियंता यह भी सुनिश्चित करेंगे कि जलभराव की समस्या के समाधान संबंधी सभी व्यवस्थाएं पुख्ता कर ली गई हैं। अगर इसके बावजूद भी जलभराव होता है, तो संबंधित कार्यकारी अभियंता के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार ड्रेनेज सफाई करने वाली एजेंसी भी अगर कार्य में कोताही बरतती है, तो उस पर भारी जुर्माना लगाने के साथ ही उसे ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई होगी।

**जीएमडीए, एमसीजी व एनएचएआई की टीम करेगी निरीक्षण :** निगमायुक्त ने कहा कि जलभराव से संबंधित क्षेत्रों का गुरूग्राम महानगर विकास प्राधिकरण, नगर निगम गुरुग्राम व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की संयुक्त टीम पूर्व निरीक्षण करेगी तथा अपनी-अपनी जिम्मेदारी अनुसार वहां पर समाधान के उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या के समाधान के लिए संयुक्त रूप से कायज़ किया जाएगा, ताकि किसी भी क्षेत्र में परेशानी ना हो।

**मैनपावर व मशीनरी के करें पुख्ता प्रबंध :** नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि बरसात के समय लगाई जाने वाली मैनपावर व मशीनरी के पुख्ता प्रबंध बरसात आने से पूर्व ही कर लिए जाएं। इसके लिए आवश्यक टेंडर व वर्क अलॉटमेंट प्रक्रिया अभी से ही कर लें। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन स्थानों पर मैनपावर व मशीनरी लगाई जाएगी, वो अपनी पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करें।

**रेनवाटर हारवैस्टिंग सिस्टमों को करवाएं चालू :** निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौजूदा रेनवाटर हारवैस्टिंग सिस्टमों की सफाई आदि करवाकर उन्हें बरसात आने से पूर्व चालू करवाएं। उन्होंने रेनवाटर हारवैस्टिंग के यूनिक नंबर सहित सूची बनाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

# अनुशासन के साथ कर्म की भावना जगाते हैं एनसीसी व एनएसएस : डा. डीपी गोयल

## युवाओं में समाजसेवा की भावना का संचार कर रहा द्रोणाचार्य महाविद्यालय

## सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरुकता में भी महाविद्यालय अग्रणी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी, एनएसएस के संयुक्त शिविर में पहुंचे डा. डीपी गोयल।

**रेलवे** सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने कहा कि हमारे देश की आधी से ज्यादा आबादी युवाओं की है। युवाओं ने हर क्षेत्र में झंडे गाड़े हैं। युवाओं को लेकर सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरुकता का कार्य द्रोणाचार्य महाविद्यालय सदा अग्रणी रहता है। यह बात उन्होंने शनिवार को द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी व एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में कैंप में कही।

डा. डीपी गोयल ने महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वीरेंद्र अंतिल समेत सभी प्राध्यापकों, विद्यार्थियों को इस शिविर की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों से ही युवाओं को एक दिशा मिलती है। स्कूलों में प्रारंभिक शिक्षा लेने के बाद कालेज में युवाओं का चरित्र निर्माण होता है। शिक्षक हर कदम पर विद्यार्थियों को अच्छे-बुरे का बोध कराता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने संदेश में कहा कि उच्च शिक्षा में पूरी तरह से एकाग्रचित और गंभीर होना चाहिए। यहां हमारे भविष्य का निर्माण हो रहा है। हमें अपने रुचिकर विषयों में पढ़ाई करके खुद को देश में योगदान के लिए तैयार करना है।

डा. डीपी गोयल ने यह भी कहा कि युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करने में एनएसएस की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। यह इकाई समाजसेवा की भावना भी पैदा करती है। अनुशासन में रहकर समाज को कुछ देना ही हमारा कर्म होना चाहिए। मुख्य अतिथि कर्नल दिनेश ढींगरा ने कहा कि यह जरूरी नहीं कि सभी छात्र पढ़कर नौकरी ही करें। इन्हीं छात्रों में कल के बिजनेसमैन भी हैं। नेता भी हैं और अभिनेता भी हैं। महाविद्यालय का बेहतर माहौल है। शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास पर यहां विशेष ध्यान दिया जाता है। ऐसे माहौल का हर विद्यार्थी लाभ उठाए, ताकि अपने जीवन में कामयाबी की सीढ़ी चढ़ने में कोई कठिनाई ना हो। इस अवसर पर प्रो. नीलमणि गौड़, डॉ. आरके शर्मा, सीमा, अशोक, समाजसेवी पारस बक्शी, जय बक्शी समेत अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे।

# तावडू मार्ग के गड्ढों पर चढ़ने लगा राजनीतिक रंग

## दुकानदारों के रोजगार ठप होने के साथ-साथ स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा प्रभाव

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना के अंबेडकर बाईपास चौक से तावडू जाने वाले मार्ग पर बने गड्ढे।

**शहर** के अग्रसैन तिकोना चौक के साथ सड़क पर बने गड्ढ़ों को भरने में एक तरफ लोक निर्माण विभाग कोताही बरतने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। वहीं दूसरी सड़क में बने गड्ढ़ों पर राजनीतिक रंग चढ़ने लगा है। जबकि सड़क के साथ-साथ बैठे दुकानदारों को रोजगार ठप होने के साथ-साथ स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

शहर के अंबेडकर बाईपास चौक से तावडू जाने वाले मार्ग के करीब 600 मीटर की दूरी में बने गहरे गड्ढ़ों को भरने के लिए लोक निर्माण विभाग ने करीब 20 दिन पहले 15 फरवरी से कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया था। लेकिन सड़क के बीच गड्ढ़े भरे जाने को लेकर कोई भी गतिविधि नजर नहीं आ रही है। सड़क के दोनों तरफ बैठकर करीब 50 दुकानदारों में एक बार फिर से रोष पनपने लगा है। दुकानदारों की सड़क से उड़ती धूल ने खाना तो दूर एक-एक पल की सास लेना भी मुश्किल कर दिया है। लोक निर्माण विभाग की गाड़ी 24 घंटा में एक या दो बार ही धूल को दबाने के लिए पानी का छिड़काव करती है। यह नमी चंद घंटों में सूख जाती है, क्योंकि इस मार्ग पर 24 घंटा में 8 से 10 हजार वाहन गूजरते है।

**गड्ढ़ों में राजनीति का रंग :** एक तरफ जहां तावडू मार्ग पर बने गड्ढ़ों को भरने में लापरवाही बरती जा रही है। वहीं दूसरी और अब इन गड्ढ़ों को राजनीति रंग दिया जाने लगा है। इस रंग को चढ़ाने वाले एक मार्च से तावडू-सोहना मार्ग पर बैठकर धरना देने की घोषणा कर रहे हैं। जबकि लोक निर्माण विभाग के 15 फरवरी से सड़क निर्माण का कार्य शुरू करने का दावा करते हुए थक नहीं रहे हैं। अधिकारी भी आश्वासन देने में एक मिनट लगाते है। अधिकारियों के इस आश्वासन को भरोसा कहे या राजनीति रंग माना जाए।

# इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाएंगे श्री श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के छात्र

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रोजेक्ट का शुभारंभ करते श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू व साथ में अन्य अधिकारी।

**श्रीविश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय अपने नवाचार को स्वावलंबन का आधार बनाएगा। विवि के विद्यार्थियों ने परिसर में चलने वाले इलेक्ट्रिक व्हीकल को खुद तैयार करने का संकल्प लिया है। रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन विभाग के विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिकल व्हीकल प्रोजेक्ट का शुभारंभ कर दिया है। विवि के अंदर प्रयोग करने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल विवि परिसर में ही बन कर तैयार होगा। इसे एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में देखा जा रहा है।

विवि के कुलपति राज नेहरू ने इन छात्रों को इस प्रोजेक्ट पर काम करके एक ऐसा इलेक्ट्रिक व्हीकल तैयार करने का निर्देश दिया है, जिससे विवि को अंदर यातायात के रूप में प्रयोग किया जा सके। कुलपति राज नेहरू ने इस मौके पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नवाचार श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। विवि की बहुत सारी आवश्यकताओं को हम अपने विद्यार्थियों के नवाचार के साथ पूरा करेंगे। इसी क्रम में इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने की शुरुआत की गई है। राज नेहरू ने कहा कि आने वाले सत्र से पहले यह व्हीकल बनकर तैयार हो जाएगा और परिसर की आंतरिक यातायात व्यवस्था इसी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट को प्रारंभ करते समय ईस्ट वेस्ट कंपनी के प्रबंधक निदेशक अरविंद कौल और राज्यपाल के प्रतिनिधि प्रोफेसर विजेंद्र नेहरा और विवि के कुलपति से राज नेहरू, कुलसचिव प्रोफेसर आरएस राठौड़, उप कुलसचिव डॉक्टर ललित शर्मा, सह कुलसचिव डॉक्टर राजेश कुमार, प्रोफेसर सुरेश कुमार, प्रोफेसर रंजीत सिंह उपस्थिति थे। ईस्ट वेस्ट कंपनी के प्रबंध निदेशक ने छात्रों को सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से छात्रों के अंदर क्रिएटिविटी, प्लानिंग, रिसर्च, डिजाइनिंग आदि की भावना का जागरण होगा। छात्रों ने भी बताया कि वह यह प्रोजेक्ट कम से कम खर्च में अधिक से अधिक सामान स्क्रेप से लेकर पूरा करेंगे। इसके तहत विवि के स्किल असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कृष्णा दयाल शुक्ला, स्किल इंस्ट्रक्टर संसबीर डागर, स्किल असिस्टेंट प्रोफेसर गौरव के दिशा-निर्देश मे इस प्रोजेक्ट पर रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन अंतिम वर्ष के छात्र सूरज, साहिल चंदौरा, अनिल शर्मा, दुनी चंद, अनंत, जतिन पाल कार्य करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन चोरियों में 45 हजार रुपये, ट्रांसफार्मर व तार चोरी हुआ

**सोहना।** सोहना सदर व भोंडसी थाना क्षेत्र में हुई तीन अलग-अलग चोरी की घटनाओं में बिजली का ट्रांसफार्मर समेत दुकान का सामान, 45 हजार रुपये की नकदी और गाड़ी का साइलेंसर चोरी हो गया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। खंड के गांव सांचौली में किसानों के ट्यबवेल को बिजली आपूर्ति के लिए जा रही लाइन पर लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर 29 जनवरी को चोरी हो गया। इसके साथ-साथ चोरों ने 6 पोल पर लगी तारों को भी काटकर ले गए। इस चोरी से लाइन से जुड़े चार किसानों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिसके कारण किसानों की गेहूं और सरसों की फ़सल बरबाद होने के कगार पर है। स्थानीय गांव की बीपीएल कॉलोनी में रहने वाले वहीद ने सदर थाना पुलिस को बताया कि वह दस दिन से अपने घर पर नहीं था। उसके पड़ोसी दीपक ने गुरुवार की रात करीब 11 बजे फोन पर बताया कि उसकी दुकान का शटर आधा उठा हुआ है। उसने मौके पर जाकर देखा तो दुकान का सामान, इंवेटर, बेट्री, गैस सिलेंडर, वोल्टेज, बर्तन तथा 45 हजार रुपये की नकदी चोरी हो गए। भोंडसी की कृष्णा कुंज कॉलोनी निवासी कृष्ण शर्मा ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी को घर के सामने खड़ा हुआ है। गाड़ी को उसने करीब 20 दिन से चलाया नहीं था। शुक्रवार को वह गाड़ी से कहीं जा रहा था। जैसे ही उसने गाड़ी को इस्टाट किया। एक दम से जोरदार आवाज आई और वह आवाज को सुनकर हैरान हो गया। उसने गाड़ी के नीचे झुककर देखा तो उसका साइलेंसर गायब था। एसडीओ बिजली निगम लियाकत अली ने बताया कि बिजली का ट्रांसफार्मर व 6 पोल से लाइन की तारें चोरी होने से निगम को 2 लाख 21 हजार रुपये आर्थिक नुकसान हुआ। किसानों की बिजली आपूर्ति ठप से फ़सल को भारी नुकसान।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी के प्रयास आवश्यक: पीसी मीणा



**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा से विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों की इको सेवियर्स टीम ने मुलाकात करके डीएलएफ फेज-1, 2, 3 व 4 क्षेत्र में लगभग 650 पेड़ों के साथ कंक्रीट पेवर गलत तरीके बनाने संबंधी रिपोर्ट सौंपी। इको सेवियर्स ने इस कंक्रीट पेवर को हटवाने का अनुरोध किया। निगमायुक्त ने इको सेवियर्स टीम के सदस्यों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट की सराहना की तथा कहा कि उन्हें यह जानकर अच्छा लगा कि विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण के प्रति कितना गंभीर है। पेड़ों के साथ कंक्रीट पेवर बनाने के कारण पेड़ों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता, जिससे धीरे-धीरे पेड़ सूख सकते हैं। विद्यार्थियों ने इसे अपना नैतिक दायित्व समझते हुए जो रिपोर्ट तैयार की है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर होना चाहिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित नगर निगम के इंजीनियरों को निर्देश दिए कि वे विद्यार्थियों द्वारा उपलब्ध करवाई गई इन 650 पेड़ों की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए 15 दिन के भीतर पेड़ों को कंक्रीट पेवर से आजाद करवाएं। उन्होंने इको सेवियर्स टीम के सदस्यों से कहा कि वे कार्य पूरा होने के बाद अपना फीडबैक उन्हें जरूर उपलब्ध करवाएं। निगमायुक्त ने इको सेवियर्स टीम को उनके द्वारा वाईल्ड लाईफ फोटोग्राफी के तहत बनवाए गए कैलेंडर भी भेंट किए।

# अलीपुर में बने कंट्रोल रूम से राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली-वडोदरा पर रहेगी नजर

## मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर बने कंट्रोल रुम का करेंगे निरीक्षण

एन. रोहिल्ला। सोहना



गुरुग्राम-सोहना मार्ग के गांव अलीपुर में बना दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस वे राष्ट्रीय मार्ग के परिवहन गतिविधियों को कंट्रोल केन्द्र।

**प्रदेश** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर एक साथ 13 किलोमीटर राष्ट्रीय मार्ग का निरीक्षण करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर अलीपुर में बना मुम्बई टर्विनल पर बना कंट्रोल रुम का औचक निरीक्षण करेंगे।

रविवार को दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस वे राष्ट्रीय मार्ग का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान के दौसा से पहले चरण में तैयार 230 किलोमीटर मार्ग का उद्घाटन करेंगे। जिसको लेकर गुरुग्राम के गांव अलीपुर में बना मुम्बई टर्विनल पर जोरदार तैयारियां चल रही है। एलिवेटेड मार्ग पर अलीपुर में बना कंट्रोल रुम का प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी रविवार की सुबह औचक निरीक्षण करेंगे। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार की सुबह हवाई यात्रा करते हुए सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में हेलीकॉफ्टर से उतरेंगे। यहां से मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से मुम्बई टर्विनल तक पहुंचे।

**13 किलोमीटर होंगे साथ-साथ :** प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी मुम्बई टर्मिनल से एक ही गाड़ी में बैठकर जिला नूंह के गांव हिलालपुर में बना एक्सप्रेस वे के पहले टोल प्लाजा पर 13 किलोमीटर सड़क मार्ग से पहुंचे। जहां से मुख्यत्री और केन्द्रीय मंत्री एक साथ हेलीकॉफ्टर से राजस्थान के दौसा पहुंचे।

**78 किलोमीटर का होगा कंट्रोल :** दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस वे राष्ट्रीय मार्ग के शुरुआती 78 किलोमीटर तक पलवल की गतिविधि को कैद करने के लिए 78 सीसीटीवी कैमरे लगाएं गए हैं। जिनका कंट्रोल अलीपुर में बना कंट्रोल रूम से होगा। एक्सप्रेस वे पर उच्च क्वालिटी वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिनसे रात के अंधेरे में भी एक किलोमीटर के बीच साफ नजर आएगा। सीसीटीवी कैमरे मार्ग के दोनों तरफ लगाएं है।

# पीएम प्रशिक्षु रोजगार मेला : 60 कंपनियां देंगी 1500 युवाओं को रोजगार

## देश और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आवेदन मांगे

पायनियर समचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** आईटीआई में सोमवार को प्रदेश स्तरीय प्रधानमंत्री प्रशिक्षु रोजगार मेला में करीब 60 कंपनियों ने आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने की घोषणाएं की है। ये सभी 60 कंपनियां करीब 1500 विद्यार्थियों को रोजगार देंगी।

सोमवार को आईटीआई में होने वाला प्रधानमंत्री प्रशिक्षु रोजगार मेला आयोजन में करीब 60 अलग-अलग प्रदेश, देश व अंतरराष्ट्रीय स्तरीय कंपनियों ने विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आवेदन मांगे हैं।

इस मेले में सभी कंपनियों से 1500 के लगभग बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की बात कही है। ये कंपनियां जिला नूंह, गुरुग्राम, रेवाड़ी आदि स्थानों पर चल रही है। इस प्रदेश स्तरीय प्रधानमंत्री प्रशिक्षु रोजगार मेला में राज्य के सभी जिलों से आईटीआई पास आउट युवाओं को बुलाया गया है।

आईटीआई सोहना की प्रधानाचार्य सोनिका तक्षक ने बताया कि सोमवार को पहली बार स्थानीय आईटीआई में प्रधानमंत्री प्रशिक्षु रोजगार मेला का योजना प्रदेश स्तर पर किया जा रहा है। इस प्रकार के मेले रोजगार प्राप्ती के अवसर बहुत ही कम मिलते है। प्रदेश व केन्द्र सरकार बेरोजगार युवाओं का रोजगार उपलब्धता के अधिक से अधिक अवसर तलाश रही है। ताकि शिक्षा प्राप्ति युवाओं को तुरन्त प्रभाव से रोजगार मिल सके।

# फाइनैंसिपियर अब होगा 'लियो-1'

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ / देहरादून




**भारत** के जाने-माने एड्यु-फिनटेक स्टार्ट-अप फाइनैंसपियर ने अपने ब्राण्ड को 'लियो-1' के रूप में नई पहचान दी है। ब्राण्ड की यह नई पहचान कंपनी के ऐसे बदलाव को दर्शाती है जहां यह फीस के लिए फाइनैंस करने वाली कंपनी से आगे बढ़कर शिक्षा को सशक्त बनाने वाली कंपनी बन गई है। अभावी दृष्टिकोण के साथ अपने सभी हितधारकों को प्रासंगिक, तर्कसंगत एवं विभेदित समाधान उपलब्ध कराते हुए ऐसी शिक्षा प्रणाली के निर्माण के लिए प्रयासरत है जो बहु-आयामी रूप से फायदेमंद होगी। 'लियो-1' के रूप में यह बदलाव ब्राण्ड को पहले से अधिक मजबूत, आधुनिक एवं अधिक स्वतन्त्र संस्थान के रूप में स्थापित करता है, जिसकी देश भर में सशक्त मौजूदगी है। रीब्राण्डिंग के ज़रिए कंपनी एक ऐसे फाइनैंशियल इकोसिस्टम का निर्माण करेगी, जो शिक्षा उद्योग को फाइनैंशियल सहयोग प्रदान करने एवं आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार लाने पर ध्यान केन्द्रित करेगा।

इस अवसर पर रोहित गजभिए, फाउंडर और एमडी, लियो-1 ने कहा, "अपनी शुरूआत से ही हमारी यात्रा बेहतरीन रही है। हमने अपने आप को एक प्रभावी संगठन के रूप में विकसित कर समाज की सबसे महत्वपूर्ण बुनियाद, शिक्षा को सशक्त बनाया है। उद्योग जगत में अपना प्रभुत्व स्थापित करने के बाद, अब समय आ गया है कि हम एक नए मार्ग की ओर रुख करें और एक नई पहचान को अपनाएं, जो शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए हमारे मूल्यों एवं प्रतिद्धता को बेहतर दर्शाती है। अपने प्रयासों के ज़रिए हम इनोवेशन्स पर ध्यान केन्द्रित करते हुए शिक्षा को सुलभ बनाकर नवभारत के निर्माण की दिशा में प्रयासरत हैं। हम अपने टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म एवं प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के विस्तार, शिक्षा-संस्थान की साझेदारियों को सशक्त बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पहुंच बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं, ताकि हम ज़्यादा से ज़्यादा छात्रों, खासतौर पर लड़कियों को सशक्त बनाने में योगदान दे सकें।"

# आर्या वैद्य ने अपनी नवीनीकृत दिल्ली शाखा को फिर से लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**दिल्ली** में आर्यावैद्य फार्मेसी (एवीपी) का नवीनीकरण कंपनी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे साफ है कि एवीपी गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक देखभाल एवं उपचार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

1940 के दशक से व्यापक आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराते हुए एवीपी ने डॉक्टरों, सेल्स एवं डिस्ट्रीब्यूशन टीम का राष्ट्रव्यापी नेटवर्क स्थापित किया है तथा 'गुणवत्तापूर्ण देखभाल' एवं 'शुद्ध थेरेपी' के साथ विशेष प्रतिष्ठा अर्जित की है। पिछले सालों के दौरान, एवीपी आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादक से आगे बढ़कर शीर्ष पायदान के उपचार केन्द्र, शैक्षणिक संस्थान एवं आयुर्वेदिक उपकरणों के निर्माता के रूप में उभरा है। यही कारण है कि कंपनी के उत्पाद और सेवएं आज आयुर्वेदिक चिकित्सकों के लिए आसानी से सुलभ हैं। 60 सालों तक दिल्ली को अपनी सेवाएं प्रदान करने के बाद अब एवीपी ने अपनी सेवाओं को और भी बेहतर, सुलभ एवं पारदर्शी बनाने के लिए अपना नवीनीकरण किया है। दिल्ली में स्थित कंपनी की नई युनिट का उद्घाटन आयूष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा द्वारा किया जाएगा, इस अवसर पर ***MARBISM*** एवं ***NCISM*** के अध्यक्ष वैद्य श्री रघुराम भट्टा भी मौजूद रहेंगे जो सभा को सम्बोधित करेंगे। एवीपी के अधिकारी एवं उद्योग जगत के दिग्गज भी उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेंगे। एवीपी-की दिल्ली शाखा प्लॉट नंबर 8ए/ 51, डब्ल्यू.ई.ए. चन्ना मार्केट, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005 पर स्थित है।

# टेक्नो ने लॉन्च किया फैंटम एक्स-2 प्रो

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ



**अग्रणी** वैश्विक स्मार्टफोन दिग्गज टेक्नो अपने रचनात्मक मार्केटिंग अभियान फैंटम पायनियर्स के साथ भारतीय पायनियर्स को सामने लाया है और अपने नए फैंटम एक्स 2 प्रो के साथ उनका जश्न मना रहा है। नया स्मार्टफोन फ्लैगशिप सेगमेंट में एक गेम-चेंजर है और इसकी हालिया शुरुआत के साथ ब्रांड ने भारत में प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में प्रवेश किया है।

टेक्नो काफलसफा स्टॉप एट नथिंग आंतरिक बढ़ती ताकत का एक रूपक है और यह असाधारण लोगों का जश्न मनाने पर अभियान के फोकस के अनुरूप है। वीडियो की एक श्रृंखला केमाध्यम से सामाजिक अभियान में मसाबा गुप्ता, जेरेमी लालरिनुंगा, आदित्य सील, शर्लीसेतिया, शिवेश भाटिया और राज अभिनव सहित उद्योग के पायनियर्स की यात्रा को दिखायागया है, जिन्होंने अपनी कहानियों को सामान्य से प्रेरणा तक प्रकट किया। इस अभियान के प्रकाश में, जिसका उद्देश्य स्मार्टफोन अनुभव को फिर से परिभाषित करनाहै, टेक्नो ने जी क्यू के सहयोग से एक आकर्षक कार्यक्रम पायनियर पावर फेस्ट की मेजबानी की, जो सभी शैलियों से समान विचारधारा वाले इनोवेटर्स के एक समुदाय का निर्माण कर रहा है। यह कार्यक्रम अपनी तरह का अनूठा आयोजन था और इस कार्यक्रम में हर्षवर्धन कपूर, मसाबा गुप्ता, रोहित सराफ, ताहिर राज भसीन, अहाना कुमरा केसाथ-साथ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और टेक के प्रति उत्साही सहित कई ए-लिस्टहस्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में फैंटम एक्स 2 प्रो और प्रसिद्ध भारतीयपायनियर्स के बीच सामान्य तालमेल पर प्रकाश डाला गया, जो अपने-अपने क्षेत्रों में गति स्थापित कर रहे हैं। अभियानके बारे में विस्तार से बात करते हुए, टेक्नो मोबाइल के सीईओ अरिजीत तालपात्रा नेकहा, पायनियर पावर फेस्ट, प्लेटफॉर्म हमारे लिए बेहद खास है क्योंकि हम आपके सामने फैंटम एक्स 2 प्रो पेश करते हैं, जो अपने मूल में इनोवेशन के साथ एक गेम-चेंजर है। अद्भुत पोर्ट्रेट के लिए दुनिया का पहला फोन जो रिट्रैक्टेबल कैमरा के साथ आता है। यह विचार उन उपयोगकर्ताओं की बढ़ती संख्या को प्रीमियम अनुभव प्रदान करना है जिनकेस्मार्टफोन चलते-फिरते पेशेवर तस्वीरें लेने के लिए उनके प्राइमरी गैजेट के रूपमें काम करते हैं।

स्मार्टफोन उन्नत तकनीक और अभूतपूर्व सुविधाओं के साथ विशिष्टरूप से तैयार किए गए डिजाइन का सही समामेलन है। फ़ोन में अब तक के सबसे शक्तिशालीस्मार्टफोन चिपसेट में से एक मीडिया टेक डाइमेंसिटी 9000 5जी चिपसेट है।

# मेला : 786 नम्बर स्टॉल पाकर खुश हैं शमीम अहमद

**कविता।** फरीदाबाद

### स्टॉल पर शमीम कर रहे है, पुश्तैनी हैंडलूम और पावर लूम वर्क के कपड़ों की बिक्री

**अंतरराष्ट्रीय** सूरजकुंड मेले में पिछले दो साल से बनारस के शमीम अहमद को स्टॉल नम्बर 786 मिल रहा है। इस मेले में देश-विदेश से आए हस्तशिल्पियों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए हुए हैं। शिल्पकार शमीम अहमद ने हैंडलूम के ज्यादा और पावर लूम के कम कपड़ों का स्टॉल लगाया है। शमीम ने खुद को किस्मत का धनी मानते हुए कहा है पिछले दो साल से उन्हें मेले में स्टॉल नम्बर 786 ही मिला रहा है। जोकि उन पर खुदा की मेहरबानी है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 786 को लकी नम्बर माना जाता है और इस बार भी उन्हें यह नम्बर अल्लाह की मेहरबानी से ही मिला है। मूलरूप से बनारस के निवासी शमीम


मेले में मौजूद स्टॉल नम्बर 786।

अहमद ने बताया कि यह सब काम उनके पुरखों के जमाने से चल रहा है। पुराने समय में यह हैंडलूम का ही व्यवसाय था। वह पिछले करीब 50 साल से अपने शौक के कारण इस पारिवारिक बिजनेस को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह हैंडलूम को ज्यादा और पावर लूम को कम बढ़ावा अपने इस व्यवसाय में दे रहे हैं।

**हैंडलूम के जरिये बढ़ा रहे बिजनेस**

शमीम ने बताया कि इस बार वह मेले में बनारसी, मूंगा, कतान जोकि आजकल काफी चलन में हैं, इनसे बनी साड़ी, सूट, दुपट्टा, फैबरीक इत्यादि लेकर वे इस बार मेले में आए हैं। उनके स्टॉल पर 1500 से 65 हजार रुपये तक की साड़ी मौजूद है। उन्होंने बताया कि एक हजार से 2500 रुपये तक के दुपट्टे उनके स्टॉल पर लोगों को भा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले करीब छह साल से मेले में लगातार आ रहे हैं। मेले में उन्होंने चार से पांच लाख रुपये तक का बिजनेस हर साल किया है। लेकिन इस बार अभी तक बिक्री काफी कम हो रही है। लेकिन शनिवार को उनकी कुछ बिक्री हुई है, जिससे लगता है कि आने वाले दिनों में बिक्री बढ़ने और बढ़ सकती है।

# एक्सप्रेस वे पर हुई छात्र की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### बाकी आरोपियों की तलाश जारी जल्द किया जाएगा गिरफ्तार

### आरोपियों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई कर सख्त सजा दिलवाई जाएगीः सीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**गांव** भनकपुर के निकट मुम्बई बड़ौदरा एक्सप्रेस वे के अंडरपास में गत मंगलवार को स्कूली छात्र की चाकू से गोद कर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अन्य आरोपी फरार हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें छापेमारी कर रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस घटना को लेकर मृतक परिजनों में गहरा रोष व्याप्त है। जिसे लेकर मृतक के परिजनों ने पुलिस आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन भी किया था। जिस पर पुलिस आयुक्त ने क्राइम ब्रांच को तेजी के साथ कार्रवाई करने के आदेश दिये थे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए आरोपी का नाम सचिन पुत्र गोपाल है, 20 वर्षीय आरोपी प्याला गांव का रहने वाला है। आरोपी ने अभी आरएल स्कूल से 12वीं कक्षा पास की है। जबकि मृतक विपिन तेबतिया छात्र रावल इंटरनेशनल स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ता था। सात फरवरी को आरोपी ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर विपिन की हत्या कर दी थी। पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर सेक्टर 58 थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने मामले में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। आरोपियों की धरपकड़ के लिए क्राइम ब्रांच की नौ टीमें लगाई गई थी। जो डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के मार्ग दर्शन में लगातार आरोपियो की तलाश मे संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी।

काफी मशक्कत के बाद क्राइम ब्रांच ने सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को काबू कर लिया। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र विपिन से किसी बात पर आरोपी का विवाद हो गया। जिसे लेकर आरोपी को बहुत गुस्सा आया और उसने तैश में आकर अपने साथियों के साथ मिलकर छात्र विपिन की हत्या कर दी। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और उसके कब्जे से वारदात में उपयोग धारदार हथियार बरामद किए जाएंगे। मामले में शामिल आरोपी के अन्य साथियों के बारे में जानकारी प्राप्त करके उनकी धरपकड़ की जाएगी।


हथियार लहराते हुए भाग रहे हत्यारोपी।


हत्या के बाद भाग रहे आरोपियों का फाइल फोटो।


मुख्यारोपी सचिन का फोटो।

# रोडरेज में ऑटो चालक की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

### कार में स्क्रेच आने पर ऑटो चालकी की ले ली जान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने शिव दुर्गा विहार में गुरुवार की रात हुए रोडरेज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ऑटो मामूली रूप से टकराने के बाद कार सवार ने चालक की जमकर पिटाई कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया था।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विवेक शिव दुर्गा विहार का ही रहने वाला है। आरोपी की उम्र 27 वर्ष है और वह प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। सूरजकुंड थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी ने 45 वर्षीय ऑटो चालक ब्रजकिशोर की पीटकर उसकी हत्या कर दी थी। थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गुरुवार की रात आरोपी अपने परिवार के साथ गाड़ी में जा रहा था। रास्ते में आरोपी की गाड़ी ब्रजकिशोर के ऑटो से टकराई। जिससे गाड़ी पर थोड़े स्क्रेच पड़ गए। आरोपी गाड़ी से उतरकर आया और जैसे ही उसने गाड़ी पर लगे स्क्रेच को देखा तो उसे गुस्सा आ गया। उसने ब्रजकिशोर को पीटना शुरू कर दिया। उसने ब्रजकिशोर के थप्पड़ व घूसे मारे। लात घूसे लगने की वजह से ब्रजकिशोर बेसुध हो गया। जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जिसमें आरोपी के कब्जे से वारदात में उपयोग गाड़ी बरामद की जाएगी।


पुलिस गिरफ्त में ऑटो चालक की पीटकर हत्या करने वाला आरोपी विवेक

# वरिष्ठ पत्रकार पवन जाखड़ का देहांत अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसमूह

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** के प्रसिद्ध एवं वरिष्ठ पत्रकार पवन जाखड़ का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार रात को सेक्टर आठ स्थित सर्वोदय अस्पताल में इलाज के दौरान देहांत हो गया। उनके अचानक निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के सैंकड़ों पत्रकार, राजनेता और समाजसेवियों ने हिस्सा लेकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार 44 वर्षीय पवन जाखड़ सेक्टर 29 स्थित जादूनाथ एन्कलेव में अपनी पत्नी सुमन और दो बेटों यथांश और पवित्र के साथ रहते थे। वे अमर उजाला, हिंदी हिंदुस्तान, नई दुनिया और नवभारत टाइम्स में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। फिलहाल वे अपना न्यूज पोर्टल चला रहे थे। बताया गया है कि पिछले करीब दो-तीन वर्षो से उनकी सेहत खराब चल रही थी। 30 जनवरी के बाद उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। जिसके कारण बीती रात उनका निधन हो गया। शनिवार सुबह उनके निवास से अंतिम यात्रा शुरू होकर मवई रोड स्थित स्वर्गाश्रम में पहुंची। जहां उनके बड़े बेटे यथांश ने उन्हें मुखाग्नि दी। शहर के पत्रकारों को कहना है कि पवन जाखड़ का अचानक चला जाना पत्रकार जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है।


पवन जाखड़।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2661 केसों का सहमति से निपटान

### तीन करोड़ 42 लाख 84 हजार 239 रुपये की धनराशि से अधिक हुई सेटलमेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ अगस्तिन जॉर्ज मसीह के द्वारा जारी निर्देशानुसार हरियाणा प्रांत के प्रत्येक जिला में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला फरीदाबाद के सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाई एस राठौर की अध्यक्षता एवं निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में शनिवार को जिला न्यायिक परिसर सेक्टर-12 में भी राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में 15 बेंच लगाए गए थे। राष्ट्रीय लोक अदालत में 6515 केस रखे गए केसों में से 2661 का आपसी सहमति से निपटान किया गया है। सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में आज की लोक अदालत में केसों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि तीन करोड़ 42 लाख 84 हजार 239 रुपये की धनराशि से अधिक सेटलमेंट हुई है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को सुबह 10 बजे स्थानीय न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है।


राष्ट्रीय लोक अदालतों में केसों का निपटान आपसी सहमति करवाते हुए।

### जोहंसबर्ग के शिल्पियों के उत्पाद भी पर्यटकों का ध्यान कर रहे आकर्षित

**फरीदाबाद।** 36 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला में मेले में हर तरफ पर्यटकों की काफी भीड़ उमड़ी। देसी-विदेशी शिल्पकारों के स्टॉलों पर पर्यटकों ने शिल्पियों की कृतियों में दिलचस्पी दिखाई। पर्यटकों की भीड़ से शिल्पकारों व बुनकरों के चहरे खिले नजर आए। बड़ी चौपाल के पूर्व में दक्षिण अफ्रीका के शिल्पकारों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर विशेषकर महिला पर्यटकों की दिनभर चहल कदमी देखने को मिली। हस्तशिल्प मेला के स्टॉल संख्या एफसी-37 पर दक्षिण अफ्रीका के जोहंसबर्ग से आए शिल्पकारों व बुनकरों द्वारा बेहतरीन उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। इस स्टॉल पर पत्थर, लकड़ी व कपड़े से बनी वस्तुओं पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इन उत्पादों में बैग के अलावा महिलाओं के पारंपरिक आभूषण तथा अन्य कृतियां भी शामिल हैं।

# रॉयल क्रिकेट अकादमी ने जीती विंटर कप ट्रॉफी

### फाइनल मैच में रॉयल क्रिकेट अकादमी ने विजय यादव अकादमी को 78 रन से हराया



प्रथम स्लेजहैमर विटर कप की ट्राफी रॉयल क्रिकेट अकादमी को सौंपते अतिथि केसी मोहंती व अन्य।

**कविता।** फरीदाबाद

**पहला** स्लेजहैमर विंटर कप अंडर-12 का फाईनल मैच रॉयल क्रिकेट अकादमी टीम और विजय यादव क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ। यह मैच सेक्टर-86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर खेला गया। मैच में मुख्यातिथि के रूप में सेक्टर-24 स्थित स्टेनफोर्ड कम्पनी के चीफ सीएमडी केसी मोहंती और विशिष्ठ अतिथि के रूप में पायनियर के सम्पादक प्रवीण मोहंती के अलावा लवित होटल के एमडी अनिल, ओम क्रिएशन के एमडी योगेश, बीजेपी के खेल उपाध्यक्ष निर्वाण अत्री मुख्य रूप से मौजूद रहे। मुख्यातिथि और विशेष अतिथियों ने प्रथम स्लेजहैमर विंटर कप टूर्नामेंट की ट्रॉफी रॉयल क्रिकेट अकादमी की टीम को सौंपी।

मैच में रॉयल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें रॉयल क्रिकेट अकादमी की तरफ से 40 ओवर के इस मैच में 9 विकेट के नुकसान पर टीम ने 174 रनों की बेहतरीन पारी खेली। जिसमें बल्लेबाज कबीर आनंद मंगला ने 66 गेंदो पर आठ विकेट के नुकसान पर 54 रन बनाए। वहीं कृष ने 55 गेंदों पर छह चौके की मदद से 39 रन बनाए। विजय यादव अकादमी के गेंदबाज सोनित सैनी ने चार विकेट लिए। वहीं आदित्य वीर सिंह ने दो विकेट लिए। रूद्र भाटिया और विशेष शर्मा ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए विजय यादव क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज 30.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 96 रन ही बना सके। जिसमें अक्षय चंदीला ने 60 गेंदों पर चार चौके की मदद से 34 रन बनाए। वहीं रॉयल अकादमी के गेंदबाज आयूष राजपूत ने चार विकेट लिए। अकांश कौशिक, कबीर आनंद मंगला और प्रथम वशिष्ठ ने एक-एक विकेट लिया। अंत में प्रथम स्लेजहैमर विंटर कप टूर्नामेंट की ट्रॉफी रॉयल क्रिकेट अकादमी ने जीत ली। वहीं मैन ऑफ द मैच का खिताब आयूष राजपूत को और फाइटर ऑफ द मैच का खिताब सोनित को दिया गया।

### मानव सेवा सीमित ने शुरू किया सिलाई कढ़ाई सेंटर

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने सेवा कार्यों की श्रृंखला में दयानंद स्कूल सेक्टर 10 में तीसरे सिलाई कढ़ाई सेंटर का शुभारंभ किया। मुंशीलाल सुनहरी देवी शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से खोले गए इस सिलाई केंद्र का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा व केएल मेहता शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष आनंद मेहता ने किया। प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी एमएल शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि टिपर चंद शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। सामाजिक संस्था मानव सेवा समिति के उद्देश्य व कार्य सराहनीय हैं। आनंद मेहता ने भी समिति के सभी सेवा कार्यों की प्रशंसा की। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन अरुण बजाज, चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक दिनेश शर्मा, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, उपाध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा, अरुण आहूजा, महिला सेल चेयरमैन उषाकिरण शर्मा, प्रोजेक्ट प्रबन्धक संघमित्रा कौशिक, उपाध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने सभी अतिथियों को शाल, सम्मान पट्टिका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया।

# पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं : सैलजा


बुके देकर सैलजा का स्वागत करते कांग्रेसी।

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान स्वर्ण सिंह आर्य को कांग्रेस लीगल सेल फरीदाबाद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कांग्रेस लीगल सेल के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल द्वारा की गई है। एडवोकेट स्वर्ण सिंह आर्य अपनी नियुक्ति पर बल्लभगढ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल के साथ छत्तीसगढ़ की प्रभारी एवं कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा का आभार जताने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय पर पहुंचे, इस दौरान मनोज अग्रवाल व स्वर्ण सिंह ने फूलों का बुके देखकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने का काम किया है, राहुल गांधी का संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को सफलत बनाने में कार्यकर्ता जी जान से जुट जाए वहीं निगम चुनावों को लेकर भी कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर संगठन को मजबूत कर। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल ने कुमारी सैलजा को आश्वस्त किया कि वह जिले में कांग्रेस की रीति नीतियों को जोरदार प्रचार-प्रसार करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मेला : अब तक करीब 8.25 लाख पर्यटकों ने लुत्फ उठाया



**फरीदाबाद।** 36 वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे ही पर्यटकों/दर्शको की संख्या में इफाजा होता जा रहा है। आपको बता दें कि सूरजकुंड मेला के शुभारंभ से अब तक लगभग सवा आठ लाख पर्यटकों/दर्शको ने मेले में पहुंचकर देश-विदेश की अद्भुत हस्तशिल्प वस्तुओं की कला, संस्कृति और मन मोहक सास्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया हैं। 36 वें अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में दूसरे शनिवार को लगभग पौने दो लाख पर्यटकों ने अपने परिजनों और रिश्तेदारों संग हस्तशिल्प मेला में शिरकत की है। वहीं पर्यटकों/दर्शको ने शिल्पकारों व काश्तकारों की कृतियों की जमकर खरीददारी के अलावा मेला परिसर के अलग-अलग हिस्सों में स्थित देसी और विदेशी फूड कोर्ट में स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखा। इसके अलावा सम्पूर्ण मेला परिसर में जगह-जगह विभिन्न मुद्राओं में सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा बेहतर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर स्थानीय पर्यटकों के अतिरिक्त विदेशी पर्यटक भी थिरकते नजर आए। ढोल नगाड़े, बीन, डमरू आदि सांस्कृतिक मंडलियों ने दिन भर अपनी शानदार प्रस्तुतियों से पर्यटकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ उन्हें नाचने पर भी मजबूर किया।

### मिलेट आहार से दे रहे आरोग्य का संदेश

**फरीदाबाद।** मिलेट मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर पद्मश्री डॉ. खादर वली, जिन्हें हाल ही में एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम के वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान सम्मानित किया गया था, की संस्था खेती विरासत मिशन ने सूरजकुंड इंटरनेशनल शिल्प मेले के 36वें संस्करण में भाग लेकर मिलेट से जुड़े फायदों को जनता तक पहुंचाने का काम किया है। सूरजकुंड मेला, दुनिया के सबसे बड़े शिल्प मेलों में से एक है जिसमें हस्तशिल्प, हथकरघा और भारत की समृद्धि को दर्शाया गया है और सिर्फ भारतीय कला और शिल्प ही नहीं, बल्कि 30 से भी अधिक देशों के भोजन, परिधान आदि को प्रदर्शित करने वाले स्टॉल भी आगंतुकों को रोमांचित करते हैं और इसके साथ ही देश के राज्यों के भी हस्तशिल्प को दर्शाया गया है। खेती विरासत मिशन के कार्यकारी निदेशक उमेंद्र दत्त के साथ डॉ. खादर वली ने खेती विरासत मिशन के तहत सूरजकुंड मेले में हेफेड और एचआईआईडीसी के सौजन्य से हरियाणा मिलेट पेविलियन स्थापित किया, जिसका मकसद है मिलेट के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना। इस हरियाणा मिलेट पेविलियन में मिलेट्स प्रदर्शनी, किसान सलाह केंद्र , मिलेट कुकिंग कक्षाएं , महिलाओं के लिए मिलेट का भोजन बनाने के लिए विशेष सलाह एवं समाधान हेल्प डेस्क लगाया गया है। सुप्रसिद्ध मिलेट विशेषज्ञ मिलेट महाराज के नाम से विख्यात राम बाबू इस मेले के लिए विशेषकर हैदराबाद से आए हैं। रामबाबू के मार्गदर्शन में मिलेट्स के दर्जनों स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा रहे हैं, जो खेती विरासत मिशन के स्टाल पर उपलब्ध हैं। इस अवसर पर भेजे अपने विशेष संदेश में डॉ. खादर वली ने इस बात जोर दिया कि जैसे शरीर को डिटॉक्स करने की जरूरत होती है, वैसे ही उपजाऊ जमीन को भी डिटॉक्स की जरूरत होती है। आजकल किसानों ने कम समय में ज्यादा फायदा पाने के लिए भिन्न-भिन्न यूरिया का इस्तेमाल करके जमीन को कैंसरग्रस्त कर दिया है। इनमें से एक बाद उदाहरण है पराली जलना, जिससे भूमि के प्राकृतिक जीवाणु, पारिस्थितिकी तंत्र आदि खत्म हो जाते हैं इसके साथ ही भविष्य के उत्पादन के लिए भूमि की उर्वरता पर भी प्रभाव पड़ता है।

### एएफआई के चेयरमैन ने ली जिला सचिव और प्रधानों की मीटिंग

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 फरवरी से 12 फरवरी तक तीन दिवसीय 18 नेशनल इंटर डिस्टिक जूनियर एथलेटिक मीट का आयोजन पाटलिपुत्र स्टेडियम पटना (बिहार) में आयोजित किया जा रहा है। सत्यवीर धनखड ने बताया कि एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डाक्टर ललित के भनोट के द्वारा पाटलिपुत्र स्टेडियम पटना बिहार में सभी जिलों के सचिव और अध्यक्षों की एथलेटिक्स खेल को बढावा देने के लिए मीटिंग ली गई। डाक्टर ललित के भनोट ने सभी जिलों के संघ सचिव और अध्यक्षों को अपने अपने जिलों में एथलेटिक्स खेल को बढावा देने निर्देश देते हुए जानकारी दी कि कम आयु के खिलाड़ियों को ओवर ट्रेनिंग देने से बचाव करने का कार्य करें और एथलीट खिलाडी को सभी प्रकार के शक्ति रोधक दवाइयों और इंजेक्शन से दूर रखें,क्योंकि इससे एथलीट खिलाडी अपना कम आयु में ही अपना खेल जीवन समाप्त कर लेता है। एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के अध्यक्ष आदिल जे सुमारीवाला ने सम्बोधन में कहा कि सभी जिला संघ सचिव और अध्यक्ष ग्राम स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर नये एथलीट खिलाडी तराशने का कार्य करें। उपाध्यक्षा ओलम्पियन अंजू बाबू जार्ज ने सभी जिला संघ सचिव और प्रधानों को कम आयु वर्ग में एथलीट खिलाड़ी खोजकर अच्छा खिलाडी बनाने का तकनीकी ज्ञान दिया। एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (ए एफ आई) द्वारा आयोजित मीटिंग में कोषाध्यक्ष मधुकांत पाठक झारखंड, चीफ कोच राधाकृषनन, भीम अवार्डी चरण सिंह राठी झज्झर, सत्यवीर धनखड फरीदाबाद, कुलदीप चिकारा सोनीपत, राममेहर बूरा भिवानी, प्रदीप मलिक पानीपत, नीटू गहलावत रोहतक, राममेहर पुनिया एवं प्रदीप पुनिया हिसार, राजेंदर सिंह भिवानी, सुरेंदर अम्बाला और मलखान यमुनानगर आदि हरियाणा राज्य से मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कार्यवाही के विरोध में लैब टेक्निशयनों ने किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लैब टेक्निशयनों की बैठक एनआईटी स्थित रोज गार्डन में सम्पन्न हुई। इस बैठक में सीएम फ्लाईंग द्वारा छापेमारी कर लेब टेक्नीशियन को गिरफ्तार कर जेल भेजने की निंदा की। फरीदाबाद के विभिन्न क्षेत्रों के कई मेडिकल लैब टेक्निशयन्स एकत्रित हुए जिन्होंने सीएम फ्लाईंग टीम के द्वारा छापा मारकर एक मेडिकल लैब टेक्नीशियन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जिसके बाद से तमाम लैब टेक्नीशियनों में हड़कंप मचा हुआ है। एलटी विनोद भाटी ने कहा कि अचानक से मेडिकल लैब टेक्नीशियनों पर छापेमारी कर गिरफ्तारी की जा रही है उसे रोका जाए और वहीं मेडिकल लैब टेक्निशयन्स की एक काउंसिल बनाकर उन्हें रजिस्टर्ड किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी कार्यवाही से टेक्नीशियनों को परेशान न होना पड़े। इस मौके पर उन्होंने कहा की यदि लैब टेक्नीशियन दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही जरूर करें लेकिन बिना जांच किये सीधा उसे जेल न भेजा जाए। उन्होंने माना की कुछ लैब टेक्नीशियन ऐसे भी हैं जो बिना डिप्लोमा किये लैब खोलकर बैठे है। जिनके खिलाफ कार्यवाही होना जायज भी है लेकिन चेतावनी के रूप में उन्हें एक बार नोटिस दिया जाना चाहिए न की सीधा कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि फिलहाल वह शांतिपूर्वक अपना विरोध प्रदर्शन कर गिरफ्तारी की निंदा की। भाटी ने कहा कि यदि ऐसे ही लगातार कार्यवाही चलती रही तो फरीदाबाद के तमाम मेडिकल टेक्निशयन्स एकजुट होकर पुरजोर रूप से विरोध करेंगे और मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन भी सौपेगें। इस मौके पर गोविन्द सिंह, दीपक दूबे, सतबीर पासवान, सुरजीत, मुकेश शर्मा, रिहान मलिक, उमेश वशिष्ठ, सोनू वशिष्ठ, जेटली आदि लैब टेक्निशयन्स मौजूद थे।

### न्याय के देवता है शनिदेवः बबली

**फरीदाबाद।** सूरजपुर ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश मे शनिदेव मन्दिर में स्थापित की गई। भगवान शनिदेव की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथी पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने विधिवत पूजन अर्चन कर स्थापित किया और कहा भगवान शनिदेव बहुत दयालु है। सहज ही प्रसन्न हो जाते व न्याय के देवता है कार्यक्रम के आयोजक कर्नल गिरीश चन्द्र मिश्रा ने पडित सुरेन्द्र शर्मा बबली का फूल गुलदस्ता देकर सम्मान किया। सुन्दर कार्यक्रम के पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कर्नल मिश्रा को पटका व भगवान परशुराम चालीसा भेंट की। इस अवसर पर पं वैभव शर्मा, करण पाराशर इंजीनियर, राज मिश्रा ,ब्युटी मिश्रा, गौरी मिश्रा, पलक मिश्रा, रामजीलाल सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

# ट्रक ने घोड़ा गाड़ी सवारों को कुचला, दो भाइयों की मौत

भाषा। मेरठ

**जिला** मुख्यालय के दौराला-मसूरी मार्ग पर खरदौनी गांव में शनिवार तड़के ट्रक और घोड़ा गाड़ी के बीच जोरदार भिड़ंत में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में बग्घी में जुड़ा एक घोड़ा भी मर गया। जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। ट्रक चालक घटना के बाद फरार हो गया।

थाना इंचौली प्रभारी जितेन्द्र कुमार दूबे के अनुसार हादसे में मारे गए लोगों की पहचान सीताराम (45), तौफीक(20) अहजाज (24) के रुप में हुई है। घटना तड़के करीब तीन बजे हुई। लावड़ के समसपुर मार्ग स्थित पैठचौड़ा मौहल्ले के निवासी प्रदीप ने घटना के संबंध में पुलिस में तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार आज तड़के करीब तीन बजे उसके पिता समेत पांच लोग परीक्षितगढ़ से घोड़ा गाड़ी पर सवार होकर जा आ रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बग्घी को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें सवार उसके पिता सीताराम व लावड़ कस्बे के ही सगे भाई तौफीक व अहजाज की मौके पर मौत हो गई। जबकि नवेद व रवि नामक व्यक्ति घायल हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

## इटावा में ट्रक ने मोटरसाइक्लि को टक्कर मारी, तीन की जान गई

भाषा। इटावा

**राष्ट्रीय** राजमार्ग-दो पर शनिवार सुबह विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि हादसा सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बुदैला गांव के पास हुआ जब चार लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

क्षेत्राधिकारी ने बताया कि हादसे में औरैया के राकेश कुमार, उनकी पत्नी और एक रिश्तेदार की आठ वर्षीय बेटी की मौत हो गई। मोटरसाइकिल पर सवार एक अन्य महिला घायल हो गई। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक ने भागने की कोशिश की तो उसके दोनों पैरों में गंभीर चोट लग गईं। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बदायूं में बाइक भिड़ंत में दो लोगों की मौत

**बदायूं।** बदायूं जिले के कादरचौक थाना क्षेत्र में सकरी कासिमपुर गांव के बाजार के समीप दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर में बिहार के एक व्यापारी समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार निवासी आलू व्यापारी शमशेर सिंह और उसका साथी प्रेम सिंह शुक्रवार को बाजार से कुछ खरीदारी कर मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उनकी टक्कर हो गई। श्रीवास्तव ने बताया कि इस हादसे में शमशेर और प्रेम गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। दोनों की उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच बताई गई है। दोनों के शवों को शवगृह में रखवाया गया है जहां शनिवार को उनका पोस्टमार्टम होगा।

## सुलतानपुर में ट्रक ने मोटरसाइक्लि सवारों को रौंदा, दो युवकों की मौत

भाषा। सुलतानपुर

**उत्तर** प्रदेश के सुलतानपुर में बलिया-लखनऊ राजमार्ग पर दियरा चौराहे के पास अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवकों को कुचल दिया। घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में जान गंवाने वाले युवक सोनू सोनकर (25) का दो सप्ताह बाद विवाह होना था, जिसका निमंत्रण देकर वह लौट रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली नगर के करौंदिया मुहल्ले के निवासी सोनू सोनकर का 28 फरवरी विवाह को होना था। शुक्रवार को वह अपने विवाह का कार्ड बांटने निकला था। सनी सोनकर नामक युवक भी उसके साथ मोटरसाइकिल पर सवार था। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल पर अर्जुन और महेश नामक युवक सवार थे। कार्ड बांटकर लौटते समय मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के दियरा के पास पहुंचने पर विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिसके बाद उनपर सवार चारों युवक सड़क पर जा गिरे। सभी को गंभीर चोट आईं। ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने चारों युवकों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सोनू और सनी (27) को मृत घोषित कर दिया। मोतिगरपुर के थाना प्रभारी ने बताया कि घटना शुक्रवार की रात की है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दो बाइकों की भिड़ंत एक युवक की मौत, दो घायल

**कुठौंद ( जालौन )।** सिरसा कलार कस्बे के पेट्रोल टैंक के पास शनिवार की सुबह दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिसके चलते बाईको मे तीन सवार गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद ले गए जहां नाहली निवासी एक युवक की मौत हो गई। ग्राम नाहली निवासी 19 वर्षीय शिवम चौधरी पुत्र कुंवर सिंह अपने छोटे भाई 14 वर्षीय साहिल के साथ शनिवार की सुबह ग्राम मलथुआ से निमंत्रण कर वापस लौट रहा था तभी सामने से आ रहे बाइक सवार कुठौंद निवासी 45 वर्षीय लल्लन पाल रोजाना की तरह अपनी हंड्रेड डायल ड्यूटी पर सिरसा कलार आ रहा था।

## बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष पहल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**इस** बड़ी ग्रामीण आबादी को डिजिटल क्रान्ति में शामिल करने के लिए हम कई छोटे नगरों एवं तीसरे स्तर के शहरों के लिए 'वी शॉप' अवधारणा लेकर आए हैं। इससे हम अपने साथ लोगो को और करीब से जुड़ सकेंगे और उनहें प्रशिक्षित कर्मचारियों के माध्यम से अनुकूल एवं सुविधाजनक सेवाओं का लाभ प्रदान कर ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने की विशेष पहल की जा रही है।

## दिव्यांगों के विवाह में बग्घी पर बैठकर बारात लाती है दुल्हन

भाषा। प्रयागराज

**संगम** नगरी में पिछले पंद्रह साल से दिव्यांग लोगों का अनूठा सामूहिक विवाह आयोजित किया जाता है जिसमें दुल्हन बग्घी पर बैठकर बारात लाती है। इस आयोजन में खान-पान या किसी अन्य चीज की कोई कमी नहीं होती।

कार्यक्रम के संयोजक श्रीनारायण यादव ने पीटीआई-भाषा को बताया कि स्वराज दिव्यांगजन सेवा परिवार द्वारा इस बार यह सामूहिक विवाह 18 फरवरी को बैंक रोड स्थित राजर्षि टंडन सेवा केंद्र के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा जिसमें कुल 12 दिव्यांग जोड़ों का विवाह होगा।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से जन भागीदारी से होता है जिसके जरिए पिछले 15 वर्षों में लगभग 350 दिव्यांग लोगों का घर बसाया जा चुका है।

नगर और बाहर के गणमान्य लोग दंपति को गृहस्थी का सामान भेंट करते हैं। जैसे हर वर्ष सलीम शेरवानी की ओर से सिलाई मशीन, चौक के कुलदीप भैया की ओर से आलमारी, इनर व्हील क्लब की ओर से पलंग आदि भेंट किया जाता है।

वहीं, लोक सेवक मंडल के राजकुमार चोपड़ा की तरफ से गेस्ट हाउस की व्यवस्था की जाती है।

यादव ने बताया कि विवाह से पूर्व 17 फरवरी को हल्दी रस्म का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति विजयलक्ष्मी होंगी। हिंदू दिव्यांग जोड़ों का विवाह श्री प्रकाश जी (छोटे महाराज जी) के नेतृत्व में पंडित करेंगे, जबकि मुस्लिम दिव्यांगों का निकाह इद्रीश रजा मिसबाही की अगुवाई में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नीरज तिवारी होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक सेवा मंडल के अध्यक्ष राजकुमार चोपड़ा करेंगे। वहीं सारस्वत अतिथि राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी होंगे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगजनों के लिए काम करने वाली हस्तियों जैसे जम्मू कश्मीर से वीरेंद्र लंगू, महाराष्ट्र से मनोज शशिकांत पटवारी, उत्तराखंड से तनवीर आलम, लखनऊसे विष्णुकांत मिश्र, दिल्ली से डॉक्टर देशराज और प्रयागराज से कविता यादव त्रिपाठी को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय की अधिवक्ता सुभाष राठी के विशेष सहयोग से शुरू हुआ यह सिलसिला आज बहुत बड़ा आकार ले चुका है और जन सहयोग से एक नेक कार्य का इससे अच्छा उदाहरण शायद ही कहीं देखने को मिले। इस आयोजन के लिए किसी से चंदा नहीं मांगा जाता, बल्कि लोग खुद बढ़ चढ़कर आगे आते हैं और सहयोग करते हैं।

## सफाई निरीक्षक ने दुकानों से पकड़ी पॉलीथिन, वसूला जुर्माना

**कोंच**(जालौन)। कोर्ट से लेकर शासन प्रशासन की सख्ती के बाद भी दुकानों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग बदस्तूर जारी है।

नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरीशंकर निरंजन ने पालिका कर्मियों के साथ मिलकर नगर के अलग अलग इलाकों में खुली मिठाई, परचून, सब्जी, दूध आदि खाद्य पदार्थोंध् वस्तुओं की दुकानों पर चौकिंग अभियान चलाया। चौकिंग अभियान के दौरान कुल 4 दुकानों से 2 किलो 400 ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर संबंधित दुकानदारों से 14 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों को साकार करना ही सच्ची श्रद्धांजलि

### समर्पण दिवस के रुप में मनाई गई पुण्यतिथि

संवाददाता। सोनभद्र



**राष्ट्रचिन्तक** एवं एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पं0 दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर राज्यसभा सांसद रामशकल, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजली दी साथ ही जनपद सोनभद्र के सभी बूथों पर पं0दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि कों समर्पण दिवस के रुप में मनाया गया।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद रामशकल ने कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का दर्शन देश और समाज को दिया पं0 दीनदयाल से प्रेरित होकर उनके विचारों को आत्मसात करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंन्द्र भाई मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उसी तरह से कार्य कर रहे है, उन्ही के विचारो पर चलकर भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन बना देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके सपनों को साकार किया है।

कोरोना जैसी वैश्विक बिमारी के समय कोरोना काल में अन्त्योदय की भावना को सामने रखा और अंतिम पायदान पर खड़े हर गरीब की चिन्ता की आत्मनिर्भर भारत की शक्ति से देश में एकात्म मानव दर्शन को सिद्ध किया पं0 दीनदयाल एक कुशल संगठनकर्ता थे अन्त्योदय और एकात्म मानव के जनक रहे समाज के अन्तिम पायदान पर खडे अन्तिम व्यक्ति को समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए उनके अन्त्योदय के विचारधारा पर चलकर संगठन आज विश्व की सबसे बड़ा राजनैतिक दल बना है, उनके सिद्धांतो व सपनो को साकार करना ही उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि समाज कें अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण व विकास पं0 दीनदयाल उपाध्याय का सपना था प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार पं0 दीनदयाल उपाध्याय के सपनो को पूरा कर रही है। इस मौके पर अनूसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य, अशोक मौर्य, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, संतोष शुक्ला, राकेश मेहता, अनुपम तिवारी, अनूप तिवारी, अभय सिंह, राजन पाण्डेय, कैलास तिवारी सहित दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेड़ पर चढ़े युवक को लगा करंट, मौत

संवाददाता। बरेली

**गूलर** के पेड़ पर चढ़कर पत्ते काट रहे एक युवक को पास से गुजर रहे बिजली के तार से करंट लग गया और मैं जमीन पर गिर पड़ा उसको जिला अस्पताल पहुंचते ही डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बारादरी थाना क्षेत्र के गोटिया तराख़ास निवासी श्यामलाल पुत्र पोथी राम कि आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर के पेड़ से गिरकर मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि श्यामलाल आज सुबह के पालतू जानवरों के चारे के लिए गूलर के पत्ते काटने के लिए गया था पेड़ पर चढ़कर पत्ते काटते समय वह पास से गुजर रहे बिजली के तार की चपेट में आ गया जिससे करंट लगने के कारण वह नीचे गिर पड़ा घटना की सूचना मिलते ही घर वाले मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## गोलियों की तड़तड़ाहट से बाग लकूला क्षेत्र गूंजा

**फर्रुखाबाद।** जिले में पुलिस की लापरवाही के चलते हर्ष फायरिंग पर रोक नही लगी पा रही है। जिससे आये दिन कोई न कोई घटनाएं हो रही है।

ऐसा ही एक मामला बीती रात्रि शहर कोतवाली की कादरी गेट चौकी के लकूला मसेनी मार्ग पर स्थित एक गेस्ट हाउस में चल रहे शादी समारोह में जबरदस्त हर्ष फायरिंग हुई। गोलियों तड़तड़ाहट से बाग लकूला क्षेत्र गूंज गया।

## भाजपा ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**भारतीय** जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर विभिन्न बूथों पर गोष्ठी एवं समर्पण निधि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए व विचार व्यक्त किए।

सदर विधानसभा क्षेत्र की बूथ संख्या 290 बजरिया शालिग्राम में भाजपा नेता विश्वास गुप्ता के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं वहा उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद विचारधारा की समर्थक थे। वह एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में कई लेख लिखे जो विभिन्न पत्र.पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। उन्होंने संघ के प्रचारक के रूप में देश के विभिन्न आंदोलनों में सहभागिता की 1951 में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में बनी भारतीय जन संघ जिसमें उन्होंने महामंत्री के रूप में कार्य किया। उनके इस कार्यकुशलता से प्रभावित होकर डॉक्टर मुखर्जी ने कहा कि यदि मुझे दो दीनदयाल मिल जाए तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदल दूंगा। मुगलसराय में उनकी असमय मृत्यु से भारतीय राजनीति की बड़ी क्षति थी। प्रदेश सरकार ने मुगलसराय जंक्शन का नाम दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन कियाण् भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके विचारों और कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

नगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष विकास पांडे ने कहा केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को लेकर चल रही है सरकार की विभिन्न योजनाएं जो जनहित के लिए संचालित हैं वह भी दीनदयाल उपाध्याय के नाम से जानी जाती हैं। सदर विधानसभा क्षेत्र की बूथ संख्या 247 कटरा नुनिहाई में सूरज भारद्वाज के आवास पर सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आयोजित संगोष्ठी में विचार व्यक्त किए।

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर ग्राम ज्योति योजना ग्रामीण कौशल्य योजना रोजगार योजना अंत्योदय योजना राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना समग्र शिक्षा योजना बिजली कनेक्शन योजना जैसी विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। इनका लाभ आम जनमानस को प्राप्त हो रहा है। दीनदयाल उपाध्याय एक व्यक्ति नहीं विचार थे वह भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे। इस अवसर पर मनोज दीक्षित प्रमोद मिश्रा मुकेश पाल गौरव शर्मा , जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, राकेश बाथम, रामकिशोर सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

## घर में रखा लाखों का जेवर चोरी पड़ोसी पर लगाया आरोप

संवाददाता। बरेली

**घर** का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का जेवर चोरी कर लिया मकान मालिक ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर चोरी करने का आरोप लगाया और घटना की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के पीर बहोडा निवासी राजा पुत्र नन्हे ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि 10 फरवरी को वह अपने भाई के साथ अपने होटल पर गया था उसकी पत्नी और बच्चे एक रिश्तेदार के घर विवाह समारोह में गए थे घर में ताला लगा हुआ था जब होटल से नमाज पढ़ने के लिए अपने घर आया तब सब कुछ ठीक-ठाक था लेकिन रात लगभग 9रू30 बजे जब वह होटल बंद करके घर आया तो घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था दरवाजे भी खुले हुए थे उसने कमरे में जाकर देखा की अलमारी का सामान जमीन पर फैला हुआ है और उसमें रखे उसकी पत्नी के लाखों के जेवर गायब हैं उसने पास में ही रहने वाली अपनी चचेरी बहन शिफा से पूछा तो उसने कहा कि उसके पड़ोस में रहने वाला युवक उमर रजा पुत्र कुतुबुद्दीन लगभग 8 बजे उसकी छत पर टहल रहा था जो उसे देखकर दीवार के पीछे छुप रहा था जाने कहां कि उमर ने ही उसके घर में चोरी की है राजा ने पुलिस से शिकायत करते हुए उमर पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की ।

## डीएमए-एसपी समाधान दिवस पर सुनीं समस्याएं

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**जिलाधिकारी** संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली फर्रूखाबाद व आदर्श थाना मऊदरवाजा में जनसमस्याओं को सुना गया एवं प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

आज जनपद के समस्त थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा फरियादियों को समस्याओं से निजात दिलाने पहुंचे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक शहर कोतवाली फर्रूखाबाद व थाना मऊदरवाजा पहुंचे जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने समाधान दिवस के अवसर पर एक दृ एक फरियादियों की समस्याओं को सुना। जहां शहर कोतवाली में 3 फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए दो को मौके पर त्वरित न्याय दिलाकर घर भेज दिया। जबकि एक छूटे फरियादी को न्याय दिलाने हेतु सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिये। वहीं दूसरी ओर थाना मऊदरवाजा में 4 फरियादियों में एक को मौके पर न्याय दिलाकर घर भेज दिया। जबकि छूटे 3 फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं थाना मऊदरवाजा प्रभारी ने बताया कि 4 फरियादियों में 1

## क्विक न्यूज

### लोगों को बेहतर किफायती युक्त सुविधा देने की पहल

**वाराणसी।** लोगों के लिए बेहतर सुविधा और किफायती पैसों में बेहतर का सुविधा का वादा को पूर्ण करते हुए एक पोको ने अपनी नैक्स्ट एक्स-सीरीज का सर्वश्रेष्ठ विशेषताएं से युक्त हमेशा बाजार में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है और भीड़ में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हमारा मानना है की यथास्थिति को चुनौती देकर अपेक्षाओं को बढ़ाने की पहचान को प्रदर्शित करते हुए इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए पोको एक्सफाइव प्रो फाइवजी फ्लैगशिप का अहसास प्रदान करते हुए सर्वोच्च गुणवत्ता के मनोरंजन और परफॉर्मेंस के सर्वोच्च मानक को पूर्ण बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है।

### जिला उद्योग बंधु की बैठक आज

**उरई (जालौन)।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र प्रभात यादव ने बताया कि जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 12 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, उरई में आहूत की गयी है । अतः उद्यमी सघों के पदाधिकारियों तथा जनपद के उद्यमी बन्धुओं (जिनकी उद्योग से सम्बन्धित कोई समस्या हो) उनसे अनुरोध है कि कृपया समस्या तथा सुझाव सहित एवं संबंधित सभी अधिकारीगण विगत बैठक के निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्यवाही प्रगति सहित बैठक में भाग लेने का कष्ट करें ।

### लोक अदालत में 303 ममाले आपसी सहमति से निस्तारित

**जालौन (उरई)।** मुंसिफकोर्ट परिसर में आयोजित लोक अदालत में एमवी एक्ट, जुआ, गाली, गलौज आदि से संबंधित 303 मामलों को आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण किया गया। इस दौरान 13 हजार 590 रुपये अर्थदंड भी वसूला गया। न्यायालय में लम्बित मामलों को कम करने तथा लोगों को शीघ्र न्यायालय उपलब्ध कराने के मुंसिफमजिस्ट्रेट न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। आपस में गाली गलौज, मारपीट एवं सड़क दुर्घटनाओं के लंबित छोटे-छोटे मामलों को आपसी समझौता के आधार पर निस्तारण किया गया। सिविल जज जूडि रिचा अवस्थी की उपस्थिति में लोक अदालत में वादों का निस्तारण किया है। इस दौरान भेजे गए कुल 538 नोटिस में 303 वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान 13 हजार 590 रुपये रुपये अर्थ दंड भी वसूला गया। इस मौके पर अधिवक्ता संतोष यादव, पीएलवी बादाम सिंह यादव, मुलायम सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव, अनूप गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, भूपेंद्र लिटौरिया, नरेंद्र बाबू द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### केंद्रीय बजट पर गोष्ठी का आयोजन

**फतेहपुर।** सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम में केंद्रीय बजट पर आधारित एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने भाग लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने किया। वहीं संचालन जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक डॉ. ज्ञानेंद्र सचान ज्ञानू ने किया। इस अवसर पर साध्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री सीतारमण ने जो बजट पेश किया है, वह काबिले तारीफहै। इसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया गया है। निश्चित ही यह बजट भारत देश को विकास की ओर अग्रसर करेगा। इस बजट में किसानों के लिए, युवाओं के लिए, महिलाओं के लिए सभी को ध्यान में रखकर कार्य किया गया है और यही कारण है कि भारत देश के हर वर्ग के नागरिक इस बजट को सराहा रहे हैं और 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से जनता भारतीय जनता पार्टी के ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशियों को जिता कर भाजपा की सरकार बनाने का काम करेगी और नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमन्त्री बनेंगे। कहा कि नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन में भारत नित प्रगति के आयाम पर आगे बढ़ रहा है और यही कारण है कि नरेंद्र मोदी हर वर्ग के चहेते नेता बने हुए है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राकेश त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष सुशील सिंह चंदेल, नगर दक्षिणी के अध्यक्ष जेपी सिंह फौजी, सभासद दिनेश तिवारी खलीफा सहित तमाम भरपाई मौजूद रहे।

### पैट्रोल डलवाने के रुपये मांगने पर सेल्समैन को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**कोंच(जालौन)।** कैलिया में पेट्रोल पंप पर बाइक में पैट्रोल डलवाने के बाद रुपये मांगने पर सगे भाइयों ने सेल्समैन के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी भाइयों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। कैलिया निवासी सुरेन्द्र पुत्र कालीचरण ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह कैलिया में संचालित बजरंग पैट्रोल पंप पर सेल्समैन है। शुक्रवार की शाम थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया निवासी राघवेंद्र उर्फछोटेराजा अपने भाई के साथ बाइक पर सवार होकर आए और अपनी बाइक में पैट्रोल डलवाकर मौके से जाने लगे। उसने जब रुपये मांगे तो राघवेंद्र ने अपने भाई के साथ मिलकर उसे गालियां दी और उसे बुरी तरह मारापीटा जिससे वह घायल हो गया। उक्त घटना को लेकर थाना पुलिस ने दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस पैट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे के सहारे घटना की फिलहाल जांच करने में लगी हुई है।

### विवाह घर के बाहर से कार हुई चोरी

**कोंच(जालौन)।** वाहन चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है, गुरुवार को जालौन रोड के सामने खड़ी मारुति ओमनी वेन पर चोरों ने हाथ साफकर दिए। हैरान करने वाली बात यह है कि जब इस घटना को अंजाम दिया गया उस वक्त वहां काफी चहल पहल थी। नगर के मोहल्ला प्रतापनगर के रहने वाले मयंक अग्रवाल पुत्र चंद्रप्रकाश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गुरुवार को वह अपने मित्रों के साथ रात लगभग 9 बजे जालौन रोड स्थित ग्रीन गार्डन विवाह घर में आयोजित शादी समारोह में अपनी मारुति ओमनी वेन से गए हुए थे। दावत के बाद जब वह बाहर आए तो देखा कि उनकी वेन नंबर यूपी 92 जे 6426 अपनी जगह से नदारत है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। मंडी चौकी पुलिस को अवगत कराया गया जिस पर चौकी प्रभारी सुनील कुमार सैनी और दीवान राजा भैया मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। मयंक अग्रवाल ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

### वाहन चेकिंग दौरान तीन युवकों ने की महिला सिपाही से अभद्रता

**जालौन (उरई)।** वाहन चैकिंग के दौरान बाइक सवार तीन युवकों ने महिला सिपाही के साथ अभद्रता कर दी। महिला सिपाही ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके से रोहित नामक युवक को पकड़ा है। मामले का एसपी ने संज्ञान लिया और आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश कोतवाल को दिए। शनिवार को कांजी हाउस चौराहे के पास महिला सिपाही वाहन चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक वहां से निकले। जब महिला सिपाही प्रीति ने बाइक सवार युवकों को रोककर उनसे वाहन के कागजात मांगे तो युवक कागजात नहीं दिखा सके और महिला सिपाही के साथ अभद्रता करने लगे। जिस पर महिला सिपाही ने मामले की जानकारी महिला चौकी प्रभारी रानी गुप्ता को दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक रोहित को पकड़कर कोतवाली ले गई। कोतवाली में मौजूद एसपी डॉ. ईराज राजा को महिला सिपाही व महिला चौकी प्रभारी ने मामले की जानकारी दी। जिस पर एसपी ने मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश कोतवाल को दिए।

### फर्जी भुगतान के मामले में पूर्व ईओ, लिपिक व कंप्यूटर आपरेटर पाये गये दोषी

**हमीरपुर।** नगर पंचायत सरीला में ईओ व चेयरमैन द्वारा फर्जी भुगतान करने पर कमिश्नर स्तर से हुई जांच में ईओ, लिपिक समेत तीन लोग दोषी पाए गए हैं। शासन ने कमिश्नर की रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए डीएम को पत्र लिख कर कार्यवाही करने को कहा है। नगर पंचायत सरीला की पूर्व ईओ दीपालिका व लिपिक सविता बुधौलिया एवं कंप्यूटर आपरेटर सहबाज अंसारी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत पिछले 17 जनवरी को दो लाख 17 हजार 139 रुपये बिना काम कराए ठेकेदार गुलाम मोहम्मद के खाते में ट्रांसफर कर दिया था, इस मामले की शिकायत राठ विधायक मनीषा अनुरागी ने कमिश्नर बांदा से की थी। बांदा कमिश्नर से तीन सदस्यीय टीम गठित कर मामले की जांच कराई। टीम में बांदा के अपर आयुक्त, एडीएम रमेशचंद्र व वरिष्ठ कोषाधिकारी सुरेश सचान शामिल थे। टीम ने जांच में तीनों कर्मियों को दोषी पाया था। कमिश्नर से जांच रिपोर्ट में कहा है कि अलग अलग स्तर से लिए गए बयानों के बाद दो लाख 17 हजार 139 रुपये भ्रष्टाचार की पुष्टि हुई है। इस मामले की रिपोर्ट कमिश्नर ने नगर विकास के प्रमुख सचिव को भेज दी थी। शासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी हमीरपुर व कमिश्नर बांदा को कार्रवाई करने के लिए आदेशित किया है। दोषी कर्मी पूर्व ईओ दीपालिका नगर पंचायत चरखारी जिला महोबा व कंप्यूटर आपरेटर एवं लिपिक राठ में नियुक्त है। जांच में दोषी पाए जाने पर अब धीरे धीरे नगर पंचायत सरीला की भ्रष्टाचार की परत दर परत खुलती जा रही है।

### जिला जज ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ

**चित्रकूट।** राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जनपद न्यायालय चित्रकूट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। उक्त आयोजन में दिनेशचन्द्र, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण चित्रकूट, रामकृपाल, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, द्वितीय अपर जिला जज, चित्रकूट, दीप नारायण तिवारी विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. एक्ट, विनीत नारायण पाण्डेय, तृतीय अपर जिला जज चित्रकूट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला न्यायाधीश, चित्रकूट फारूख इनाम सिद्दीकी, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट, संजय कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / त्वरित न्यायालय, चित्रकूट, सुशील कुमार वर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /त्वरित न्यायालय, चित्रकूट, सूर्य कान्त धर दुबे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चित्रकूट, श्रीमती विदुषी मेहा सिविल जज (सी.डि.), सुश्री सोनम गुप्ता सिविल जज (जू0 डि0), सुश्री वसुन्धरा शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम चित्रकूट एवं सुश्री संघमित्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, चित्रकूट उपस्थित रहे।


## साजन हुए पराए

बड़े साहब की किचन कैबिनेट के बड़े खास रहने वाले आज कल बुझे चिराग हो गए हैं। कभी वह भी समय था जब यह महोदय सज सवर कर अपने बड़े साहब की किचन कैबिनेट में जाया करते थे और अपने चिराग से रोशनी किया करते थे। तब सभी लोग इन्हें बड़े प्यार से साजन कहा करते थे। उस दौरान इन महोदय का जलवा था। जो चाहते वह करते थे। बड़े साहब भी इनके मुरीद थे। और मुरीद हो भी क्यों न। यह वही साजन है जिन्होंने अपने लाल टोपी वाले बड़े साहब के लिए जय जय जय जय सरीखे कई नारे तैयार किए जो उस दौरान हिट भी रहे। आज उन्हीं नारों ने बड़े साहब को अर्श से लाकर फर्श पर चारों खाने चित कर दिया है। ऐसी स्थिति में साजन का बुझा चिराग होना स्वभाविक है। आलम यह है पूरे कुनबे में इस मुझे चिराग की अब कोई पूछ ही नहीं रह गई है। कभी कभार ट्विटर और फेसबुक पर इस बुझे चिराग से काला धुंआ निकल आता है जिसका लाल टोपी वाले बड़े साहब पर कोई प्रभाव पड़ता नहीं दिखता। ऐसा लगता है लाल टोपी वाले बड़े साहब की कोई नई किचन कैबिनेट तैयार हो गई है जिसमें इन साजन महोदय की कोई दाल नहीं गल रही है। इसीलिए इनका चिराग भी बुझा हुआ है।



## काम किसी का क्रेडिट किसी को

काम किसी का, नाम किसी का। यह पंक्तियां इन विभागों पर सटीक बैठती हैं। शहर में जी 20, ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट में विभागों के अधिकारियों ने बड़े स्तर पर तैयारी की थी। तैयारी क रने के लिए जनेश्वर मिश्र पार्क, ग्लोब पार्क, बेगम हजरत महल पार्क का सौंदर्यीकरण कर शहर को चमकाया गया। राजधानी को एलडीए, नगर निगम, लेसा सहित अन्य विभागों ने 250 करोड़ रुपए खर्च कर जी 20 और ग्लोबल समिट की अगुवानी के लिए तैयार कर दिया। अच्छे और सफल आयोजन पर बड़े साहबों की बेचैनी बढ़ गयी... बेचारे साहब ! करते भी क्या...रात दिन मेहनत हम कर रहे हैं, क्रेडिट धाकड़ मैडम ले जा रही है। सातों दिन सफाई कर्मियों को देखने के चक्कर में सोना भी मुहाल हो गया। पार्कों के पेड़ों की कटाई छटाई में घर जाने की भी फुरसत नहीं मिली लेकिन हाथ कुछ नहीं लगा। ऐसे में अधिकारियों का दर्द झलकना स्वाभाविक है। सर्दी गर्मी झेलकर सारे काम छाते की नीचे रहकर एलडीए, नगर निगम के साहब ने किया लेकिन वाहवाही कोई और ले गया। दबी जुबान ही सही साहब के बाद यह चर्चा कर्मियों में भी शुरू हो गयी है।




## महफिल की शान बने साहब

लखनऊ में चल रहे अंतरराष्ट्रीय निवेश सम्मेलन के पहले दिन उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नौकरशाह ने महफिल लूट ली और उनके इस कारनामे को देखकर मुख्यधारा में तैनात अफसर हाथ मलते रह गए। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवानी में हुए इस कार्यक्रम में देश के तमाम दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए। रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी जब इस सत्र में आए तो उत्तर प्रदेश के एक वरिष्ठ नौकरशाह जो अपने प्रबंधन की शैली को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं उन्होंने बड़े ही गर्मजोशी से बढ़कर हाथ मिलाया और मुकेश अंबानी ने उनसे बहुत ही गर्मजोशी से हाथ मिलाते हुए उनकी पीठ थपथपाई पूरे हॉल में बड़ी बड़ी स्क्रीन पर यह दृश्य चलने लगा और इसको देखकर कई लोग तालियां बजाने लगे। यह देखकर वहां खड़े अन्य अधिकारी जो इस समय मुख्यधारा में हैं उनसे नहीं रहा गया और वह भी आगे बढ़े। तब उन्होंने भी अंबानी से हाथ मिलाया लेकिन सबसे पहले हाथ मिलाने वाले जो साहब थे उन्होंने तब तक महफिल लूट ली थी।



## कहीं पे निगाहें कहीं पर निशाना

लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक ए डबल प्लस की रेटिंग मिलने के बाद कई महीनों से लिफाफा खुलने की आस लगाए शिक्षकों का धैर्य जवाब दे रहा है। पिछले दिनों आम सभा की बैठक कहीं पर निगाहें कहीं पर निशाना जैसी चरितार्थ होते दिखी। हुआ यूं कि बैठक में नेताजी सीधे सीधे मुद्दा कैसे उठाएं यह भारी प्रश्न था। तो फिर मूलभूत सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया गया। बैठक में कहा गया कि हिंदी सहित कई विभागों में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। यहां तक कि शौचालय के प्रयोग करने के लिए शिक्षकों को दूसरे विभागों में जाना पड़ता है। कई विभाग ऐसे हैं जहां पर पीने के साफ पानी तथा शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। इसके अतिरिक्त कई विभाग ऐसे हैं जहां महिलाओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था नहीं है। विवश होकर पुरुष एवं महिला शिक्षक तथा छात्र सभी एक ही शौचालय का प्रयोग करते हैं। जिससे शिक्षकों विशेषकर महिला शिक्षकों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। बैठक में कुल मिलाकर दर्द बाहर आ ही गया। लोगों का कहना था कि विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार आवेदन करने के छह माह के अंदर प्रमोशन की प्रक्रिया पूर्ण किए जाने का प्रावधान है पर विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में शिक्षकों के प्रमोशन लंबित हैं। जिन विभागों में शिक्षकों की प्रोन्नति की चयन समितियां संपन्न हो चुकी हैं उनका परिणाम लगभग ढाई माह से घोषित न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कुल मिलाकर मुद्दा यही था पर डायरेक्ट कह नहीं सकते इसलिए पहले मूलभूत सुविधाओं का मामला उठाया गया फिर प्रमोशन का। इसे कहते हैं कहीं पर निगाहें कहीं पर निशाना।

## ये सहारा भी लिया छीन

सोशल मीडिया पर ज्ञान की गंगा बिखरने वाले खाकी के धुरंधरों को मुख्यालय से जारी पॉलिसी से गहरा धक्का लगा है। इसको लेकर उनके मन में काफी गुस्सा भी है लेकिन क्या करें। अपना गुबार निकालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। दरअसल इनमें से ज्यादातर ऐसे अफसर हैं जो भगवा सरकार के लंबे कार्यकाल के दौरान साइड पोस्टिंग में ही अपना समय गुजार रहे हैं। ऐसे में अपने को लाइम-लाइट में लाने और मन की भड़ास निकालने के लिए सोशल मीडिया ही इन्हें सबसे मुफीद माध्यम लगता था। खाकी वाले एक अधिकारी साइकिल वाली सरकार में कई जिलों में कप्तान रहे लेकिन भगवा सरकार के बाद से तो ऐसे साइड लाइन हुए कि एसपी से डीआईजी बन गए लेकिन चार्ज पोस्टिंग नसीब नहीं हुई। ऐसे में बेचारे सुबह होते ही रोजाना सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और विभिन्न विषयों पर अपने विचार व नसीहतें आभासी दुनिया के लोगों को बांटते हैं। ऐसे ही एक डीआईजी साहब हैं जो एक समय कप्तान के रूप में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट का तमगा पाकर भूले नहीं समाते थे लेकिन वह भी लंबे समय से रंगरूटों को प्रशिक्षण देने के कार्य में जुटा दिए गए हैं। यह साहब तो बकायदा यू-ट्यूब पर अपना चैनल चलाकर लोगों को कानूनी राय बांटते हैं। इस फेहरिस्त में कई धुरंधरों के नाम शामिल हैं। तमाम तो ऐसे हैं जो रोजाना अपनी नई-नई तस्वीरें साझा करके 'चुलबुल पांडे' वाली फिल्मी इमेज बनाने के प्रयास में लगे रहते हैं। अब मुख्यालय से जारी पॉलसी में ड्यूटी के दौरान सोशल मीडिया का प्रयोग करने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने के साथ ही दो दर्जन अन्य सख्त हिदायतें दिए जाने से इनके इन क्रिया-कलापों पर भारी कुठाराघात होता नजर आ रहा है।

# उद्योग जगत का नया हब बनेगा यूपी, इटली निभाएगा अहम भूमिका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- प्रदेश को बुलेट ट्रेन की रफ्तार से ले जाएंगे नई ऊंचाइयों पर: अलेसांद्रो

**यूपी** और इटली के बीच बीते कई वर्षों से आर्थिक संबंध रहे हैं लेकिन अब योगी सरकार के प्रयासों के चलते दोनों बुलेट ट्रेन की गति से इसे नई ऊंचाई पर ले जाने को प्रतिबद्ध हैं। इटेलियन एंबेसी के ट्रेड कमिश्नर अलेसांद्रो लिबेराटोरी ने शनिवार को वृंदावन योजना में चल रही यूपीजीआईएस के वशिष्ठ हैंगर में आयोजित इटली पार्टनर कंट्री सेशन में इसकी पुष्टि की। उन्होंने उत्तर प्रदेश और इटली के बीच ट्रेड सिनर्जी में समानता का हवाला देते हुए कहा कि हमारे बीच व्यापार की असीमित संभावनाएं बरकरार हैं। साथ ही सीएम योगी यूपी में इंडस्ट्री लगाने के लिए जो नई पॉलिसी लेकर आएं हैं उससे उत्तर प्रदेश उद्योग जगत का नया हब बनकर उभरेगा और इसमें इटली के उद्योग अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि इटली यूपी में टेक्नोलॉजी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, लेदर, टेक्सटाइल, ड्रग्स और केमिकल्स के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाएगा। इटेलियन एंबेसी के ट्रेड कमिश्नर अलेसांद्रो लिबेराटोरी ने कहा कि इटली प्रदेश में पहले से ही निवेशक के तौर पर उपस्थित है। वहीं अब इसे बढ़ाते हुए नई टेक्नोलॉजीए क्लीन एनर्जी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, फूड प्रोसेसिंग और लघु एवं मध्यम उद्योग के क्षेत्र बड़ा निवेश करेगा। इसके साथ ही अगले कुछ वर्षों में स्मार्ट सिटी, मोबिलिटी, स्मार्ट ग्रिड, गैस ट्रांसपोर्टेशन और नैचुरल गैस को बढ़ावा देने में अपना भरपूर सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि इटली उत्तर प्रदेश को सर्कुलर इकोनॉमी बनने में भी मदद करेगा क्योंकि इटली अपने अर्बन वेस्ट को 79 प्रतिशत से ज्यादा को रिसाइकल करता है। इतना ही नहीं यूनेस्को साइट्स व वल्ड हेरिटेज रीजंस को संरक्षित करने में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा। वहीं स्पेस टेक्नोलॉजी, लेदर प्रोसेसिंग को प्रदेश में बढ़ावा देकर वैश्विक बाजार में यूपी को पहचान दिलाने में मदद करेगा। इससे पहले अपर मुख्य सचिव स्पोर्ट्स नवनीत सहगल ने विदेशी मेहमानों का स्वागत करते हुए यूपी के विकास की ओर बढ़ते कदमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इटली और यूपी के पहले से ही संबंध काफी अच्छे रहे हैं। अब इटली इन संबंधों को व्यापार में बदलने जा रहा है। उन्होंने इसकी वजह सीएम योगी की दूरगामी सोच को बताया।

## जीआईएस पार्क में किया गया पौधरोपण



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के अवसर पर विकसित जीआईएस पार्क में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर नीदरलैंड्स के राजदूत मार्टेन वेन डेन बर्ग भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जेपी सिंह अध्यक्ष संस्कृत भारतीन्यास अवधप्रान्त ने सहभाग कर पौधरोपण में सहयोग किया। इस अवसर पर विनम्र अग्रवाल चैयरमैन, सीआईआई पीयूष वर्मा विशेष सचिव औद्योगिक विकास एवं प्रबंधनिदेशक पीकप, गिरीश चावला वरिष्ठ निदेशक सिगनीफाई इनोवेशन इंडिया लिमिटेड, भावना विश्वनाथन सीईओ क्रिमीको इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सुदीप संगमेश्वरन प्रबंध निदेशक पक्यूस इंवनमेंटल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, कुशाग्र नंदन प्रबंध निदेशक सन सोर्स एनर्जी, थेरस जीलिंग समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के जुड़ने से यूपी की निवेश यात्रा को मिलेगी और गतिः सीएम

### यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में जारी निवेश महाकुंभ से यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के जुड़ने से यूपी की निवेश यात्रा को और गति मिलेगी। जीआईएस-23 के दौरान आपने उत्तर प्रदेश में व्याप्त असीम संभावनाओं को महसूस किया होगा। उत्तर प्रदेश अपने विकास की नई गाथा लिख रहा है। बेहतर कानून व्यवस्था, कनेक्टिविटी और निर्बाध विद्युत की उपलब्धता से यहां निवेश का बेहतर माहौल बना है। उन्होंने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि आपका आपका निवेश यहां सुरक्षित और फलदाई रहेगा।

सीएम योगी ने शनिवार को बेल्जियम के पूर्व उप प्रधानमंत्री और यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक के उपाध्यक्ष कृष पीटर्स के नेतृत्व में जीआईएस-23 में हिस्सा लेने आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सबका स्वागत करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आप यूपी जीआईएस में शामिल हुए। इस सम्मेलन के दौरान आपको उत्तर प्रदेश निवेश की असीम संभावनाओं के बारे पता चला होगा। उन्होंने कहा कि यूपी भारत की आबादी का बहुत बड़ा राज्य है 25 करोड़ की जनसंख्या यहां निवास करती है जो इसे भारत का सबसे बड़ा श्रम एवं उपभोक्ता बाजार बनाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रकृति और परमात्मा की असीम कृपा वाला उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्ष में यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में बहुत कार्य हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए त्वरित गति से बुनियादी ढांचे का विकास किया है जिससे उद्योगों को वैश्विक एवं घरेलू बाजार तक पहुंच बनाने में लॉजिस्टिक्स की सुलभता में वृद्धि होगी। सीएम योगी ने कहा कि हमारे पास सबसे बड़ा लैंडबैंक है।

## फूड प्रोसेसिंग में उत्तर प्रदेश निवेश का सबसे अच्छा केंद्रः योगी

### मुख्यमंत्री ने की नीदरलैंड के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जीआईएस-23 से पार्टनर कंट्री के तौर पर जुड़े नीदरलैंड के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। भारत में नीदरलैंड के उच्चायुक्त मार्टिन वेन डेन बर्ग के नेतृत्व में आए डच प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी से उत्तर प्रदेश में अपने निवेश के अनुभव साझा किए। वहीं सीएम योगी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश का मतलब भारत की अर्थव्यवस्था को तेज करना है।

सीएम योगी ने नीदरलैंड सरकार को आभार ज्ञापित करते हुए कहा पार्टनर कंट्री के तौर पर जीआईएस-23 से नीदरलैंड के जुड़ने से हमारी सहभागिता और मजबूत होगी। इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश की अर्थव्यस्था आगे बढ़ेगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश में व्याप्त असीम संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे पास देश की 11 प्रतिशत भूमि है लेकिन हम भारत के बीस प्रतिशत खाद्यान्न का उत्पादन करते हैं। फूड प्रोसेसिंग में उत्तर प्रदेश निवेश का सबसे अच्छा केंद्र है। सीएम योगी ने कहा कि हमने प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में 23 लाख हेक्टेयर भूमि की अतिरिक्त सिंचन क्षमता को बढ़ाया है। गन्ना, आलू और दुग्ध के उत्पादन में देश में नंबर एक हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी कनेक्टिविटी और निर्बाध विद्युत की उपलब्धता से उत्तर प्रदेश में निवेश का अच्छा माहौल बना है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की सड़कों को बेहतर करने के लिए एफडीआर तकनीक को अपनाने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है जिसे देश के अन्य राज्य भी अपना रहे हैं। 5 एक्सप्रेस-वे के माध्यम से हमने प्रदेश के सभी हिस्सों को जोड़ा है। हमारी इंटर स्टेट कनेक्टिविटी बहुत बेहतर हुई है। आज उत्तर प्रदेश से किसी भी राज्य में जाना और आना बहुत आसान और सुविधाजनक है। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि यहां निवेश करने वाली कम्पनियों का निवेश सुरक्षित रहेगा।

### नीदरलैंड की कंपनियां यूपी में निवेश को इच्छुकः मार्टिन वेन डेन बर्ग

**नीदरलैंड** के उच्चायुक्त मार्टिन वेन डेन बर्ग ने जीआईएस-23 के आयोजन पर मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि निवेशक सम्मेलन बहुत ही प्रभावी है। यह सम्मेलन निवेशकों को यूपी में निवेश करने के लिए आकर्षित करने में सफल रहा है। डच कम्पनियों के प्रतिनिधियों से परिचय कराते हुए नीदरलैंड के उच्चायुक्त ने कहा कि खाद्य, ऊर्जा, मैनुफैक्चरिंग सेक्टर में उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड की कम्पनियों को सरकार की तरफसे मिले सहयोग पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आने वाले समय में नीदरलैंड की और कम्पनियां उत्तर प्रदेश में निवेश को इच्छुक हैं।

# अब यह वह प्रदेश नहीं जो छह वर्ष पहले हुआ करता था: सीएम योगी



- योगी ने सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की
- सिंगापुर के उद्यमियों ने 29 हजार करोड़ के 20 एमओयू किए हस्ताक्षरित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश बदल चुका है। अब यह वह प्रदेश नहीं है जो छह वर्ष पहले हुआ करता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म को आत्मसात कर नए भारत का नया उत्तर प्रदेश देश के ग्रोथ इंजन की भूमिका निभाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि आज देश में सबसे अच्छा इन्फ्रास्ट्रक्चर उत्तर प्रदेश में है। यही नहीं भारत में सबसे उर्वरा भूमि और जल संसाधन यहीं पर है। सीएम योगी ने कहा कि यहां के हर जनपद के अपने उत्पाद हैं। इन परम्परागत उत्पादों को हमने एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी के रूप में आगे बढ़ाया है। इससे प्रदेश के निर्यात में भरी वृद्धि हुई है।

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यस्था बनाने के लिए प्रदेश में चल रहे निवेश महाकुंभ जीआईएस23 के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की आजादी में सिंगापुर का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि पार्टनर कंट्री के तौर पर सिंगापुर जीआईएस 23 से जुड़ने वाला सबसे पहला देश है। जिस तरह से निवेशक यूपी में निवेश कर रहे हैं 2027 तक उत्तर प्रदेश अपनी अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर की बनाने में सफल रहेगा। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अध्यात्म और ईको टूरिज्म में अपार संभावनाएं हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के बन जाने से वाराणसी में प्रत्येक माह एक करोड़ पर्यटक आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू होने से दस गुना पर्यटक बड़े हैं। नैमिष में भारत के वैदिक साहित्य का लेखन हुआ है। हस्तिनापुर में शुक तीर्थ का हम विकास कर रहे हैं। ब्रज तीर्थ बोर्ड के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि का विकास किया जा रहा है। इससे पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि हमारे यहां 9 एयरपोर्ट संचालित हैं। दस पर कार्य प्रगति पर है। सभी एयरपोर्ट के संचालित हो जाने पर यूपी देश में सबसे ज्यादा एयरपोर्ट वाला राज्य हो जाएगा।

### अपने दूसरे घर जैसा लगता है उत्तर प्रदेशः साइमन वॉन्ग

17 उद्यमियों के साथ सीएम योगी से मुलाकात करने पहुंचे सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग ने कहा कि हमने 29 हजार करोड़ के 20 एमओयू साइन किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां के उद्यमि शिक्षा, स्मार्ट सिटी, सेफ सीटी, वेस्ट मैनेजमेंट, डाटा सेंटर सहित कई अन्य क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश आद्यौगिक नीति की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की तरफसे जिस तरह से निवेशकों को सहयोग मिल रहा है उससे अन्य निवेशक भी उत्तर प्रदेश में निवेश करेंगे।

## यूपी में निवेश का रोडमैप बहुत ही शानदारः केशव प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के तहत शनिवार को दूसरे दिन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में पार्टनर कंट्री नीदरलैंड के साथ कार्यशाला का आयोजन व्यास हाल वृंदावन कॉलोनी लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नीदरलैंड और भारत के पारस्परिक संबंध बहुत अच्छे रहे हैं और अच्छे हैं। नीदरलैंड पहले से ही भारत मे निवेश कर रहा है । विश्वास व्यक्त किया कि आगे और अधिक कारोबार कर नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कारोबार व निवेश की अपार संभावनाएं हैं। यहां उपभोक्ताओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यना के नेतृत्व में सरकार बनी है, तबसे यहां पर कोई राजनीतिक लाभ लेने वाली नीतियां नहीं बनी है, बल्कि दूरगामी, दूरदर्शी और परिणापरक व लाभकारी नीतियां बनी है, जो भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बहुत ही कारगर सिद्ध होगी और निवेशकों के लिए भी बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निवेश के लिए बहुत ही प्रभावी रोडमैप तैयार किया गया है। भारत के बड़े औद्योगिक घरानों द्वारा भी उत्तर प्रदेश में निवेश किया गया है लेकिन अभी और बहुत कुछ निवेश करने की आवश्यकता है जिस पर कई कंपनियों ने सहमति भी जताई है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है। यहां हर सेक्टर के लिए शानदार नीतियां बनाई गई हैं। यूपी की ब्यूरोक्रेसी भी पूरी रफ्तार से इस दिशा में सक्रिय है।

### सीएम ने डेनमार्क तथा स्पेन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की

## पहले निवेश गुजरात, महाराष्ट्र तक था सीमित अब यूपी में भी आ रहा पर्याप्त निवेश : मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स 2023 में सम्मिलित हुए विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधिमण्डलों के साथ अलग-अलग बैठक की। इस क्रम में उन्होंने डेनमार्क तथा स्पेन के प्रतिनिधिमण्डल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश अगली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पूर्व एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की नजदीक पहुंच चुका होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश की अपार सम्भावनाएं हैं। पूर्व में देश में निवेश गुजरात और महाराष्ट्र तक सीमित था लेकिन अब उत्तर प्रदेश में भी पर्याप्त निवेश आ रहा है। राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर का निरन्तर विकास किया जा रहा है। प्रदेश में अच्छी कनेक्टिविटी है। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क 16000 किलोमीटर उत्तर प्रदेश में है। 6 एक्सप्रेस वे का निर्माण हो चुका है। प्रदेश में 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। 10 अन्य एयरपोर्ट विकसित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सस्ता श्रम, बेहतर कानून व्यवस्था, पर्याप्त लैण्ड बैंक तथा 25 सेक्टोरयल पॉलिसीज हैं। प्रदेश इको-टूरिज्म तथा स्प्रिचुअल टूरिज्म का प्रमुख केन्द्र है। राज्य में पर्याप्त कृषि योग्य तथा उपजाऊ भूमि है। देश की कुल कृषि योग्य भूमि में 11 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश की हैए जबकि कुल खाद्यान्न उत्पादन में राज्य 20 प्रतिशत का योगदान करता है।

## बेहतर कानून व्यवस्था से यूपी दुनिया में निवेश के सबसे आकर्षक गन्तव्य के रूप में उभरा

- सीएम ने की द काउंसिल ऑफ ईयू चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स इन इंडिया के प्रतिनिधिमडंल के साथ बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी ने अपने सरकारी आवास पर द काउंसिल ऑफ ईयू चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स इन इण्डिया की निदेशक डॉ रेनू शॉम के नेतृत्व में आये प्रतिनिधिमण्डल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 05-06 वर्षों में बेहतर कानून व्यवस्था तथा अवसंरचना के विकास के लिए किये गये कार्यों से उत्तर प्रदेश देश और दुनिया में निवेश के सबसे आकर्षक और अनुकूल गन्तव्य के रूप में उभरा है। प्रदेश में सस्ता श्रम, बेहतर कानून व्यवस्था, पर्याप्त लैण्ड बैंक तथा 25 सेक्टोरियल पॉलिसीज हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एमएसएमई का बहुत बड़ा बेस है। प्रदेश में वर्तमान में 96 लाख एमएसएमई इकाइयां हैं। पहले यह क्षेत्र शासन की उपेक्षा के कारण दम तोड़ रहा था। वर्ष 2017 में सत्ता में आने के बाद हमने एमएसएमई को एक जनपद एक उत्पाद के रूप में प्रोत्साहित किया। वर्तमान में उत्तर प्रदेश एमएसएमई के माध्यम से 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का एक्सपोर्ट कर रहा है। निवेशक एमएसएमई से टाइअप कर उत्तर प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करें। राज्य में न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप निवेश को सुगमता प्रदान करता है। प्रदेश में बैंक और वित्तीय संस्थाएं वित्तीय पोषण के लिए तैयार हैं। प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों जैसे पैकेजिंग, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, टेक्सटाइल्स, चिकनकारी, ओलिव ऑयल के क्षेत्र में निवेश की इच्छा व्यक्त की।

## दो मेहमानों की तबियत बिगड़ी मौके पर ही हुआ इलाज

**लखनऊ।** राजधानी में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के दौरान शनिवार को दो मेहमानों की तबियत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद कार्यक्रम स्थल पर मौजूद डॉक्टरों ने दोनो का इलाज किया। दोनों मेहमान उल्टी दस्त की चपेट में थे। दोनों ही मेहमानों की तबियत फिलहाल ठीक है। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल के मुताबिक शनिवार को कनाड़ा के एक मेहमान की तबीयत बिगड़ गई। उल्टी-दस्त होने लगी। देखते ही देखते दूसरे भारतीय मेहमान की तबीयत खराब होने लगी। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें टेंट सिटी स्थित चिकित्सा बूथ नम्बर दो पर पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने लक्षणों के आधार पर सेहत की जांच कराई। उसके बाद दोनों को टेंट में वापस भेज दिया गया। डॉ. शाहिद रजा ने बताया कि उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद दोनों को बूथ पर लाया गया था। ओआरएस घोल पीने की सलाह दी गई है। उन्हें पर्याप्त ओआरएस पैकेट वितरित किए। साथ ही दूसरी जरूरी दवाएं दी गई हैं।

# समस्याओं का मौके पर जाकर करें समाधान

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जिले** के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस –प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पर अधिकारियों ने मातहतों को प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना फूलबेहड़ व थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचेए जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। शासन की मंशा है कि गांवोंए कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए। इसलिए माह के दूसरे व चौथे शनिवार को हर थाने पर थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण किया जाता है। थाना समाधान दिवस थाना कोतवाली फूलबेहड़ में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राजस्व.पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीला हवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम व तहसीलदार को अवगत कराएंए ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। इस मौके पर तहसीलदार सुशील प्रताप सिंहए कोतवाल बलवंत शाही मौजूद रहे।

## जैतीपुर - दातागंज - बदायूं मार्ग का होगा चौड़ीकरण

**शाहजहांपुर।** अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड 1 शाहजहांपुर रथिन सिन्हा ने बताया कि जैतीपुर - दातागंज - बदायूं मार्ग (राज्य मार्ग सं0-126) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन एवं विधानसभा कटरा के सेतु/ मार्गो का शिलान्यास/ लोकार्पण सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उ प्र सरकार की अध्यक्षता में जितिन प्रसाद, मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ प्र सरकार के कर कमलों द्वारा जेपीएस राठौर,राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग, उ प्र सरकार एवं अन्य गणमान्य महानुभाव की गरिमामयी उपस्थिति में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन नवादा मोड़ तिलहर जैतीपुर टी. प्वाइंट पर दिनांक 13 फरवरी, 2023 दिन सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे किया जायेगा। जिसमें जिले के अन्य मार्गों के मरम्मत कार्यों की भी जानकारी दी जाएगी।

# परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

● परीक्षा को नकलमुक्त और सुचारू रूप से कराने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण

संवाददाता। शाहजहाँपुर




**माध्यमिक** शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2023 को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण नकल विहीन तथा सुचारू रूप से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से गांधी भवन प्रेक्षागृह में समस्त जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान परीक्षा प्रक्रिया के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शांतिपूर्ण, नकल विहीन तथा सुचारू रूप से परीक्षा संपन्न कराए जाने हेतु कड़े दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा, उनके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हो यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि विलंब से उपस्थित को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। नियमानुसार सीसीटीवी कैमरे को लगाते हुए उसके सुचारू संचालन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए । परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षकों की पर्याप्त संख्या में तैनाती करते हुए उन्हें परीक्षा प्रक्रिया से भलीभांति अवगत करा दिया जाये। परीक्षा केंद्रों पर अवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने सभी सभी उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्र अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में भ्रमणशील रहें। साथ ही सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी भी क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करते हुये व्यवस्थाओं को जायजा लें। कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा केंद्र के आसपास पत्थर, जलभराव इत्यादि ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। केंद्रों पर समस्त खिड़की दरवाजे दुरुस्त करा लिए जाएं तथा अन्य आवश्यक प्रबंध भी सुनिश्चित किए जाएं। सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित रहे यह सुनिश्चित करने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम संचालित किया जाएगा। जिसमें मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की जाएगी। उन्होंने कोई भी संशय होने पर उसका तत्काल समाधान किए जाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्विघ्न शांतिपूर्ण और पूरी सुचिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया।

## सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**बरेली।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक ग्रामीण की मौत हो गई पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा आज पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव डेहरिया निवासी 50 वर्षीय रामकिशोर पुत्र टीकाराम के शव की शिनाख्त आज पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे घर वालों ने कर ली है उन्होंने बताया कि रामकिशोर 9 फरवरी को गांव में ही रहने वाले अमर सिंह की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने गया था लेकिन वह वापस घर नहीं लौटा और घर के लोग उसे तलाशने में जुट गए लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला उसी रात पीलीभीत बाईपास पर जगबानी ढाबे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## बाला एजुकेशन एकेडमी में दो दिवसीय योग शिविर संपन्न

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**आयुष** मंत्री डॉण् दयाशंकर मिश्र ष्दयालुष् एवं अपर मुख्य सचिव आयुष आराधना शुक्ला के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी के मिशन निदेशक सुखलाल भारती तथा निदेशक आयुर्वेद सेवाएं प्रोण्पीण्सीण्सक्सेना के निर्देशानुसार व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी लखीमपुर डॉण्विजय प्रकाश के संयोजन में चल रहे आयुष योग वेलनेस सेंटर राजकीय



आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर लखीमपुर के योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा एवं योग सहायक सीमा देवी द्वारा बाला एजुकेशन एकेडमी मीरपुर में दो दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। जिसमें द्वितीय दिवस योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने छात्र. छत्राओं को अष्टांग योग की जानकारी देते हुए सूक्ष्म व्यायामएताड़ासनएत्रिकोणासनएपादहस्तासनए अर्धचक्रासनए घुटना संचालनएवज्रासनए उष्ट्रासनए भुजंगासनए उत्तानमंडूकासन सहित लस्सी पियासनए हसासनए अभ्यास के साथ अनुलोम विलोमए भ्रामरी प्राणायाम एवं ब्रेन पावर योग का अभ्यास कराया। साथ ही जी.20 भारत वसुधैव कुटुम्बकम् के बारे में जागरूक करते हुए बताया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक विकास वर्मा एवं प्रधानाचार्य रिशु पटेल अपने समस्त स्टॉफके साथ उपस्थित रहे।

## शौचालय में ताले के विवाद को लेकर हुई मारपीट

**सीतापुर।** सीतापुर के अटरिया इलाके में शनिवार को दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। एक दिन पहले शौचालय में ताला पड़े होने को लेकर हुई कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और बांका चले, जिसमें दंपती समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से दो लोगों को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। आइए आपको पूरे मामले से रूबरू करा देते हैं। दरअसल, अटरिया इलाके के परेवाजाल गांव निवासी प्रेमा देवी और गुड़िया के बीच शुक्रवार को शौचालय में ताला लगा हो होने को लेकर विवाद हो गया था। उसी को लेकर शनिवार को बवाल हो गया। दोनों एक ही परिवार की हैं और रिश्ते में देवरानी-जेठानी बताई जा रही हैं। प्रेमा देवी की बहू शशि का आरोप है कि शुक्रवार को विवाद की वजह से घनश्याम ने अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर पर आकर धावा बोल दिया, फिर मारपीट शुरू कर दी।

## डीएम के आदेश की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता। सीतापुर

**परसेंडी** ब्लाक अंतर्गत ग्रामसभा मेवारामनगर के एक शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। जिन्होंने इसका संज्ञान लेते हुए संबंधित ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, एडीओ पंचायत तथा स्थानीय बीडीओ को निर्देशित किया था साथ ही जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सीतापुर को जांच अधिकारी नामित कर तीन सप्ताह में स्पष्ट जांच रिपोर्ट तलब की थी। शिकायतकर्ता की ताजा शिकायत पर भरोसा करें तो उपरोक्त सभी अधिकारियों ने जिलाधिकारी के आदेश की खुली अवहेलना की है, इसे लेकर शिकायतकर्ता ने सभी संबंधित पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। विवरण के मुताबिक मेवारामनगर निवासी राजेश कुमार पुत्र भोंदू यादव ने 17 अगस्त 2022 को एक नोटरी सत्यापित प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया था, इसमें ग्राम पंचायत की धनराशि से गौशाला निर्माण, प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, सोलर लाइट, इंटरलाकिंग, माया के मकान से रोड तक, रामअवतार के मकान से गंगा के मकान तक खड़ंजा निर्माण, मेवा बाजार से पाशू के मकान तक मनरेगा योजना में कार्ड धारकों की धनराशि के आहरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रधान एवं सचिव द्वारा गड़बड़ी करने का आरोप लगाया था। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने इस पत्र का संज्ञान लेते हुए अपने आदेश क्रमांक 37<22 दिनांक 26 सितंबर 2022 को जांच का आदेश जारी कर दिया था, जिसके लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को नामित करते हुए 3 सप्ताह में अनिवार्य रूप से जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। शिकायतकर्ता ने 1 फरवरी को पुन: प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है।

## क्विक न्यूज

### एसएसपी ने रेनबो आर्ट एग्जिबिशन व वर्कशॉप का उद्घाटन किया

**बरेली।** टैलेंट अकैडमी बरेली के द्वारा 10जी नेशनल रेनबो ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन एवं वर्कशॉप का उद्घाटन मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार चौरसिया के शुभ हाथों से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। गैलरी में चित्रकारों की भीड़ लगी रही और आप लवर लोगों का तांता लगा रहा। मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार चौरसिया ने लोगों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि की टैलेंट आर्ट अकैडमी आगे भी ऐसी चित्रकला प्रदर्शनी लगाते रहे मेरी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ रहेंगी। उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि के सामने लाइव डेमो लखनऊ से आए चित्रकार मोहम्मद इशाक ने अपने थम से लैंडस्केप बनाया। यह ब्रश का प्रयोग नहीं करते हैं। यह चित्र 9 मिनट में पूरी पेंटिंग बनाकर तैयार की गई। सभी ने उनकी सराहना की । गैलरी में लगे चित्रों मैं प्रीति राजपूत के चित्र मैं बकरी के बच्चे को दूध पिलाते हुए एक मां को दिखाया की मां अपने बच्चों और बकरी के बच्चों में कोई भेद नहीं करती। आयोजक शिब्ली खान ने अपने चित्रों में दिखाया कि भारतीय फोक आर्ट जो लोग भूल चुके हैं। इस आठ को जिंदा रखने का संदेश दिया।

### आईजी ने मॉनिटरिंग सेल प्रभारियों के साथ की बैठक

**बरेली।** बरेली रेंज के जिलों के मॉनिटरिंग सैल प्रभारियों के साथ आईजी डा. राकेश सिंह ने मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने सभी को किसी भी अपराध में शामिल अपराधियों के खिलाफसक्रिय होकर पैरवी कर न्यायालय से सजा दिलाने को कहा। साथ ही कहा कि आरोपियों को सजा दिलाने के लिए समय-समय पर गवाहों से गवाही भी कराया जाए। दरअसल, आईजी ने बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के मॉनिटरिंग सेल के प्रभारियों और कर्मचारियों के साथ शुक्रवार को बैठक किया। इस दौरान सभी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिए। साथ ही पैरवी करते हुये सजा दिलाने वाले पैरोकारों और पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत व प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाये।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**बरेली।** तेजी से आ रही कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार दो युवक घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीलीभीत के बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव मघई निवासी 21 वर्षीय सूरज पुत्र राकेश और यहीं के रहने वाले 22 वर्षीय रोहित पुत्र राम बहादुर को बीती रात घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां घायलों ने बताया कि वह दोनों दिल्ली में रहकर काम करते हैं और कल शाम को अपने घर वापस लौटने के लिए मोटरसाइकिल से दिल्ली से चले थे लेकिन देर रात जब उनकी बाइक सीबी गंज थाना क्षेत्र में पहुंची तभी तेजी से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह जमीन पर गिर कर घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली कार के चालक ने ही एंबुलेंस चालक को सूचना दी लेकिन जब तक वह एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचा टक्कर मारने वाली कार फरार हो गई एंबुलेंस चालक दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

### परिवर्तनकामी छात्र संगठन ने लाठीचार्ज का किया विरोध

**बरेली।** परिवर्तन का में छात्र संगठन के सदस्यों ने शहर सचिव कैलाश के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जिसमें देहरादून में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का का विरोध किया गया ।उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती बेरोजगारी भर्तियों में पेपर लीक और भ्रष्टाचार के खिलाफछात्रों और नौजवानों में आक्रोश व्याप्त हैं और इस समय युवा अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। प्रदेश में सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार में पेपर लीक एक रिवाज सा बन गया है ।उत्तराखंड में भी लगातार सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार व पेपर लीक के सिलसिलेवार मामले सामने आए हैं ।जनवरी 2023 में आयोजित हुई लेखपाल की परीक्षा भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। अपने पांच सूत्री ज्ञापन में परिवर्तन कामी छात्र संगठन ने कहा बेरोजगार नौजवानों पर लाठीचार्ज के दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफकार्रवाई की जाए। भर्ती घोटालों की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। केंद्र व राज्य सरकार के विभागों में रिक्त लगभग 60,000 पदों पर तत्काल तैनाती की जाए। हर किसी को उसकी योग्यता का रोजगार दिया जाए।

### ई रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** रात के समय घर से निकले एक ई रिक्शा चालक ने गांव के बाहर सड़क किनारे लगे पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली सुबह होने पर लोगों ने उसकी लाश को देखा और घटना की जानकारी घर वालों को भी जो मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। बहेडी थाना क्षेत्र के गांव उनई खालसा निवासी 28 वर्षीय विनोद सिंह पुत्र श्याम सिंह की लाश आज सुबह गांव के पास ही सड़क किनारे लगे शीशम के पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि विनोद तीन बेटों का पिता था और ई रिक्शा चला कर गुजारा करता था कल रात को रोजाना की तरह खाना खाकर बिस्तर पर सोया था लेकिन देर रात बिना बताए घर से बाहर चला गया।

## शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 13 को

संवाददाता। शाहजहांपुर

**13 फरवरी** सोमवार प्रात: 10 बजे से जिला केंद्र गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा शाहजहांपुर भगवती हॉल में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के सभी संस्कृत ज्ञान परीक्षा के भागीदार विद्यालयों को एवं जिला तहसील स्तर के प्राविण्य विद्यार्थियों को इस में आमंत्रित किया गया है। उन्हें इस कार्यक्रम में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षापूरे देश में लगभग 50 लाख से भी अधिक विद्यार्थियों के बीच परीक्षा संपन्न हुई। यह परीक्षा केंद्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय नियामक बोर्ड एवं प्रदेश सरकार की अनुमति प्राप्त शाहजहांपुर जनपद के 221 विद्यालयों कक्षा 5 से डिग्री कॉलेज तक के 23000 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में अपनी भागीदारी की। परीक्षा संपन्न करवाने में प्रशासन शिक्षक बंधु एवं गयात्री परिवार के कार्यकर्ताओं एवं शक्तिपीठ युवाप्रकोष्ठ का उल्लेखनीय सहयोग रहा। परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है। तीन स्तरीय मैरिट के अनुसार जिला स्तरीय तहसील स्तरीय एवं विद्यालय स्तरीय प्राविण्य विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। परीक्षा में पास हुए सभी विद्यार्थियों को शांतिकुंज हरिद्वार से प्रेषित प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में जिला एवं तहसील स्तर पर प्राविण्य विद्यार्थियों हेतु एवं भागीदारी विद्यालयों को सम्मानित करने के उद्देश्य से दिनांक 13 फरवरी सोमवार प्रात: 10 बजे से जिला केंद्र गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा शाहजहांपुर भगवती हॉल में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के सभी भागीदार विद्यालयों को एवं जिला तहसील स्तर के प्राविण्य विद्यार्थियों को इस में आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम हरिद्वार से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी आदरणीय राम यस तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा।

## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री से ग्रामीणों ने की रपटा पुल बनवाने की मांग

संवाददाता। लखीमपुर खीरी।



**तहसील** निघासन के स्थानीय विकास क्षेत्र के उपग्राम मिठुई मजरा बैलहा के ग्रामीणों ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अंजय मिश्र टेनी को रपटा पुल बनवाने के लिए ज्ञापन दिया है। ज्ञापन के अनुसार लखीमपुर खीरी संसदीय क्षेत्र के निघासन विकास क्षेत्र के उपग्राम मिठुईए लोखंदरपुरए मन्ना पुरवाए मेटहिया तथा ग्रंट नंबर बारह के ग्रामीणों के आवागमन के लिए एकमात्र रास्ता झंडी से होकर गुजरता है उसी बीच में शारदा नदी से प्रवाहित होने वाला बहतिया नाला पड़ता हैए उक्त नाले में हमेशा पानी भरा रहने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैए इतनी विडंबना है कि आजादी प्राप्त होने के दशकों बीत जाने के बावजूद उक्त नाले पर अभी तक एक रपटा पुल का निर्माण भी नहीं किया गया जिसकी वजह से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को नाव से उतरकर विद्यालय जाना पड़ता हैए किसानों को भी अपना गन्ना तुलवाने के लिए इसी नाले से होकर गुजरना पड़ता है। कई दशकों से नाले की वजह से तमाम परेशानियों से जूझ रहे सेक्टर अध्यक्ष श्रवण कुमारए पूर्व प्रधान लालता प्रसादए पूर्व प्रधान अनीता देवीए धनीराम तथा मुन्ना लाल सहित तमाम ग्रामीणों ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अंजय मिश्र टेनी के पास ज्ञापन भेजकर बझतिया नाले पर रपटा पुल बनवाने की मांग की है।

## समर्पण दिवस के रूप में मनायी गयी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

संवाददाता। बरेली

**पंडित** दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर मनाई गइ। कार्यक्रम का शुभारंभ कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सभी ने समर्पण राशि समर्पित की!इस अवसर पर कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा अंतोदय का नारा देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि अगर हम एकता चाहते हैं तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा, जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिंदू संस्कृति है! पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपनी परंपराओं जड़ों से जुड़े रहने के बावजूद समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी नवीन विचारों का सदैव स्वागत किया! सभी को मिलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को अपनाते हुए उनके मार्ग पर चलकर पार्टी को मजबूती प्रदान करनी है। भाजपा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के एम अरोड़ा ने कहा हमें हमेशा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलना उन्होंने कहा था भारत की जड़ों से जुड़ी राजनीति, अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग्य को बदलने का सामर्थ्य रखती है! कोई भी देश अपनी जड़ों से कटकर विकास नहीं कर सका है 21 अक्टूबर 1951 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई 1952 में इसका प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय को इस दल के महामंत्री बने! हम सबको उनके आदर्शों पर चलकर पार्टी को मजबूत करना! भाजपा नेता गुलशन आनंद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनके बताए गए मार्ग पर चलने को कहां जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी! महानगर मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में महानगर के सभी 9 मंडलों के सेक्टर और बूथ पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए!

# पेज एक का शेष

## केरल में...

विकास के लिए अपनी सरकार द्वारा की गई पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र की एक्ट ईस्ट नीति से त्रिपुरा की अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ होगा और यह राज्य जल्द ही दक्षिण पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार बन जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्रिपुरा में शांति का माहौल है और रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पूर्वोत्तर के लिए बजट आवंटन कई गुना बढ़ा दिया है।

## नई कर...

क्रिप्टो मुद्राओं के नियमन के संदर्भ में वित्तमंत्री ने कहा कि इसके लिए एक साझा प्रारूप तैयार करने के बारे में जी20 देशों के साथ चर्चा चल रही है। इस मौके पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति के अगले वित्त वर्ष (2023–24) में करीब 5.3 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है और कच्चे तेल की कीमतें कम होने पर इसमें और भी गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023–24 के लिए मुद्रास्फीति का आकलन कच्चा तेल के 95 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहने की संभावना के आधार पर किया गया है। बैंकों की तरफ से दिए जाने वाले कर्जों की दर पर आरबीआई गवर्नर ने कहा कि बाजार प्रतिस्पर्धा उधारी एवं जमा की दरों को तय करेगी।

## महिलाओं को...

चुनौतियों का सामना करने को तैयार समाज के निर्माण की खातिर महिलाओं को किसी भी विमर्श और निर्णय के केंद्र में लाना होगा। ईरानी ने कहा कि भारत की जी–20 अध्यक्षता के तहत तीन मुख्य क्षेत्र हैं–महिला उद्यमशीलता: समानता और अर्थव्यस्था के लिहाज से बेहतर स्थिति, महिला नेतृत्व को प्रोत्साहन देने के लिए सहभागिता और शिक्षा है। अपने विशेष संबोधन में जी–20 के शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि भारत ऐसे समय में जी–20 की अध्यक्षता कर रहा है जब दुनिया मंदी और जलवायु परिवर्तन समेत कई चुनौतियों का सामना कर रही है।

## उपराज्यपाल ने...

रूप में आया है, क्योंकि उनके द्वारा इस मुद्दे को राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेजा गया था, जो अब भी लंबित है। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि बोर्ड में आप नेता जस्मीन शाह समेत सरकारी मनोनीतों की जगह वरिष्ठ अधिकारियों को लाया गया है। उन्होंने कहा कि ये लोग बोर्ड में अवैध रूप से मनोनीत थे। उन्होंने कहा कि अब वित्त सचिव, विद्युत सचिव और दिल्ली ट्रांस्को के प्रबंध निदेशक बीवाईपीएल, बीआरपीएफ और टीपीडीडीएल के बोर्ड में सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। सत्तारूढ़ आप ने डिस्कॉम के बोर्ड से शाह और गुप्ता को हटाने के उपराज्यपाल के आदेश को अवैध और असंवैधानिक करार दिया है। उसका दावा है कि उपराज्यपाल के पास इस तरह के आदेश जारी करने का अधिकार नहीं है।

## मनी लांड्रिंग...

अंसारी का विधायक बेटा अब्बास अंसारी बीते 18 नवम्बर 2022 से मनी लांड्रिंग के मामले में जिला जेल रगौली में बन्द है। उसकी पत्नी निखत आये दिन जिला जेल में बिना लिखा–पढ़ी के मुलाकात को जाती थीं। पुलिस ने निखत का मोबाइल फोन जब्त कर हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश करने जा रही है। जिला कारागार चौकी प्रभारी श्यामदेव सिंह की तहरीर पर कोतवाली कर्वी में जेल अधीक्षक अशोक सागर, डिप्टी सुपरिटेन्ड सुशील कुमार, जेलर पीयूष कुमार पाण्डेय समेत सात लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। डीजी जेल आनन्द कुमार ने अधीक्षक, जेलर व डिप्टी जेलर समेत पांच बन्दी रक्षकों को निलम्बित कर दिया है। शनिवार को डीएम अभिषेक आनंद एवं एसपी वृंदा शुक्ला ने पत्रकार वार्ता में बताया कि निखत बानो यहां किसके यहां रह रही थीं, इस मामले की विवेचना की जा रही है। सूत्रों के अनुसार चित्रकूट जिले के कुछ दिग्गज सपा नेता भी जांच के घेरे में हैं। इन पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है। विधायक अब्बास अपनी पत्नी के मोबाइल फोन से गवाहों को धमकाने के साथ रंगदारी भी वसूलता था। अब्बास की पत्नी जेल के अफसरों/कर्मचारियों को महंगे तोहफे आदि देती थी। पकड़े जाने पर निखत ने मोबाइल फोन से कुछ डाटा डिलीट करने का प्रयास किया। उसने पुलिस को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। सूत्रों की माने तो प्रशासन के छापे के दौरान विधायक अब्बास अपनी पत्नी निखत के साथ जेल अधिकारी के कमरे में था और उस कमरे के बाहर से ताला बंद था। वहीं माफिया डॉन के परिवार से नजदीकियां रखने वाले कई सपा नेता कार्रवाई के डर से जिला छोड़कर भाग खड़े हुए है।

## निवेश के...

की सराहना करते हुए कहा कि आप किसी को आंखें दान कर सकते हैं, विकास की दृष्टि नहीं दान कर सकते। गरीबी दूर करने के लिए रोजगार निर्माण करना होगा और रोजगार निर्माण के लिए उद्योग और पूंजी निवेश की आवश्यकता होगी। पूंजी निवेश होगा तो उद्योग लगेंगे, उद्योग लगेंगे तो रोजगार बढ़ेगा और रोजगार बढ़ने से गरीबी दूर होगी। इसी विजन से योगी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया है। उनका यह प्रयास अप्रोप्रिएट हाईवे पर है। एक्सप्रेस हाईवे पर योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की गाड़ी फुल स्पीड से दौड़ रही है। उनके प्रयास से उत्तर प्रदेश को भुखमरी, गरीबी और बेरोजगारी से पूर्ण मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि योगी जी ने टेक्नो इन्वेस्टर्स के लिए रेड कारपेट बिछा रखा है। ऐसे में निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश में निवेश करने का सुनहरा अवसर है। पारदर्शिता, समयबद्ध निर्णय, सत्ता का विकेंद्रीकरण व सकारात्मकता का प्रतिबिंब सीएम योगी के शासन में दिखता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश को ऊर्जा का आयात करने वाला नहीं बल्कि निर्यात करने वाला देश बनाना है। ऊर्जा निर्यातक देश बनाने के इस परिप्रेक्ष्य में सर्वाधिक संभावना उत्तर प्रदेश में है और यह योगी जी के नेतृत्व में पूरा होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी वस्तु या व्यक्ति बेकार नहीं होता, योगी जी इस विजन को लेकर आगे बढ़ते हैं। उनके नेतृत्व में क्षमता है की उत्तर प्रदेश देश के उर्जा आयात में दो लाख करोड़ रुपए तक की कमी ला सकता है। ई व्हीकल्स की विकास की चर्चा करते हुए गडकरी ने कहा कि आज इलेक्ट्रिक कार, इलेक्ट्रिक स्कूटर, इलेक्ट्रिक बस, इलेक्ट्रिक ट्रक, इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर इलेक्ट्रिक जेसीबी और इलेक्ट्रिक कंस्ट्रक्शन उपकरण सब कुछ बन रहे हैं। एक हजार करोड़ रुपये का रोड बनाने में 100 करोड़ रुपये डीजल पर खर्च हो जाते हैं।

## रूस-यूक्रेन...

पुतिन से मुलाकात की थी। संयोग से किर्बी का यह बयान उसके एक दिन बाद आया है। इसके अलावा इसी महीने डोभाल उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रणनीति मसलों पर चर्चा करने के लिए वाशिंगटन गए थे और वहां पर अपने अमेरिकी समकक्ष जैक सुलीवान से मुलाकात की थी। इसके अलावा डोभाल ने विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकेन से भी भेंट की थी। भारत ने यूक्रेन विवाद को सुलक्षाने के लिए बातचीत और कूटनीतिक रास्तों की वकालत की है। उसने इस मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ वोट नहीं किया था। इसके अलावा पिछले साल सितंबर में शंघाई कोआपरेशन ऑर्गनाइजेशन की बैठक से इतर एक बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि आज का युग जंग लड़ने का नहीं है और मैंने इसके बारे में आप से बात की थी। आज यह सोचने का अवसर मिला है कि शांति की राह पर हम कैसे आगे बढ़े। इस बीच, अमेरिका ने यह भी कहा कि पूरे यूक्रेन में तबाही के लिए पुतिन जिम्मेदार हैं। किर्बी ने अपने रोजाना के प्रेस कांफ्रेस में कहा कि व्लादीमीर पुतिन को तुरंत रोकना होगा। वे ऊर्जा और बिजली घरों पर क्रूज मिसाइल दाग रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं कि बिजली तथा गर्माहट के लिए की गई व्यवस्था को तहस–नहस कर दें। इससे यूक्रेन की जनता की मुश्किलें और बढ़ जाएगी जो पहले से ही मुसीबत झेल रही है।

## अश्विन की...

मार्नस लाबुशेन (17) को पवेलियन भेजा। मैट रेनशॉ (2) को अश्विन ने अपना तीसरा शिकार बनाया और अगले ओवर में पीटर हैंडस्कांब (छह) को पवेलियन भेजा। आस्ट्रेलिया की आधी टीम 52 के स्कोर पर लौट चुकी थी और मैच का नतीजा आज ही निकलने की संभावना प्रबल हो गई थी। एलेक्स कारी (10)के रूप में अश्विन ने पांचवां विकेट लिया। इसके बाद से आस्ट्रेलियाई निचले क्रम से किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं थी। अब दोनों टीमें 17 फरवरी से दिल्ली में दूसरा टेस्ट खेलेंगी।

## जिला कार्यक्रम अधिकारी ने छेड़ी मुहिम

# एक सप्ताह में गैरहाजिर साठ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से किया जवाब-तलब

संवाददाता। हमीरपुर

**जिले** में बाल विकास परियोजना में आगनवाडी कार्यकत्रियों व सुपरवाइजरों की रोजाना निगरानी विभाग में स्थापित कंट्रोल रुम से आन लाइन जांच की जा रही है,एक सप्ताह में जांच किये गये दो सौ केंद्रों में गैर हाजिर साठ कार्यकत्रियों से जवाब तलब किया गया है।जिससे कार्यकत्रियों में हड़कंप मचा है। जवाब मिलने के बाद मानदेय में कटौती की जायेगी।

बाल विकास परियोजना के जिला कार्यक्रम अधिकारी( डीपीओ) शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में 1500 आंगनवाडी केंद्र है जिसमे 12 सौ कार्यकत्री कार्यरत है ज्यादातर केंद्र प्राइमरी विद्यालयों में संचालित है कंट्रोलरुम से बेसिक फोन से फोन कर प्राइमरी शिक्षक के फोन में रिंग कर संबंधित कार्यकत्री से बात करने को कहा जाता है शिक्षक के माध्यम से कार्यकत्री के केंद्र में उपस्थित होने न होने की जानकारी हो जाती है कई स्थानों में कार्यकत्री के एन्ड्रायड फोन

### ● आनलाइन व प्राइमरी शिक्षकों से ली जा रही है जानकारी

में रिंग कर उससे बीडियों कालिंग की जाती है और केंद्र के बच्चों व वही उपस्थित स्टाफ की फोटो देखी जाती हैए एक सप्ताह में दो सौ केंद्रों की जांच आन लाइन की जा चुकी है रोजाना केंद्रों की जांच हो रही है। डीपीओ का कहना है कि यह कार्यक्रम उन्होने कार्यकत्रियों पर केंद्र में निगरानी रखने के लिये शुरु किया है,एक फरवरी से शुरु हुये इस कार्यक्रम में अभी तक साठ आंगनवाडी कार्यकत्री गैर हाजिर पायी गयी है कुछ के फोन दूसरे लोगो ने उठाये है, सबसे ज्यादा कार्यकत्री मौदहा ब्लाक में गैर हाजरि पायी गयी है सभी से जवाब तलब किया गया है जवाब आने के बाद मानदेय रोकने व कटौती करने की कार्यवाही की जायेगी।

डीपीओ का कहना है कि यह उनका अभिनव प्रयोग है क्योकि विभाग के पास वाहन व अन्य संसाधन उपलब्ध न होने के कारण केंद्रों की जांच पड़ताल आसानी से हो जाती है। इस मामले की जानकारी उन्होने विभागीय उच्चाधिकारियों को दे दी है। इस एक सप्ताह के अभियान में दो सुपरवाइजरों पर भी कार्यवाही की गयी है। आगनवाड़ी केंद्रों में कार्यकत्रियों को उपस्थिति व अन्य क्रिया कलापों में काफी सुधार हो रहा है। बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस प्रयोग को अन्य जिले में लागू किया जा रहा है।

## जरूरतमंद मरीजों के लिए सदस्यों ने किया रक्तदान

**फतेहपुर।** जरूरतमंद मरीज प्रदीप साहू पुत्र शिव अवतार की डायलिसिस जिला अस्पताल में प्रत्येक सप्ताह होती है जिसके चलते मरीज प्रदीप को रक्त की कमी बनी रहती है। जिला अस्पताल में एबी पॉजिटिव की कमी के कारण मरीज के तीमारदार मरीज के भाई अजय साहू काफी परेशान थे। संस्था सर्व फार ह्यूमैनिटी के सदस्य गुरमीत को मरीज की जरूरत के बारे में पता चलते ही केस को ग्रुप में डालते ही सदस्य शांतीनगर निवासी राजेन्द्र सिंह अपने भाई बचपन प्ले स्कूल के मैनेजर रोहिताभ सोलंकी के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। मरीज अजय साहू व अन्य जरूरतमन्द मरीज के लिए दोनों भाइयों ने रक्तदान किया। कहा कि जरूरतमंद मरीज को रक्त की अवश्यकता कभी भी पड़ सकती है और युवाओं को रक्तदान करते रहना चाहिये। इस अवसर पर गुरमीत सिंह, गौरव व जिला अस्पताल सीनियर लैब टेक्नीशियन सोशल सिंह उपस्थित रहे।

# किसान के दो हत्यारों को आजीवन कारावास

**चित्रकूट।** खेतों में सिंचाई को पाइप लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद बुजुर्ग किसान की हत्या के मामले में दोषसिद्ध होने पर जिला जज ने दो हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ दस हजार रुपये के जुर्माना से दोनों को दंडित किया।शनिवार को जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि कर्वी कोवताली क्षेत्र के मनोहरगंज सीतापुर के उग्रसेन मौर्य पुत्र सूरजपाल ने 14 जून 2015 को दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि उसके पिता सूरजपाल रात में घर से भोजन के बाद खेत की रखवाली को गये थे। वह खेत में चारपाई पर सो रहे थे। सवेरे खेत जाने पर देखा कि किसी ने धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी है। उग्रसेन के अनुसार सिंचाई को पाइप लगाने को लेकर भइयालाल मौर्य से विवाद हुआ था। पुलिस ने तहरीर के अनुसार भइयालाल, चुन्नू, जुगुल किशोर, दादूराम मौर्य, बब्बू पुत्रगण रघुराज, इन्द्रपाल पुत्र सैकू, कमलेश पुत्र उन्ना व ज्वाला पुत्र भइयालाल के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने हत्या में दोषसिद्ध पवन कुमार मौर्या व ज्वाला प्रसाद को आजीवन कारावास के साथ दस-दस हजार जुर्माना की सजा सुनाई है।

**जिला रोजगार सृजन केंद्र का शुभारंभ:**उरई (जालौन)। स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में रोजगार सृजन केंद्र खोले जाने की कड़ी में जालौन जिले में दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि के अवसर पर सहकार भारती के तत्वाधान में स्वदेशी जागरण मंच, विश्व हिन्दू परिषद् भारतीय जनता पार्टी, किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सहयोग से जिला रोजगार सृजन केंद्र सिपकिंस स्कूल के पास मणि कोचिंग राम नगर उरई में खोला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबा बालक दास पाल ने किया।

## क्विक न्यूज

### कोटेश्वर इं.का. में इंटर के छात्रों को दी गई विदाई



**फतेहपुर।** कोटेश्वर इंटर कालेज रमवाँ में आज इंटर के छात्र छात्राओं का बिदाई समारोह सम्पन्न हुआ। शिक्षाविद डॉ. ओम प्रकाश अवस्थी द्वारा बच्चो का टीका व माल्यार्पण कर शुभाशीष दी। प्रबन्धक कोटेश्वर शुक्ला एवं प्रधानाचार्य डॉ. उमा शंकर तिवारी द्वारा बच्चो को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 9 के बच्चो ने 10 के था 11 के बच्चो ने 12 के बच्चो को माल्यार्पण कर बिदाई दी। डॉ. ओम प्रकाश अवस्थी ने बच्चो को अपनी मेहनत से जनपद व विद्यालय का नाम गौरवान्वित करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कोटेश्वर बाल वाटिका संजय तिवारी, निधी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### हंस ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित



**फतेहपुर।** हंस ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सरस्वती जी की पूजा के साथ प्रारम्भ हुआ। बाद में कक्षा 11 के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य श्रीमती सरिता सिंह, रविंद्र, दीपक आदि ने बच्चों को बेहतर भविष्य बनाने के लिए तैयार की जाने वाले योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### एकलव्य क्रीड़ा कोर्स से खिलाड़ियों को मिलेगी नई ऊर्जा

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी चित्रकूटधाम मण्डल विजय कुमार ने बताया कि एकलव्य क्रीडा कोर्स ( खेल एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन तथा संवर्धन) नियमावली 2021 से खिलाड़ियों को एक नई ऊर्जा मिलेगी। वर्ष 1975 में गठित उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स वेलफेयर ट्रस्ट का उद्देश्य खेल एवं खिलाड़ियों का हित एवं विकास किंतु ट्रस्ट के निमित्त रजिस्ट्रेशन एवं क्रियान्वयन ना होने के कारण उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो सकी। वर्ष 2021 में नियमावली 2021 प्रख्यापित की गई है। जो खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित हो सकता है। इस योजना का लाभ चित्रकूट के खिलाड़ियों अतिरिक्त चित्रकूट धाम मंडल के अन्य खिलाड़ियों को भी प्राप्त हो सके। खिलाडी अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय खेल कार्यालय में अंगद सिंह प्रशिक्षक से संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

### समाधान दिवस की शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें : डीएम

**जालौन (उरई)।** थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। यह निर्देश डीएम ने कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में अधीनस्थों को दिए। इस दौरान 7 शिकायतें पंजीकृत हुईं। जिनमें 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शनिवार को जिलाधिकारी चांदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ. ईराज राजा की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। औरेखी निवासी रामबाबू ने बकाया रुपये न देने, भवानीराम निवासी रजनी देवी पत्नी रामकुमार ने टिन शैड डालकर प्लॉट पर कब्जा करने, खंडेराव निवासी संतोष कुमार ने इकराम द्वारा उधार लिए 20 हजार वापस न करने, विश्राम सिंह निवासी उदोतपुरा द्वारा सड़क पर गंदगी फैलाने व प्रभुदयाल निवासी खर्रा ने मंदिर के पास जमीन पर कब्जा की शिकायत की। वहीं, वंशगोपाल सिकरीराजा ने आम रास्ते में अतिक्रमण व लहचूरा निवासी सियाराम ने प्लॉट पर कब्जे की शिकायत की थी। इन दोनों शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में आयी शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों को सौंपकर उनका समय से निस्तारण करने के निर्देश डीएम ने अधीनस्थों को दिए। इस मौके पर एसडीएम सना अख्तर, सीओ उमेश पांडेय, कोतवाल कुलदीप तिवारी, महिला चौकी इंचार्ज रानी गुप्ता, चौकी प्रभारी अतुल कुमार राजपूत, लेखपाल वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनी

**कुठौंद (जालौन)।** विकासखंड कुठौंद की बूथ संख्या 47 पर आज मण्डल कुठौंद में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रणेता जनसंघ के संस्थापक हमारे प्रेरणास्रोत राष्ट्र के सपूत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में कुठोंद बूथ संख्या- (47) बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर बोलते हुए निधि दुबे ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता जनसंघ के संस्थापक हमारे प्रेरणास्रोत जनजन के हितचिंतक राष्ट्र के सपूत् पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अनेकों इतिहास रहे। उनकी पुण्य तिथि पर पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनुरुद्ध कुमार दुवे (रामू भैया) ने उनके चित्र पर पुष्प माला समर्पित कर उनको नमन किया। इस मौके पर किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र चतुर्वेदी, महिला मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष निधि दुबे, बूथ अध्यक्ष अनुभव मिश्रा, संगीता राठौर, रानी दीक्षित, बीडीसी भारत सिंह व भाजपा कार्यकर्ताओं ने नमन् कर पुष्पमाला समर्पित किये।

### गैंगस्टर का ईनामियां बदमाश आटा पुलिस के चंगुल में फंसा

**उरई (जालौन)।** ऑपरेशन पाताल के तहत आटा थाना पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम में वांछित चल रहे शातिर बदमाश सत्यम राजपूत पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम खेड़ा शिलाजीत जनपद हमीरपुर को झांसी-कानपुर हाइवे पर कुइया ओवरब्रिज के नीचे से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। आटा थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गये बदमाश पर वर्ष 2022 में आटा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था इसके बाद जीआरपी उरई में भी एक मुकदमा उसके विरुद्ध दर्ज है। जबकि तीसरा गैंगस्टर का मुकदमा इसी वर्ष आटा थाने में दर्ज हुआ था तभी से वह पुलिस की पकड़ से बचने के लिये इधर उधर भाग रहा था। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा उक्त बदमाश पर 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित किया था।

### चोरों ने पूर्व प्रधान के घर से लाखों के जेवरात व नकदी उड़ाई

**फर्रुखाबाद ।** चोरों ने पूर्व प्रधान के घर से लाखों रुपए के कीमती जेवरात व नकदी उड़ा दी है। थाना मऊदरवाजा की ग्राम पंचायत कुइयांबूट के मूल निवासी पूर्व प्रधान अरुण कुमार उर्फ गुड्डू शाक्य पड़ोसी ग्राम पंचायत नूरपुर के ग्राम नगला झौनी में रहते हैं। 8 फरवरी को गुड्डू की पत्नी प्रीति बड़े बेटे के साथ ग्राम अताईपुर शादी समारोह में गई थी। गुड्डू मेन गेट के निकट सोये थे सुबह वापस लौटी प्रीति जब कमरे के अंदर गई तो वहां जेबरातों के खाली डिब्बे का बिखरा सामान को देखकर चकित रह गयी। जांच पड़ताल करने पर पता चला कि चोर अलमारी से 17 ग्राम वजनी सोने का हार, 16 ग्राम वजनी सोने की 4 चूड़ी, 1 जोड़ी पायले 11 ग्राम बजनी बच्चे के सोने की जंजीर एवं 52 हजार रुपए गायब है। गुड्डू ने बताया कि चोरी से करीब 3 लाख का नुकसान हुआ है। मैं रात को जीने का दरवाजा बंद करना भूल गया चोर जीने से ही घर में आये थे। गुड्डू ने बताया कि 28 फरवरी को ही पत्नी प्रीति को स्वयं सहायता समूह के 35 हजार रुपए बैंक से मिले थे। रुपए दुकान की गोलक में रखे थे अलमारी व लाकर खुले थे। घर में ही परचून की दुकान है। चोर एक वर्ष पूर्व भी खुले जीने के रास्ते से दुकान का सामान चोरी कर ले गए थे। गुड्डू ने बताया 112 पर सूचना दिए जाने पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की थी। कल ही जसमई चौकी इंचार्ज को रिपोर्ट दर्ज कराने की तहरीर दे दी है। चौकी इंचार्ज आज दूसरे दिन शाम को जांच पड़ताल करने पहुंचेए तब तक घर में बिखरा सामान एकत्र नहीं किया गया था। गुड्डू ने बताया कि पड़ोस के दो लोग गायब हैंए जिन पर चोरी का संदेह है।जसमई चौकी इंचार्ज सूर्यकुमार उपाध्याय ने बताया कि मुझे पहले ही घटना की जानकारी मिल गई थी, चोरी की घटना संदिग्ध है।

### अधिवक्ता की बाइक चोरी

**फर्रुखाबाद ।** तहसील सदर के अधिवक्ता नंदकिशोर दुबे की बाइक ससुराल से चुरा ली गई। पुलिस ने नगर के मोहल्ला इस्माईलगंज सानी निवासी नंदकिशोर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। श्री दुबे परसों रात बाईपास स्थित ससुर राकेश मिश्रा के घर गए थे। चोर घर के बाहर लॉक तोड़कर बाइक उडा ले गए।

### सांसद मुकेश राजपूत ने संसद में जयपुर एक्सप्रेस को सीकर तक चलाए जाने का मामला उठाया

**फर्रुखाबाद।** भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने संसद में यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर एक्सप्रेस को आगे तक चलाये जाने का मुद्दा उठाया। श्री राजपूत ने लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से रेल मंत्री से मांग की फर्रुखाबाद होकर जयपुर से गोमती नगर तक आने जाने वाली 19715 व 19716 एक्सप्रेस ट्रेन को आगे सीकर अथवा झूंझनू रेलवे स्टेशन तक चलाए जाने की मांग की। सांसद ने रेल मंत्री को अवगत कराया कि यह एक्सप्रेस ट्रेन 14 घंटे जयपुर में खड़ी रहती है। इस ट्रेन के सीकर अथवा झूंझुनू रेलवे स्टेशन तक चलने से फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र सहित अन्य आधा दर्जन संसदीय क्षेत्र के यात्रियों को श्री खाटू श्याम व रानीसती मंदिर के दर्शन करने में काफी सुविधा मिलेगी। फागुन माह में जनपद फर्रुखाबाद क्षेत्र के तमाम यात्री खाटू श्याम मेले में जाते हैं। मेला यात्रियों की सुविधा के लिए जनपद कानपुर देहात, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कासगंज, मथुरा होकर मेला एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए।

### कोंच के अंकित को पीएचडी की उपाधि

**कोंच(जालौन)।** किराना व्यवसाई देवीदयाल चौरसिया और गृहिणी गायत्री देवी के होनहार बेटे अंकित चौरसिया को दिल्ली यूनिवर्सिटी से दर्शन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि मिली है। अंकित की इस उपलब्धि पर नगर व क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। अंकित ने रामजस कॉलिज दिल्ली यूनिवर्सिटी से दर्शन शास्त्र में एमए किया है। उन्होंने डॉ. आदित्य गुप्ता एसोसिएट प्रोफेसर के निर्देशन में काम किया है। शोध बिषय श्न्याय मीमांसा और भर्तृहरि के भाषाई दर्शन का तुलनात्मक और समीक्षात्मक विवेचनश् पर उन्हें यह उपाधि मिली है।

## नो बैग डे पर मुरारपुर में फैंसी ड्रेस के साथ बिखरा फैशन का जलवा

**फतेहपुर।** प्राथमिक विद्यालय मुरारपुर में आज नो बैग डे पर बच्चों में आत्मविश्वास संवर्धन हेतु फैंसी ड्रेस व फैशन शो बच्चों से कराया गया। कक्षा एक व दो के बच्चों ने सब्जियों के रूप में रैंप वाक किया, जबकि अंजलि व वर्तिका ने कबाड़ से जुगाड़ करते हुए पुराने अखबारों से अपनी मनमोहक ड्रेस तैयार की। फैंसी ड्रेस में काव्या, यशी, मान्या, खुशी और आराध्या ने मूली, गाजर, टमाटर,



प्याज और बैंगन बनकर रैंप वाक किया। प्रधानाध्यापिका गीता यादव ने बताया की इस तरह के आयोजन से बच्चों का आत्मविश्वास तो बढ़ता है। साथ ही जो बोलने की झिझक होती है वो भी खत्म होती है। अक्सर देखा जाता है की कुछ बच्चे अध्यापक के सामने तो बोलते हैं पर यदि कोई बाहर से आ जाता है तो वो असहज महसूस करते हैं। बच्चों को ऐसी स्थिति से बाहर निकालने के लिये ऐसे आयोजन आवश्यक हैं।

# औद्योगिक क्षेत्र में विकास कार्यों का डीएम ने काटा फीता

संवाददाता। फतेहपुर



**मलवां** औद्योगिक क्षेत्र में जिलाधिकारी श्रुति ने विकास कार्यों का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान लघु उद्योग भारती अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह, यूपीसीडा के अधिशाषी अभियंता संजय तिवारी ने शिरकत की। इसके साथ ही यहां पर सड़क, पुलिया और इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य शुरू हो गया। मलवां औद्योगिक क्षेत्र में एक कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी श्रुति ने विधिवत पूजा-पाठ करने के बाद फीता काटकर सड़क और नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

उन्होंने लघु उद्योग भारती और यूपीसीडा की प्रशंसा भी की। इसके पहले लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह और महासचिव अमित गुप्ता ने डीएम का स्वागत करते हुए उन्हें गणेश प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। समापन के उपरांत जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कर विकास कार्यों को देखा।

उन्होंने लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष को विकास कार्य के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया। यूपीसीडा के अधिशाषी अभियंता संजय तिवारी ने बताया कि सीईओ मयूर माहेश्वरी के निर्देशन में लगातार औद्योगिक क्षेत्र में काम हो रहें हैं। उन्होंने कहा कि विश्वास दिलाना चाहते हैं कि औद्योगिक क्षेत्र में संगठन को साथ लेकर आगे भी विकास कार्य होते रहेंगे। लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष ने बताया कि मलवाँ औद्योगिक क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए जिलाधिकारी श्रुति ने उद्घाटन किया है। इसके साथ ही निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सड़क के दोनों ओर डेढ़-डेढ़ मीटर की इंटरलॉकिंग भी लगेगी। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी के निर्देशन पर संबंधित अधिकारी लगातार कार्य कर रहें हैं। ऐसे में उद्यमियों की समस्याओं का समय से निस्तारण हो रहा है।

कार्यक्रम के दौरान लघु उद्योग भारती के महासचिव अमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष उदयभान साहू, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष भूपेंद्र उमराव, सदस्य फारूक अहमद, आनंद गुप्ता, हरिमोहन राणा सहित पदाधिकारी, सदस्य, उद्यमी उपस्थित रहे।

## महोत्सव में सुशासन व पंचायतीराज के कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**कानपुर देहात ।** कानपुर देहात महोत्सव कार्यक्रम में आज सुशासन व पंचायतीराज के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायतीराज विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों में रही योजनाओं की लघु फिल्म के माध्यम से लोगों को दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय मंत्री के प्रतिनिधि श्याम सिंह सिसौदिया, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द्र कठेरिया, जिलाधिकारी नेहा जैन, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंह आदि अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। वहीं कानपुर देहात महोत्सव कार्यक्रम में आज विकास खण्ड अकबरपुर की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने श्बेटी हूँ मैं बेटी मैं तारा बनूंगीष् गीत पर डांस किया तथा तीन बीसी सख्यिों को सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने जनपद में सबसे अधिक ट्रांजैक्शन किया तथा कमीशन प्राप्त किया। इस मौके पर भारी संख्या में ग्राम प्रधान, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी आदि ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।

# कड़ी मेहनत कर लक्ष्य को प्राप्त करें छात्र-छात्राएं

संवाददाता। चित्रकूट




**गोस्वामी** तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र/छात्राओं के साथ महाविद्यालय की सभी कक्षाओं में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सांसद आरके सिंह पटेल, शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप जलाया। छात्र/छात्राओं ने लघुनाटिका, एकल नृत्य, समूह नृत्य, दीवारी नृत्य तथा देशभक्ति सामूहिक गीत पेश किये।

बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को सराहते हुए कहा कि भावी लक्ष्य के लिए भी इसी प्रकार समर्पित होकर नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे। विशिष्ट अतिथि के बतौर शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी ने छात्र/छात्राओं में अनुशासन की भरपूर सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने छात्र/छात्राओं को शुभकामनायें दी।

अध्यक्षीय अभिभाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार पाल, प्रवक्ता डॉ रामनरेश यादव, डॉ सीमा कुमारी, डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ मुकेश कुमार, डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ वंशगोपाल, डॉ राकेश कुमार शर्मा, डॉ नीरज गुप्ता, डॉ आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ गौरव पाण्डेय, डॉ गजेन्द्र सिंह, बलवन्त सिंह राजौदिया तथा समस्त कर्मचारियों समेत भारी तादाद में छात्र/छात्रायें मौजूद रहे।

## पुलिस ने दम्पति को समझा कर परिवार टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास के क्रम में महिला थाना पुलिस टीम ने दम्पति के आपसी विवाद को समाप्त कराकर शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया। शनिवार को कोतवाली कर्वी के तरौंहा की श्रीमती पूनम सोनी पत्नी पिंटू सोनी ने पुलिस अधीक्षक को दिये पत्र में कहा कि पति पिन्टू सोनी आये दिन विवाद कर उसे घर में नहीं रखता है। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया ने शिकायतकर्ता महिला की शिकायत को ध्यान से सुनकर दूसरे पक्ष को थाने बुलाया। उन्होंने दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने की सलाह दी। पति-पत्नी के कर्तव्यों को निभाने की बात कही। पति-पत्नी के बीच आपसी सुलह होने पर दोनो को तालमेल से रहने की सलाह दी। कहा कि आपस में तालमेल से रहकर गृहस्थी चलायें। समझौता कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, महिला सिपाही रीता यादव व नीतू द्विवेदी शामिल रहीं।

# भाजपाइयों ने किया नवनिर्वाचित शिक्षक एमएलसी बाबूलाल तिवारी का स्वागत

संवाददाता। चित्रकूट



**चित्रकूट** इंटर कॉलेज कर्वी के प्रांगण में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीयों एवं जनपद के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से नवनिर्वाचित शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी का स्वागत किया।

बताते चलें गत माह हुए विधान परिषद इलाहाबाद झांसी खंड से शिक्षक विधायक के निर्वाचन संपन्न हुए थे जिसमें भाजपा समर्थित प्रत्याशी बाबूलाल तिवारी विजई हुए हैं। निर्वाचित होने के पश्चात बाबूलाल तिवारी का प्रत्येक जनपद में शिक्षकों एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जा रहा है इसी क्रम में आज चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के सभी शिक्षक बंधु एवं भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से शिक्षक विधायक डॉक्टर बाबूलाल तिवारी का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर बांदा चित्रकूट सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष चित्रकूट अशोक जाटव, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, नगर पालिका चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, कॉपरेटिव चेयरमैन बद्री प्रसाद त्रिपाठी ने अपने संबोधन में नवनिर्वाचित एमएलसी का गुणगान करते हुए शिक्षक कर्मचारी एवं पार्टी हित में काम करने की अपील की।

## दीनदयाल शोध संस्थान में मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की 55 वीं पुण्यतिथि

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की 55 वीं पुण्यतिथि को दीनदयाल पार्क उद्यमिता विद्यापीठ चित्रकूट में समारोह के रूप में मनाई गई। प्रात:काल से ही संस्थान के विविध प्रकल्प गुरुकुल संकुल, उद्यमिता विद्यापीठ, सुरेन्द्रपॉल ग्रामोदय विद्यालय, आरोग्यधाम, आईटीआई तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षणार्थी एवं बच्चों तथा गुरुमाता-पिता सहित कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने प्रकल्पों में दीनदयाल जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये तथा कार्यकर्ताओं एवं बच्चों द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन से जुडे प्रेरणादायी प्रसंगों को दैनिक जीवन में आत्मसात करने हेतु मंचन भी किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा 1968 में पं. दीनदयाल जी के निर्वाण के उपरांत दीनदयाल स्मारक समिति बनाकर उनके काम की नींव दिल्ली में रखी थी। नानाजी द्वारा स्मारक समिति से लेकर दीनदयाल शोध संस्थान की स्थापना तक के सफर में दीनदयाल जी के एकात्म मानवदर्शन को व्यवहारिक रूप में धरातल में उतारने का कार्य सामूहिक पुरुषार्थ से कराकर दिखा दिया कि कोई अकेला व्यक्ति या संगठन विकास की प्रतिमा न दिखे बल्कि जनता स्वयं विकास की वाहक बनें। उनका दृष्टिकोण था कि इसमें केवल नाममात्र की भागीदारी प्रक्रिया नही होना चाहिये बल्कि ऐसी हो जिसमें लोगों के लिये लोग हों!

# राज्यमंत्री ने महिला शक्ति सम्मेलन का किया शुभारम्भ

संवाददाता। कानपुर देहात



**कानपुर** देहात महोत्सव में मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिभा शुक्लाए माननीय राज्यमंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 सरकार के द्वारा जिलाधिकारी नेहा जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय की उपस्थिति में महिला शक्ति सम्मेलन का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशनए महिला कल्याण विभागए बाल विकास विभागए शहरी आजीविका मिशन कानपुर देहात के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। माननीय राज्यमंत्री महोदया द्वारा इस अवसर पर उपस्थिति महिला ऑगबनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को शासन की उत्कृष्ट नीतियों के फलस्वरूप महिलाओं की विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती भागीदारी पर चर्चा के साथ सम्बोधित किया। साथ ही बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विभिन्न व्यंजनों की रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विभाग के टी0एल0एम0 की भी प्रदर्शनी लगायी गयी। इस अवसर पर माननीय राज्यमंत्री महोदया द्वारा मुख्य विकास अधिकारीए कानपुर देहात को सराहनीय कत्थक नृत्य के लिए पुरस्कृत किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्टए जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादवए बाल विकास विभागए जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रोवेशन सहित जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गयाए साथ ही उपरोक्त आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियोंए सहायिकाओं की भारी उपस्थिति रही। इसके पश्चात आईजी जोन कानपुर एवं जिलाधिकारी आदि ने कानपुर देहात महोत्सव मेले का भ्रमण किया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं मेले में लगी दुकानों का भ्रमण किया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## रेंजर से हुए विवाद में एसडीएम हटाये गए राजेश मिश्रा की हुई तैनाती

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र भर में अवैध कटान कराने से चर्चा में आए तत्कालीन उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार तथा वन क्षेत्राधिकारी के बीच बढ़ा विवाद आखिरकार स्थानांतरण का कारण बन गया जिसके बाद राजेश कुमार मिश्रा को मौदहा उपजिलाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। बीते मंगलवार को वन विभाग कार्यालय में पहुंच तत्कालीन उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने वन क्षेत्राधिकारी से मर्यादा की सभी हदें पार कर दी थी और अपनी मजिस्ट्रेटी पावर दिखाने से न चूकते हुए बरामद की गई अवैध लकड़ी छुड़ाने का विभाग के ऊपर भरपूर दबाव बनाया था तो वहीं मौजूद पत्रकारों ने उक्त मामले को समाचार पत्रों में प्रकाशित किया था। आपको बता दें कि लगातार मौदहा क्षेत्र में अवैध कटान जोर शोर से की जा रही है जिसे स्थानीय पत्रकारों द्वारा समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया जाता रहा है मगर लकड़ी माफियाओं पर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न होने के चलते उनके हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं तो वहीं उक्त मामलों पर छोटी मोटी कार्यवाहियां कर वन विभाग अपनी पीठ भी थपथपाता रहा है लेकिन उसी दौरान तत्कालीन उपजिलाधिकारी द्वारा माफियाओं को संरक्षण देकर अवैध लकड़ी छुड़ाने का मामला और भी गर्मा गया। तो वहीं दो दिन बाद हुए उपजिलाधिकारी का स्थानांतरण उक्त घटना से जोड़कर देखा जा रहा है।

# अमेरिका ने अलास्का पर मंडरा रही अज्ञात वस्तु को मार गिराया

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका** के एक लड़ाकू विमान ने अलास्का के उत्तरी तट के पास करीब 40,000 फुट की उंचाई पर उड़ रही छोटी कार के आकार की एक वस्तु को राष्ट्रपति जो बाइडन के आदेश पर शुक्रवार को नष्ट कर दिया।

पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने बताया कि यह वस्तु सबसे पहले बृहस्पतिवार को अमेरिकी हवाई क्षेत्र में नजर आई थी। अभी यह जानकारी नहीं है कि यह वस्तु कहां से आई थी। उन्होंने कहा कि इससे असैन्य हवाई यातायात को खतरा था। राइडर ने कहा, अमेरिकी नॉर्दर्न कमान अब इस वस्तु का मलबा तलाशने का काम शुरू कर रही है। उन्होंने कहा, एफ-22 लड़ाकू विमान ने वस्तु को नष्ट करने के लिए एआईएम-9एक्स मिसाइल दागी। इससे एक सप्ताह पहले ही अमेरिका ने अटलांटिक महासागर में दक्षिण कैरोलाइना के तट के पास एक चीनी जासूसी गुब्बारे को नष्ट किया था, जिसने 30 जनवरी को अमेरिकी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था। चीन ने स्वीकार किया है कि यह गुब्बारा उसका था लेकिन उसने इस बात से इनकार किया कि इसका मकसद जासूसी करना था। चीन का कहना है कि इसका उद्देश्य मौसम संबंधी जानकारी जुटाना था। राइडर ने अलास्का के ऊपर दिखी अज्ञात वस्तु के बारे में संवाददाता सम्मेलन में कहा, राष्ट्रपति के निर्देश पर अमेरिकी नॉर्दर्न कमान के लड़ाकू विमान ने अलास्का के उत्तरी तट के पास अत्यधिक उंचाई पर उड़ रही वस्तु को आज अपराह्न एक बजकर 45 मिनट पर नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि इस वस्तु का आकार किसी छोटी कार जितना था और यह पहले नष्ट किए गए जासूसी गुब्बारे के आकार से मिलती-जुलती नहीं थी।

## चीनी गुब्बारा मामलाः अमेरिका ने पांच चीनी कंपनियों व एक संस्थान को काली सूची में डाला

**बीजिंग।** अमेरिका ने शुक्रवार को पांच चीनी कंपनियों और एक अनुसंधान संस्थान को काली सूची में डालने की घोषणा करते हुए कहा कि ए इकाइयां बीजिंग के जासूसी संबंधी अंतरिक्ष कार्यक्रमों से जुड़ी हैं। चीन के जासूसी गुब्बारे के अमेरिका के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की घटना को लेकर इसे बदले की कार्वाई के तौर पर देखा जा रहा है। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने चीनी जासूसी गतिविधियों से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर कदम उठाने का संकल्प लिया था। इस कदम के बाद इन पांच चीनी कंपनियों और एक शोध संस्थान के लिए अमेरिकी प्रौद्योगिकी हासिल करना अधिक कठिन हो सकता है।अमेरिका के इस कदम से दोनों देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बढ़ सकता है। गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले ही अमेरिका ने अटलांटिक महासागर में दक्षिण कैरोलाइना के तट के पास एक चीनी जासूसी गुब्बारे को नष्ट किया था, जिसने 30 जनवरी को अमेरिकी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था। चीन ने स्वीकार किया है कि यह गुब्बारा उसका था लेकिन उसने इस बात से इनकार किया कि इसका मकसद जासूसी करना था। चीन का कहना है कि इसका उद्देश्य मौसम संबंधी जानकारी जुटाना था। अमेरिकी उद्योग एवं सुरक्षा ब्यूरो ने कहा कि 'चीन के सैन्य आधुनिकीकरण के प्रयासों, विशेष रूप से पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के अंतरिक्ष कार्यक्रमों सहित उसकी जासूसी गतिविधियों का समर्थन करने के लिए इन छह इकाइयों को काली सूची में डाला जा रहा है'।

## जापान के प्रधानमंत्री किशिदा की साइनस की सर्जरी की गई



**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साइनस की सर्जरी शनिवार को यहां के एक अस्पताल में की गई। वह क्रोनिक साइनसाइटिस से पीड़ित थे। उन्होंने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि उनके पॉलीप्स के साथ क्रोनिक साइनसाइटिस होने का पता चला है। किशिदा ने कहा कि उसके बाद से उनका दवा के साथ इलाज किया गया, लेकिन उन्होंने सर्जरी कराने का फैसला किया, ताकि पूरी तरह से स्वस्थ हो सकें। क्रोनिक साइनसाइटिस तब होता है, जब इलाज के बावजूद नाक और सिर के अंदर की जगह पर तीन महीने या उससे अधिक समय तक सूजन बनी रहे। इसके साथ ही इस बीमारी में नाक भरी रहती है और सांस लेने में परेशानी महसूस होती है। पॉलीप्स नाक की नली के अंदर निकला हुआ मस्सा या बढ़ा हुआ अतिरिक्त मांस होता है। किशिदा की सर्जरी सुचारू रूप से चली और वह शनिवार शाम अपने आधिकारिक आवास पर लौट आए।

# भारत के साथ संबंधों को और विस्तारित करना प्राथमिकता

### अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश संबंध समिति की बैठक में प्रस्ताव मंजूर

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा की नवगठित विदेश संबंध समिति अमेरिका-भारत द्विपक्षीय संबंध रक्षा, आर्थिक क्षेत्र एवं आतंकवाद रोधी प्रयासों में विशेष रूप से विस्तारित करने तथा रणनीतिक महत्व के हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की मौजूदगी को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देगी।

रिपब्लिकन सांसद माइकल मैककॉल की अध्यक्षता वाली समिति ने 118वीं बैठक के दौरान अपनी प्राथमिकता निर्धारित करने के लिए एक प्रस्ताव स्वीकृत किया। सदन की विदेश मामलों की समिति का दस्तावेज आठ फरवरी को स्वीकृत किया गया, जिसमें कहा गया है, समिति भारत के प्रति अमेरिकी नीति की समीक्षा करेगी और द्विपक्षीय सहयोग को विस्तारित करना जारी रखेगी। सुरक्षा एवं प्रौद्योगिकी सहयोग, विस्तारित भूमिकाओं के लिए अवसरों, आतंकवाद रोधी प्रयासों सहित अमेरिका-भारत रक्षा संबंध पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें कहा गया है, यह चार देशों (क्वाड) के वार्ता प्रयासों में भारत की भागीदारी बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में इसकी मौजूदगी के प्रयासों पर भी ध्यान देगी। यह भारत की तेजी से बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के निहितार्थों की भी समीक्षा करेगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर सहित पश्चिमी एवं मध्य प्रशांत महासागर आते हैं। अमेरिका, भारत और कई अन्य विश्व शक्तियां संसाधन बहुल क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों के मद्देनजर एक स्वतंत्र, खुला हिंद-प्रशांत सुनिश्चित करने की जरूरत का जिक्र करते रहे हैं। समिति ने कहा है कि वह यूक्रेन के खिलाफ बगैर उकसावे के शुरू किए गए रूसी आक्रमण के प्रभाव और अमेरिकी प्रतिक्रिया की समीक्षा करेगी। समिति के विचारार्थ विषयों की प्राथमिकता में अफगानिस्तान शीर्ष पर है।

### अमेरिका के ऊर्जा संसाधन सहायक विदेश मंत्री अगले सप्ताह करेंगे भारत की यात्रा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊर्जा संसाधन सहायक विदेश मंत्री ज्यॉफ्री पियाट अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे, जिसका मकसद पूरे दक्षिण एशिया में स्वच्छ ऊर्जा हस्तांतरण, ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा तक पहुंच में वृद्धि से संबंधित सहयोग को बढ़ाना है।पियाट 13 से 17 फरवरी के बीच मुंबई, पुणे, और नई दिल्ली की यात्रा करेंगे। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, 'हमारे सामरिक सहयोग और भारत की जी-20 अध्यक्षता के मद्देनजर सहायक मंत्री पूरे दक्षिण एशिया में स्वच्छ ऊर्जा हस्तांतरण, ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा तक पहुंच में वृद्धि से संबंधित सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा करेंगे'।

## किंग चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक के राजकीय चिह्न का डिजाइन आईफोन डिजाइनर ने तैयार किया

**लंदन।** महाराजा चार्ल्स तृतीय के छह मई को होने वाले राज्याभिषेक का राजकीय चिह्न शनिवार को बकिंघम पैलेस में जारी किया गया। इस वृत्ताकार पुष्पकीय डिजाइन को उसी मशहूर ब्रिटिश डिजाइनर ने तैयार किया है जिसने एप्पल आई फोन के डिजाइन बनाए थे। प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल के मुख्य डिजाइन अधिकारी रहे सर जॉनी आईव द्वारा डिजाइन यह चिह्न उनके रचनात्मक संग्रह लव फ्रॉम से लिया गया है और यह नए शासन की ऐतिहासिक शुरुआत का प्रतीक है जिसे ब्रिटेन का कैरोलियन युग कहा जा रहा है। सर जॉनी के नाम पर दुनियाभर में 14000 से अधिक पेटेंट हैं। इसमें 74 वर्षीय राजा के प्राकृतिक विश्व के प्रति प्रेम तथा ब्रिटेन के चार देशों-- इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और नॉदर्न आयरलैंड की वनस्पतियों को दर्शाया गया है। आईव ने कहा, इस उल्लेखनीय राष्ट्रीय अवसर में योगदान करने में सक्षम होना बड़े सम्मान की बात है और हमारी टीम को इस काम पर बहुत गर्व है। उन्होंने कहा, यह डिजाइन इस ग्रह, प्रकृति के प्रति महाराजा चार्ल्स के प्रेम तथा प्राकृतिक विश्व के प्रति उनके गहरे सरोकार से प्रेरित है।

## भारत बना ब्रिटेन का सबसे बड़ा स्कॉच व्हिस्की बाजार



**लंदन।** भारत फ्रांस को पछाड़ते हुए ब्रिटेन की स्कॉच व्हिस्की का सबसे बड़ा बाजार बनकर उभरा है। भारत का वर्ष 2022 में ब्रिटेन से स्कॉच व्हिस्की का आयात 60 प्रतिशत बढ़ गया। स्कॉटलैंड के प्रमुख उद्योग निकाय के आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन (एसडब्ल्यूए) ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने पिछले साल स्कॉच व्हिस्की की 700 मिलीलीटर वाली 21.9 करोड़ बोतलों का आयात किया, जबकि फ्रांस ने 20.5 करोड़ बोतलों का आयात किया था। इससे पता चलता है कि भारतीय स्कॉच बाजार ने पिछले दशक में 200 फीसदी से ज्यादा वृद्धि की है। इसके साथ ही स्कॉच व्हिस्की के आयात के मामले में भारत ने फ्रांस को पीछे छोड़ दिया है। एसोसिएशन ने कहा, दोहरे अंक में वृद्धि के बावजूद स्कॉच व्हिस्की की भारत के पूरे व्हिस्की बाजार में सिर्फ दो प्रतिशत हिस्सेदारी ही है।

## पाकिस्तान में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपी को पीट-पीटकर मार डाला

एजेंसी। लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में शनिवार को हिंसक भीड़ ने एक थाने पर धावा बोल दिया और उसने ईशनिंदा आरोपी एक व्यक्ति को पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यहां से करीब 80 किलोमीटर दूर ननकाना साहिब के वार्बर्टन में भीड़ ने थाने पर धावा बोल दिया और उसने ईशनिंदा के आरोपी वारिस ईसा को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि भीड़ ने ईसा को निर्वस्त्र कर दिया और पीट-पीटकर उसे मार डाला। ईसा को पवित्र ग्रंथ की कथित बेअदबी के मामले गिरफ्तार किया गया था। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, इलाके के लोगों ने दावा किया है कि दो साल बाद जेल से छूटकर आया व्यक्ति पवित्र ग्रंथों पर अपनी पूर्व पत्नी की तस्वीर चिपकाकर जादू-टोना करता था। इस व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना के कई वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर आए हैं। एक वीडियो में बच्चों समेत भीड़ को थाने की गेट पर चढ़ते हुए देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस घटना में शामिल लोगों के विरूद्ध कार्वाई का आदेश दिया है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्यों पुलिस हिंसक भीड़ को रोक नहीं पाई। उन्होंने पंजाब में पुलिस महानिरीक्षक को जिले में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, कानून का शासन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। किसी को भी कानून को प्रभावित करने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए।



वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में शुक्रवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा से मुलाकात करते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन

## ब्रिटेन को बूस्टर खुराक बंद करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की जरूरत है!

### कोविड रोधी टीका

**लीड्स** (ब्रिटेन)। (द कन्वरसेशन) ब्रिटेन की टीकाकरण संबंधी संयुक्त समिति (जेसीवीआई) ने हाल ही में सिफारिश की थी कि वर्तमान बूस्टर खुराक अभियान 12 फरवरी को खत्म किया जाए। इस अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले समूहों को कोविड रोधी टीके की अतिरिक्त खुराक दी जानी थी जिनमें अन्य बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति और 50 वर्ष से अधिक आयु के लोग शामिल हैं। कमजोर समूहों को 2023 की शुरुआती महीने में कोविड रोधी टीके की बूस्टर खुराक दी जाएगी जबकि अधिक जोखिम वालों को 2023 के बाद के महीनों में अतिरिक्त बूस्टर खुराक दी जाएगी। हालांकि, लोगों के एक बड़े हिस्से के लिए कोविड रोधी टीके की और खुराक नहीं होंगी।

सोलह वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए तीसरी खुराक की पेशकश 12 फरवरी के बाद वापस ले ली जाएगी और इसके कोई संकेत नहीं है कि इसे बहाल किया जाएगा। साथ ही बच्चों सहित अधिकांश लोगों के लिए प्राथमिक कोविड टीकाकरण की पेशकश भी 2023 के दौरान समाप्त होने की संभावना है। इसलिए यदि आप 50 वर्ष से कम आयु के गैर-जोखिम श्रेणी वाले व्यक्ति हैं, जिसे अभी तक पहली, दूसरी या तीसरी खुराक नहीं मिली है, तो 12 फरवरी को आप अपना मौका चूक जाएंगे। जेसीवीआई के बयान से यह पता चलता है कि जोखिम श्रेणी वाले लोगों का लक्षित टीकाकरण हमें कोविड के साथ 'जीने' की अनुमति देने के लिए पर्याप्त है।

इसका अर्थ है कि भविष्य में, अधिकांश लोग संक्रमित होकर ही सार्स-सीओवी-2 (कोविड उत्पन्न करने वाले वायरस) से कोई प्रतिरक्षा हासिल करेंगे। यह सुरक्षित टीकाकरण के मूल आधार के विपरीत है।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की अपील

# देश के विकास के लिए अब तमिल करें समर्थन



**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शनिवार को कहा कि वह देश के जातीय मुद्दे का समाधान करने के लिए शक्तियों का विकेंद्रीकरण करने को प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, उन्होंने संघर्ष प्रभावित उत्तरी क्षेत्र के विकास के लिए तमिल समुदाय की भागीदारी की जरूरत को रेखांकित किया। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने जाफना में अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह उम्मीद भी जताई कि भारत पूर्वी बंदरगाह त्रिंकोमाली के विकास में योगदान देगा। उन्होंने कहा, हमें आर्थिक संवृद्धि कार्यक्रमों के साथ उत्तरी हिस्से के लिए बड़े विकास कार्यक्रम शुरू करने होंगे। उन्होंने कहा कि गृह युद्ध की समाप्ति के 14 साल बाद, जो विकास हुआ है, वह पर्याप्त नहीं है। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका में 1983 से लेकर 2009 तक गृह युद्ध चला था। इस बीच, भारत ने शनिवार को अत्याधुनिक जाफना कल्चरल सेंटर श्रीलंका के लोगों को समर्पित किया। इसे भारत की सहायता से निर्मित किया गया है और यह द्विपक्षीय विकास साझेदारी का एक शानदार उदाहरण है।इस केंद्र की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में रखी थी। श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक ट्वीट में कहा, ऐतिहासिक जाफना कल्चरल सेंटर को आज (श्रीलंका के)राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, राज्य मंत्री मुरुगन, उच्चायुक्त, माननीय मंत्री विदुर विक्रमनायके व अन्य की उपस्थिति में लोगों को समर्पित किया गया।

### भारत-श्रीलंका संबंध प्रधानमंत्री मोदी की पड़ोस प्रथम नीति से दिशानिर्देशितः विक्रमसिंघे और मुरुगन

कोलंबो। श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और श्रीलंका की यात्रा पर आए सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने यहां शनिवार को कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पड़ोस प्रथम की नीति से दिशानिर्देशित हो रही है। विक्रमसिंघे और मुरुगन ने जाफना में मुलाकात की और भारत द्वारा वित्त पोषित कल्चरल सेंटर श्रीलंका के लोगों को समर्पित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच साझेदारी प्रधानमंत्री मोदी की पड़ोस प्रथम नीति से दिशानिर्देशित हो रही है।

### भूकंप प्रभावित तुर्किए और सीरिया में पांचवा दिन

# अब भी मलबे में दबे मिल रहे हैं जिंदा लोग

एजेंसी। अंटाक्या (तुर्किए)

**तुर्किए** और सीरिया में भीषण भूकंप के पांच दिन बाद भी मलबे में दबे जीवित व्यक्ति मिल रहे हैं। तुर्किए में बचावकर्मियों ने एक परिवार के पांच सदस्यों को शनिवार को मलबे से निकाला। तुर्किए और सीरिया में भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़ कर 25,000 के आंकड़े के नजदीक पहुंच गई है। समाचार वेबसाइट हेबरतुर्क की खबर के अनुसार गंजियातेप प्रांत में भूकंप से बुरी तरह प्रभावित नूरदगी में मलबे से मां-बेटी हवा और फातमागुल असलान को सबसे पहले निकाला गया। टीम ने बाद में लड़की के पिता हसन असलान तक पहुंची, लेकिन उन्होंने बचावकर्मियों से पहले उसकी अन्य बेटी जेनेप और बेटे सालतिक बुगरा को बचाने की अपील की। इसके बाद, असलान को भी बचावकर्मियों ने बाहर निकाला।



इसके दो घंटे बाद, गंजियातेप प्रांत के ही इसलाहिए शहर में मलबे से तीन साल की बच्ची और उसके पिता को बाहर निकाला गया और इसके एक घंटे बाद हाते प्रांत में भूकंप के करीब 321 घंटे बाद सात साल की बच्ची को बचाया गया। कड़ाके की सर्दी और घटती उम्मीदों के बावजूद शनिवार को करीब 12 लोगों को बचाया गया। तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने भूकंप प्रभावित दियारबकिर का दौरा किया और कहा कि गर्मी आने तक विश्वविद्यालयों में दूरस्थ शिक्षा दी जाएगी ताकि बेघर भूकंप पीड़ितों को सरकारी संस्थानों के परिसरों में आश्रय दिया जा सके।

तुर्किए के अंटाक्या में सीरियाई शरणार्थियों की मदद कर रही एक अंतरराष्ट्रीय परमार्थ संस्था ने शहर की सीमा के पास खुले जमीन पर कई लोगों को आश्रय दिया है। मलहम चैरिटी के संस्थापक अहमद अबु अल-शार ने कहा, समस्या यह है कि अंटाक्या में कोई ऐसा घर नहीं है जो रहने लायक हो। इसलिए एकमात्र आसरा सड़क है। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी का अनुमान है कि भूकंप के कारण सीरिया में कम से कम 53 लाख लोग बेघर हुए हैं। सीरिया के सरकारी टीवी ने कहा कि राष्ट्रपति बशर असद और उनकी पत्नी ने तटीय शहर लटाकिया में भूकंप से घायल हुए लोगों से अस्पतालों में मुलाकात की।सरकारी समाचार एजेंसी सना की खबर के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस शनिवार को सीरिया के उत्तरी शहर अलेप्पो पहुंचे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I Bhuwan Chandra Bhatt S/o Sh. H.D. Bhatt R/o A-16, street No. 2, East Vinod Nagar Delhi-110091. Have Changed My Name from Bhuvan Chander Bhatt to Bhuwan Chandra Bhatt for all future purposes.
PD(90266)C

# तुर्कीः चुनावी वर्ष में भूकंप ने एर्दोआन की मुश्किलें बढ़ाईं

**अंकारा।** तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तयैप एर्दोआन 20 साल पहले एक विनाशकारी भूकंप की स्थिति से निपटने के तत्कालीन सरकार सरकार के तौर-तरीके के प्रति जन असंतोष की लहर पर सवार होकर सत्ता में आए थे। अब जब देश में चुनाव के महज तीन महीने रहे गए हैं ऐसे में एर्दोआन का राजनीतिक भविष्य इस बात पर निर्भर कर सकता है कि ऐसी ही विनाशकारी प्राकृतिक आपदा से निपटने में उनकी सरकार के तौर-तरीके पर जन प्रतिक्रिया का रुख कैसा होगा। एर्दोआन पर कई कितान लिख चुके वाशिंगटन इंस्टीट्यूट में तुर्किए विशेषज्ञ सोनर कैगाप्टे ने कहा, एर्दोआन के लिए यह बड़ी चुनौती बनने जा रही है जिन्होंने अपनी निरंकुश लेकिन एक कार्यकुशल हस्ती की साख बना रखी है जो किसी भी काम को अंजाम तक पहुंचा ही देती है। इस बार भूकंप के बाद की स्थिति केवल 2002 के चुनाव की जैसी नहीं है।

तब तुर्किए वित्तीय संकट में फंसा था जिसकी वजह से उसकी अर्थव्यवस्था चरमरा रही थी। आज भी तुर्किए की अर्थव्यवस्था पर आसमान छूती महंगाई का साया है और इस समस्या से निपटने के एर्दोआन के तौर तरीकों की व्यापक आलोचना हुई है। महंगाई के कारण लाखों गरीब एवं मध्यमवर्गीय वर्ग लोग अपनी रोजर्मा की जरूरतों को पूरा करने की जद्दोजेहद कर रहे हैं।

सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नीरज आहूजा पुत्र श्री अनिल कुमार आहूजा, संपत्ति Built Up Upper Ground Floor and First Floor up to ceiling levels built on Portion of Property Bearing No. 7/33, area measuring 56.1/2 Sq. Meters, out of Khasra No. 4959 / 1042-1043-797 min, Situated in the area of village Chandrawali @ Shahdara, Illaqa Shahdara, Delhi-110032, मूल दानपत्र दिनांक 04.07.2022, पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 6540, के द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति, कैपिटल इंडिया होम लोन्स लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ बिक्री विलेख दिनांक 28.12.2005 द्वारा प्रपत्र संख्या 16523, बिक्री विलेख दिनांक 29.12.2005 द्वारा प्रपत्र संख्या 16572, बिक्री विलेख दिनांक 07.03.2005. द्वारा प्रपत्र संख्या 1158, बिक्री विलेख दिनांक 07.03.2007 द्वारा प्रपत्र संख्या 1155, और बिक्री विलेख दिनांक 25.03.2008, द्वारा प्रपत्र संख्या 3347 कहीं खो गए है।यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।
राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

# निरंतरता, दृढ़ संकल्प विकास के लिए जरूरी: मोदी

**भाषा।** अहमदाबाद



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि फिजियोथेरेपी की तरह निरंतरता और दृढ़ संकल्प देश के विकास के लिए भी जरूरी है।

मोदी ने यहां इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट (आईएपी) के 60वें राष्ट्रीय सम्मेलन को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि व्यायाम की बात हो या विकास के लिए नीतियों की बात हो, फिजियोथेरेपी लोगों और देश को निरंतरता समेत कई अहम संदेश देती है। उन्होंने कहा, फिजियोथेरेपी की पहली शर्त निरंतरता है। आम तौर पर लोग जोश में दो से चार दिन व्यायाम करते हैं, लेकिन बाद में धीरे-धीरे उत्साह कम हो जाता है। एक फिजियोथेरेपिस्ट को पता होता है कि निरंतरता के बिना परिणाम नहीं मिलेगा। मोदी ने कहा, आपको सुनिश्चित करना होता है कि जरूरी व्यायाम बिना किसी अंतराल के हो। फिजियोथेरेपी की तरह ही निरंतरता और दृढ़ संकल्प देश के लिए भी जरूरी है। हमारी नीतियों में निरंतरता होनी चाहिए। उन्होंने नीतियों में निरंतरता की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि केवल इसी से देश को उठने और लंबी यात्रा पर आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें भी कभी-कभी फिजियोथेरेपिस्ट की मदद की जरूरत पड़ती है, लेकिन उन्होंने इसे योग के साथ जोड़ने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपी के साथ योग का भी ज्ञान होने से फिजियोथेरेपिस्ट की पेशेवर क्षमता में बढ़ोतरी होगी। मेरा अनुभव है कि जब फिजियोथेरेपिस्ट के साथ योग की विशेषज्ञता जुड़ जाती है, तो उसकी शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। योग और आसनों के पास शरीर की उन आम समस्याओं का समाधान है, जिनके लिए फिजियोथेरेपी की आवश्यकता है। मोदी ने कहा कि फिजियोथेरेपिस्ट को लोगों को सही व्यायाम, सही मुद्रा और स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए सही चीजों के बारे में जानकारी देनी चाहिए। उन्हें फिजियोथेरेपी के पेशे से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपिस्ट ने सीखा है कि चुनौतियों से ज्यादा मजबूत आपके भीतर की ताकत होती है और शासन में भी यही देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री ने कहा, थोड़े से प्रोत्साहन और सहयोग से लोग मुश्किल से मुश्किल चुनौतियों पर भी विजय पा लेते हैं। उन्होंने तुर्किए में 20,000 लोगों की मौत का कारण बने भीषण भूकंप का जिक्र करते हुए फिजियोथेरेपिस्ट से टेलीमेडिसिन (दूरचिकित्सा सेवा) के जरिए मरीजों को सलाह देने के तरीके खोजने को कहा। उन्होंने आईएपी में भाग लेने वालों से कहा, अभी तुर्किए में इतना बड़ा भूकंप आया है, सीरिया में भी उसका असर है। इस तरह की आपदा के बाद बहुत बड़ी संख्या में फिजियोथेरेपिस्ट की भी जरूरत होती है। ऐसी स्थिति में आप सभी मोबाइल फोन के माध्यम से भी विभिन्न तरीकों से मदद कर सकते हैं। फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन को इस बारे में जरूर सोचना चाहिए। सबसे अच्छा फिजियोथेरेपिस्ट वही होता है, जिसकी जरूरत मरीज को बार-बार महसूस ना हो, यानि एक तरह से यह पेशा आत्मनिर्भरता का महत्त्व सिखाता है। हम कह सकते हैं कि लोगों को आत्म निर्भर बनाना ही आपका लक्ष्य है,इसीलिए भारत आज जब आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है तो आपके पेशे के लोग आसानी से यह समझ सकते हैं कि यह हमारे देश के भविष्य के लिए जरूरी क्यों है।

## दीनदयाल उपाध्याय के दृष्टिकोण ने हमारी सरकार को प्रेरित किया: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख विचारक दीनदयाल उपाध्याय को शनिवार को उनकी 55वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके दृष्टिकोण ने सरकार को वंचितों के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक पदाधिकारी रहे उपाध्याय भारतीय जनसंघ के संस्थापक नेताओं में शामिल थे। जब कथित लूटपाट की कोशिश के दौरान 1968 में एक ट्रेन यात्रा के दौरान संदेहास्पद परिस्थितियों में उनकी हत्या कर दी गई थी, उस समय वह इसके अध्यक्ष थे। भारतीय जन संघ को बाद में भाजपा में तब्दील कर दिया गया था। मोदी ने उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के दृष्टिकोण को अपनी सरकार के कल्याणकारी कार्यों के पीछे की प्रेरणा बताया। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, मैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम राष्ट्र की प्रगति और गरीबों की सेवा के लिए उनके प्रयासों को कभी नही भूलेंगे। उनके दृष्टिकोण से प्रेरित होकर हम चौबीसों घंटे काम कर रहे है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विकास का लाभ वंचित लोगों तक पहुंचे।

# मदनी का विवादित बयान, भारत को इस्लाम की जन्म स्थली बताया

**● कहा, यह कहना कि इस्लाम बाहर से आया हुआ कोई मज़हब है, मुसलमानों का पहला वतन है भारत**

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत के इस्लाम** की जन्मस्थली होने का दावा करते हुए प्रतिष्ठित मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एमएम समूह) के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने शनिवार को कहा कि अल्लाह के पहले पैगम्बर का जन्म यहीं हुआ था और यह मुसलमानों का पहला वतन है। मदनी ने साथ में यह भी कहा कि यह देश जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत का, उतना ही उनका भी है। उन्होंने यह दावा भी किया कि देश में पिछले कुछ वर्षों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं और सरकार तथा प्रशासन को जिस तरह कार्रवाई करनी चाहिए थी, नहीं की। उन्होंने कहा, इस तरह की घटनाओं के खिलाफ हम आवाज़ भी उठाएंगे और लड़ाई भी लड़ेंगे। मदनी ने कहा कि अल्पसंख्यकों का आरएसएस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा बहुसंख्यकों से कोई धार्मिक या नस्ली द्वेष नहीं है। उन्होंने देश को महाशक्ति बनाने के लिए संघ प्रमुख भागवत को आपसी बैर और दुश्मनी को भुलाकर एक-दूसरे से गले मिलने का न्योता दिया। मदनी ने कहा कि अल्पसंख्यकों का आरएसएस और भाजपा से सिर्फ विचारधारा को लेकर मतभेद है, न कि मनभेद है। राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में आयोजित संगठन के 34वें महा अधिवेशन को संबोधित करते हुए राज्यसभा के पूर्व सदस्य ने कहा, हमें और उन्हें भी समझ लेना चाहिए कि यह मतभेद ज़िंदगी को खूबसूरत बनाता है और विरोध तंग दिली का लक्षण है। उन्होंने कहा, इस मुल्क की आबादी कम से कम 140 करोड़ है। यह लाखों वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। बेशुमार तहज़ीबें (संस्कृति), ज़बानें (भाषाएं), खान पान के तरीके और सोचने के अंदाज़ अलग-अलग होने के बावजूद यह मुल्क जुड़ा हुआ है और एक साथ है। इसमें मुसलमानों का बड़ा किरदार है। मदनी ने कहा, इस धरती की खासियत यह है कि खुदा के सबसे पहले पैगम्बर अबुल बशर सैयदना आदम अलैहिस्सलाम की यह सरज़मीन है।

## दयानंद सरस्वती की जयंती पर कार्यक्रमों का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समाज सुधारक एवं आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले समारोहों का यहां रविवार को उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि 12 फरवरी 1824 को जन्मे महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने समय की सामाजिक असमानताओं से निपटने के लिए आर्य समाज की स्थापना की थी। उसने कहा कि आर्य समाज ने सामाजिक सुधारों और शिक्षा पर जोर देकर देश की सांस्कृतिक एवं सामाजिक जागृति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बयान में कहा गया है कि सरकार समाज सुधारकों और महत्वपूर्ण हस्तियों, विशेष रूप से उन लोगों को सम्मानित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनके योगदानों को अभी तक अखिल भारतीय स्तर पर उपयुक्त श्रेय नही दिया गया है।

## पीएफआई षड्यंत्र मामले में एनआईए ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने राजस्थान में सांप्रदायिक द्वेष फैलाने और शांति को भंग करने की प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की साजिश से जुड़े मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि उदयपुर के मुर्शिद नगर निवासी मोहम्मद सोहैल को शुक्रवार को जयपुर से गिरफ्तार किया गया और वह पीएफआई की आपराधिक साजिश में सक्रिय रूप से शामिल था। इससे पहले, एनआईए ने मामले में दो आरोपियों सादिक सर्राफ और मोहम्मद आसिफ को गिरफ्तार किया था। इस मामले में एनआईए ने नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में पिछले साल 19 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज की थी। सोहैल ने पीएफआई के कैडर सदस्यो के साथ मिलकर मुस्लिम युवाओं को चरमपंथी बनाने की साजिश रची थी, ताकि उनसे हिंसक गैर कानूनी गतिविधियां कराई जा सकें।

## शिक्षा को सशक्त बनाने की जरूरत

**नई दिल्ली।** एजुकेशन से जुड़ी लियो-1 के फाउंडर और एमडी रोहित गजभि ने कहा कि उनका संगठन समाज की सबसे महत्वपूर्ण बुनियाद, शिक्षा को सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। भारत के जाने-माने एड्यु फिनटेक स्टार्ट-अप फाइनैंसपियर ने अपने ब्राण्ड को लियो के रूप में नई पहचान दी है। फीस के लिए फाइनैंस करने वाली कंपनी से आगे बढ़कर शिक्षा को सशक्त बनाने वाली कंपनी बन गई है। अभावी दृष्टिकोण के साथ प्रासंगिक, तर्कसंगत एवं विभेदित समाधान उपलब्ध कराते हुए ऐसी शिक्षा प्रणाली के निर्माण के लिए प्रयासरत है जो बहु-आयामी रूप से फायदेमंद होगी।

## वकील शाहिद हत्या : हाईकोर्ट ने सुनवाई पर लगी रोक हटाई

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने 2010 में फौजदारी मुकदमे के वकील शाहिद आजमी की हत्या के मामले में सुनवाई पर लगी रोक हटा दी है और पूर्वाग्रह को आधार बनाकर किसी और निचली अदालत में सुनवाई कराए जाने संबंधी अभियुक्त का अनुरोध ठुकरा दिया है। आजमी की 11 फरवरी, 2010 को कुर्ला उपनगर में उनके कार्यालय में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के समय आजमी मालेगांव 2006 बम विस्फोट, 7/11 ट्रेन विस्फोट मामले, औरंगाबाद हथियार बरामदगी मामले और घाटकोपर विस्फोट मामले में कई आरोपियों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। राजकुमार राव अभिनीत हंसल मेहता की 2013 की फिल्म शाहिद आजमी के जीवन और कार्य पर आधारित थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार गैंगस्टर छोटा राजन के इशारे पर आजमी की हत्या की गई।

# राष्ट्रपति मुर्मू का कृषि वैज्ञानिकों से जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने का आह्वान

**भाषा।** कटक



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने चावल को देश की खाद्य सुरक्षा का आधार करार देते हुए शनिवार को कृषि वैज्ञानिकों को इसका उत्पादन बढ़ाने के लिए जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने एवं पारस्थितिकी संतुलन को कायम रखने के प्रयास का आह्वान किया। दूसरी भारतीय चावल कांग्रेस का उद्घाटन करते हुए मुर्मू ने कृषि वैज्ञानिकों की तारीफ की और कहा कि उन्होंने भारत को खाद्यान्न अधिशेष देश बनाने में काफी योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत अब चावल का एक बड़ा उपभोक्ता एवं निर्यातक है, लेकिन जब देश आजाद हुआ था तो स्थिति बिल्कुल भिन्न थी। उन्होंने कहा, उन दिनों हम अपनी खाद्यान्न जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर थे। राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईसीसीआर-एनआरआरआई) को इसका श्रेय देते हुए राष्ट्रपति ने इसे आगे की चुनौतियों की भी याद दिलाई। उन्होंने कहा कि धान की फसल को बहुत अधिक पानी की जरूरत होती है, लेकिन दुनिया के कई हिस्से जलवायु परिवर्तन के कारण जल की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। अब आए दिन सूखा, बाढ़ और चक्रवात आते हैं जो धान की खेती पर असर डालते हैं, ऐसे में कई स्थान हैं, जहां चावल की पारंपरिक किस्में चुनौतियों से जूझ रही हैं। राष्ट्रपति ने कृषि वैज्ञानिकों से कहा, इस तरह, आज हमारे सामने जो जिम्मेदारी है, उसमें बीच का रास्ता ढूंढना है: एक ओर पारंपरिक किस्मों को बचाए भी रखना है और दूसरी ओर पारिस्थितिकी संतुलन को भी बरकरार रखना है। उन्होंने कहा कि दूसरी चुनौती मिट्टी को आधुनिक चावल खेती के लिए जरूरी समझे जाने वाले रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक इस्तेमाल से बचाना है। मृदा को स्वस्थ बनाए रखने के लिए ऐसे उर्वरकों पर निर्भरता घटाने की जरूरत पर बल देते हुए राष्ट्रपति ने वैज्ञानिकों से पारिस्थितिकी अनुकूल धान कृषि प्रणाली विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चावल हमारी खाद्य सुरक्षा की बुनियाद है, ऐसे में वैज्ञानिकों को उसके पोषण पहलू को भी ध्यान में रखना चाहिए।

# पुनर्नामकण आयोग गठित करने को लेकर याचिका दाखिल

**● विदेशी आक्रांताओं के नाम वाले स्थानों के लिए पीआईएल**

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** में एक जनहित याचिका(पीआईएल) दायर कर उन ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का मूल नाम बहाल करने के लिए एक पुनर्नामकरण आयोग गठित करने के वास्ते केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जिनका विदेशी आक्रांताओं ने नाम बदल दिया था। याचिका में कहा गया है कि मुगल गार्डन का नाम हाल में बदल कर अमृत उद्यान किया गया है, लेकिन सरकार ने आक्रांताओं के नाम पर रखी गई सड़कों के नाम का पुनर्नामकरण करने के लिए कुछ नहीं किया। इसमें दलील दी गई है कि इन नामों का जारी रहना संप्रभुता और संविधान के तहत प्रदत्त अन्य नागरिक अधिकारों के खिलाफ है। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि वैकल्पिक रूप से न्यायालय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को उन प्राचीन ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का शुरूआती(मूल) नाम प्रकाशित करने का निर्देश दिया जा सकता है, जिनका पुनर्नामकरण बर्बर विदेशी आक्रांताओं ने कर दिया था। पीआईएल में कहा गया है, हम आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं लेकिन ऐसे कई प्राचीन ऐतिहासिक सांस्कृतिक धार्मिक स्थल बर्बर विदेशी आक्रांताओं, उनके सेवकों और परिवार के सदस्यों के नाम पर हैं। इसमें अनुरोध किया गया है कि इस तरह के स्थानों के मूल नाम का पता लगाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक पुनर्नामकरण आयोग गठित करने का निर्देश दिया जाए। पीआईएल में कहा गया है, 29 जनवरी 2023 को मुगल गार्डन का नाम बदल कर अमृत उद्यान कर दिया गया, लेकिन सरकार ने बाबर रोड, हुमायूं रोड, अकबर रोड, जहांगीर रोड, शाहजहां रोड, बहादुरशाह रोड, शेरशाह रोड, औरंगजेब रोड, तुगलक रोड, सफदरजंग रोड और हेली रोड आदि का पुनर्नामकरण करने के लिए कुछ नहीं किया। उपाध्याय ने केंद्र, सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों और एएसआई को याचिका में पक्षकार बनाया है।

## क्विक न्यूज

### ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति धनशोधन मामले में वाईएसआर कांग्रेस के सांसद के बेटे को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में कथित अनियमितताओं की धनशोधन संबंधी जांच के सिलसिले में आंध्र प्रदेश के ओंगोल से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राघव मगुंटा को धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुक्रवार शाम को हिरासत में लिया गया। उन्हे एक स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां संघीय जांच एजेंसी उनकी हिरासत का अनुरोध करेगी। इस मामले में निदेशालय द्वारा यह नौवीं और इस सप्ताह की गई तीसरी गिरफ्तारी है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में इस मामले में पंजाब के कारोबारी गौतम मल्होत्रा को पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत हिरासत में लिया था। गौतम मल्होत्रा पंजाब में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के पूर्व विधायक और शराब कारोबारी दीप मल्होत्रा के बेटे हैं।

### सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.67 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 24 प्रतिशत बढ़कर 15.67 लाख करोड़ रुपए हो गया है। मंत्रालय के अधीन कार्यरत केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में अब तक उसका शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 12.98 लाख करोड़ रुपए रहा है जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 18.40 प्रतिशत अधिक है। यह आंकड़ा कर रिफंड के समायोजन के बाद का है। चालू वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह संबंधी संशोधित बजट अनुमान का करीब 79 प्रतिशत अब तक संग्रहीत किया जा चुका है। संशोधित अनुमान करीब 16.50 लाख करोड़ रुपए रखा गया है जो 14.20 लाख करोड़ रुपए के बजट अनुमान से अधिक है। सीबीडीटी के बयान के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में अब तक कुल 15.67 लाख करोड़ रुपए का कर संग्रह हुआ है जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 24.09 प्रतिशत अधिक है। कर संग्रह के आंकड़े 10 फरवरी, 2023 तक के है। अप्रैल 2022 से 10 फरवरी, 2023 के बीच कॉरपोरेट आयकर की वृद्धि दर 19.33 प्रतिशत रही है जबकि सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 29.63 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### डीजीसीए ने एयरएशिया पर लगाया 20 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** विमानन नियामक डीजीसीए ने पायलट प्रशिक्षण से संबंधित नियमों के उल्लंघन के लिए टाटा समूह की किफायती विमानन सेवा एयरएशिया इंडिया पर शनिवार को 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। एक बयान के अनुसार, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन के प्रशिक्षण प्रमुख को तीन महीने के लिए पद से हटाने का आदेश देने के साथ आठ मनोनीत परीक्षकों (डीई) पर तीन-तीन लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीटीआई-भाषा ने 23 जनवरी को जारी एक खबर में कहा था कि एयरएशिया इंडिया ने पायलट प्रवीणता जांच और उपकरण रेटिंग परीक्षणों से संबंधित मानकों का कथित रूप से उल्लंघन किया है लिहाजा डीजीसीए उसके खिलाफ कार्वाई कर सकता है। टाटा समूह की किसी एयरलाइन के खिलाफ एक महीने में तीसरी बार डीजीसीए ने कार्वाई है। एयरएशिया इंडिया ने एक बयान में कहा कि वह डीजीसीए के आदेश की समीक्षा कर रहा है और उसके खिलाफ अपील करने पर विचार कर रहा है। एयरएशिया इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हम मानते है कि डीजीसीए ने नवंबर, 2022 में हमारे मुख्य अड्डे के निरीक्षण के दौरान पायलट प्रशिक्षण में कुछ कमियां पाई थी।

### बंगाल के भाजपा नेता जनता को बना रहे बेवकूफ : अभिषेक

**कूचबिहार।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अलग राज्य की मांग उठाकर उत्तरी बंगाल के लोगों को बेवकूफ बना रहे है। उन्होने यह भी दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने जोर दिया है कि भाजपा राज्यों के विभाजन के खिलाफ है। राज्य के उत्तरी जिले कूचबिहार के मथभंगा में एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल के विभाजन की कभी अनुमति नही देगी। असम के मुख्यमंत्री दावा कर रहे है कि वे कभी राज्य का विभाजन नही करेंगे, जबकि पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता अलग राज्य की राग अलाप रहे है। ए लोग आपको (जनता को) बेवकूफ बना रहे है।

### पेमी दो हजार को देगा नौकरी

**नोएडा।** पेमी ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग के तहत पेमी यमुना अथॉरिटी में 200 करोड़ रूपये का निवेश करेगी। निवेश के जरिये करीब दो हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। फोकस प्रशिक्षण और स्किल विकसित करने के संसाधनों पर होगा। समझौते पर आठ फरवरी 2023 को यमुना अथॉरिटी के ऑफिस में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से यूपी इनवेस्टर्स समिट के नोडल ऑफिसर व यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रीयल डेवलेपमेंट अथॉरिटी के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और पेमी की तरफसे कंपनी के डायरेक्टर मानव मुंजाल व एचआर के वाइस प्रेसीडेंट विशाल रंजन मौजूद रहे।

# संसद के अंदर या बाहर बोलने की आजादी नहीं: खरगे



**भाषा।** रांची

**कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि देश में अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। झारखंड के साहिबगंज जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए, खरगे ने संसद में उनके भाषण के कुछ हिस्सों को संसद की कार्यवाही से हटाए जाने का दावा करते हुए नाराजगी जाहिर की। राज्य में पार्टी के 60 दिवसीय हाथ से हाथ जोड़ो जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरुआत के बाद पाकुड़ के गुमानी मैदान में रैली में उन्होंने आरोप लगाया, न तो संसद के अंदर बोलने की आजादी है और न ही बाहर। अगर कोई सच बोलता है, लिखता है, दिखाता है तो उसे वे (भाजपा) सलाखों के पीछे डाल देते हैं। इस बीच भाजपा की झारखंड इकाई के अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने हालांकि कांग्रेस के कार्यक्रम को नाटक करार दिया। खरगे ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री के संबंध में किसी असंसदीय शब्द या भाषा का इस्तेमाल नहीं किया ... अटल बिहारी वाजपेई ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के लिए इसी अभिव्यक्ति का इस्तेमाल किया था और भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के लिए इसका इस्तेमाल किया था। अडाणी मुद्दे को लेकर भी कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अडाणी, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्र हैं, के पास अभी 13 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है ... 2019 में उनकी संपत्ति एक लाख करोड़ रुपए थी। खरगे ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री उनके (अडाणी) लिए काम करते हैं, गरीबों के लिए नहीं।

# त्रिपुरा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले से वाम-कांग्रेस गठबंधन को मदद मिलेगी: एचुरी

**भाषा।** अगरतला



**मार्क्सवादी** कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम एचुरी ने कहा कि छोटे किंतु राजनीतिक रूप से अहम त्रिपुरा में आगामी विधानसभा चुनाव में होने वाले त्रिकोणीय मुकाबले से वाम-कांग्रेस गठबंधन को मदद मिलेगी।

एचुरी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि 16 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए स्थानीय स्तर के नेता (टिपरा मोथा जैसे) अन्य दलों के साथ संभावित समायोजन को देखने के साथ ही इस बात का आकलन करेंगे कि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) को हराने में कौन सर्वाधिक सक्षम है। एचुरी ने कहा, भाजपा (और उसकी सहयोगी इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) ने पिछले चुनाव में जनजातीय इलाकों की 20 में से 18 सीट जीती थीं। त्रिपुरा विधानसभा की 60 में से 20 सीट जनजातीय क्षेत्रों के लिए आरक्षित हैं। भाजपा ने 2018 में कुल 36 सीट जीती थीं, जिनमें से आधी सीट जनजातीय क्षेत्र से मिली थीं। उन्होंने कहा, इस बार जनजातीय क्षेत्रों में टिपरा मोथा सबसे आगे है। एचुरी ने कहा कि आईपीएफटी (इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) को भाजपा ने सिर्फ पांच सीट दी हैं। उन्होंने कहा, पिछली बार भाजपा को जो फायदा मिला था, वह उसे दोबारा नहीं मिलेगा। इससे वाम-कांग्रेस गठबंधन को मदद मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में माकपा को मिले 42.22 प्रतिशत और कांग्रेस के दो प्रतिशत मतों की तुलना में भाजपा को 43.59 प्रतिशत वोट मिले थे। एचुरी ने कहा, हमें पिछली बार से इस बार अधिक मिलेगा।

## टिपरा मोथा उस सरकार का हिस्सा नहीं होगी, जो अलग राज्य संबंधी हमारी मांग से सहमत नहीं होगी: देबबर्मा

**कल्याणपुर (त्रिपुरा)।** टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने शनिवार को कहा कि चुनाव के बाद उनकी पार्टी ऐसी किसी सरकार का हिस्सा नही होगी, जो एक अलग राज्य संबंधी उसकी मांग से सहमत नही होगी। त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के वंशज, देबबर्मा ने कहा, अगर त्रिशंकु विधानसभा होती है तो हम विचार (बाहर से सरकार को समर्थन देने के बारे में)करेंगे... लेकिन हम अपने मुख्य उद्देश्य पर कायम रहेंगे। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, चुनाव के बाद हम उस किसी भी सरकार का हिस्सा नही होंगे, जो अलग राज्य संबंधी हमारी मांग से सहमत नही होगी।

# जम्मू-कश्मीर में मिले लिथियम भंडार

**● रियासी जिले में मिले लिथियम की गुणवत्ता सर्वोत्तम**

**भाषा।** जम्मू



**जम्मू कश्मीर में** मिले देश के पहले लिथियम भंडार के लिथियम की गुणवत्ता सर्वोत्तम है। यह जानकारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शनिवार को दी। वहीं, ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस खोज से उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने इलेक्ट्रिक वाहन और सोलर पैनल बनाने में अहम धातु लिथियम के 59 लाख टन भंडार का पता रियासी जिले में लगाया है। जम्मू-कश्मीर के खनन सचिव अमित शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, लिथियम दुर्लभ संसाधनों की श्रेणी में आता है और पहले यह भारत में नहीं मिलता था, जिसकी वजह से हम इसके शत-प्रतिशत आयात पर निर्भर थे। जीएसआई द्वारा किए गए जी-3 (एडवांस) अध्ययन में पता चला है कि माता वैष्णो देवी तीर्थ की तलहटी में बसे सलाल गांव (रियासी जिले) में मौजूद लिथियम भंडार उच्च गुणवत्ता का है। उन्होंने बताया कि सामान्य श्रेणी में लिथियम का ग्रेड 220 पार्ट्स पर मिलियन (पीपीएम) का होता है, जबकि जम्मू-कश्मीर में मिले भंडार का लिथियम 550 पीपीएम से अधिक ग्रेड का है और यह भंडार करीब 59 लाख टन है जो लिथियम की उपलब्धता के मामले में चीन को पीछे छोड़ देगा।

उन्होंने कहा, भारत इस खोज के साथ उन देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास लिथियम है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को पूरा करेगा। शर्मा ने कहा कि लिथियम का विस्तृत इस्तेमाल है और भारत की जी-20 की अध्यक्षता के समय इसकी खोज जम्मू-कश्मीर को अपने समृद्ध भंडारों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा। खनन शुरू होने की समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर खनन सचिव ने कहा कि प्रत्एक परियोजना अपना समय लेती है। उन्होंने कहा, हमने जी-3 का अध्ययन किया है, धातु का खनन शुरू करने से पहले जी-2 और जी-। अध्ययन होगा। इस खोज को लेकर ग्रामीण भी बहुत उत्साहित हैं।

सलाल गांव के उप सरपंच राजेंद्र सिंह ने कहा, यह हम सभी के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है। रेल परियोजना और माता वैष्णो देवी तीर्थ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा साधन है, लेकिन अब यह (लिथियम) परियोजना परिवर्तनकारी साबित होगी।



बंगलुरू में एयरशो इंडिया के लिए रिहर्सल करता भारतीय वायुसेना का हेलीकॉप्टर सारंग

# लालच में फांसकर कंगारूओं को किया साफ : अश्विन

● योजना आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को ड्राइव शॉट के लिए लुभाने की थी

**भाषा।** नागपुर

**भारत के मुख्य** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को कहा कि नागपुर की धीमी पिच पर आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को ड्राइव शॉट खेलकर गलतियां करने के लिए लुभाने की उनकी योजना कारगर रही जिससे घरेलू टीम ने यहां पहले टेस्ट में पारी और 132 रन से जीत हासिल की। अश्विन (79 रन देकर आठ विकेट) ने भारत के लिए सर्वाधिक विकेट चटकाए जिसमें शनिवार को तीसरे दिन आस्ट्रेलियाई की दूसरी पारी में पांच विकेट शामिल रहे। अश्विन ने मैच के बाद कहा, विकेट काफी धीमा था। मैं पूरे टेस्ट के दौरान यह कहता रहा हूं। यह उस तरह की पिचों में से एक नहीं थी जहां गेंद दस्तानों से होकर जाती। आपको इस विकेट पर बल्लेबाजों को ड्राइव शॉट खेलने के लिए उकसाने की जरूरत थी। इसलिए मैंने सोचा कि उन्हें (आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों) एक या दो गेंद ड्राइव खेलने वाली दूं, उन्हें शॉट खेलने के लिए उकसाऊं। अश्विन ने घरेलू टीम के स्पिनरों की तारीफ की जो बल्लबाजी भी कर सकते हैं जैसा कि मैन ऑफ द मैच रहे रविंद्र जडेजा



के अलावा अक्षर पटेल ने भी किया। जडेजा ने सात विकेट झटकने के अलावा 70 रन का भी योगदान दिया जबकि अक्षर ने बल्ले से 84 रन का योगदान दिया जो मैच में कप्तान रोहित शर्मा (120 रन) के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। अश्विन ने कहा, मुझे जड्डू से काफी मदद मिली, वह शानदार फॉर्म में रहा है। पिछले तीन वर्षों में उसने जिस तरह से बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है, हमें मैदान में उसके खेलने के बारे में बात करने की जरूरत नहीं है। वह शानदार क्रिकेटर है। मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे उस जैसा गेंदबाजी जोड़ीदार मिला है। अक्षर भी कोई सामान्य गेंदबाज नहीं है, हमारे पास काफी अच्छे स्पिनर हैं जो बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। आस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ दबदबे भरी जीत के बारे में पूछने पर अश्विन ने कहा, मैं अपनी बल्लेबाजी इकाई को श्रेय दूंगा, उन्होंने आस्ट्रेलियाई टीम के सामने अच्छी बल्लेबाजी की। उनके लिए फिर आकर बल्लेबाजी करना मुश्किल हो गया जिसमें आज हमारे लिए शुरूआती विकेटों ने लय तय कर दी। पहली पारी में चेतेश्वर पुजारा के स्थान पर तीसरे नंबर पर रात्रिप्रहरी के तौर पर उतरे अश्विन ने 23 रन का योगदान दिया था। इस नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, मैं शुरू में बल्लेबाजी करने के मौके बारे में पूछता रहा हूं। अन्य बल्लेबाजों को बल्लेबाजी करते हुए देखने से मैं इन दिनों काफी नर्वस महसूस कर रहा था। इस टेस्ट में मौका था तो मैंने खुद को पेश किया। मेरे दोस्त (चेतेश्वर) पुजारा ने मुझे रात्रिप्रहरी के तौर पर आने दिया क्योंकि पहला दिन खत्म होने में 20 मिनट बचे थे और मैंने इस मौके को खुशी खुशी हासिल किया।

## भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल में स्थान सुनिश्चित करने के करीब पहुंचा, आस्ट्रेलिया का इंतजार बढ़ा

**नागपुर।** बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी में यहां शनिवार को पहले टेस्ट में आस्ट्रेलिया पर पारी और 132 रन की जीत से भारत दूसरी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में स्थान पक्का करने के करीब पहुंच गया जबकि इस हार से पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम का खिताबी राउंड के लिए स्थान की पुष्टि का इंतजार बढ़ गया। इस जीत से दूसरे नंबर पर काबिज भारत के 61.67 प्रतिशत अंक है जबकि नंबर एक आस्ट्रलिया के 70.83 प्रतिशत अंक है। भारत को 62.50 न्यूनतम अंक प्रतिशत हासिल करने के लिए श्रृंखला के बचे हुए तीन में से दो मैचों में जीत की जरूरत है जिससे तीसरे स्थान पर चल रही श्रीलंका दौड़ से बाहर हो जाएगी। अगर भारत बचे हुए सभी तीनो मैच जीत जाता है तो टीम का सर्वश्रेष्ठ संभव प्रतिशत 68.06 होगा। भारत की पारी जीत से डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में जहां आस्ट्रेलिया का इंतजार बढ़ गया तो वही इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की टेस्ट चैम्पियनशिप 2022-23 चक्र में स्थान हासिल करने की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा। आस्ट्रेलिया के पास डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के लिए काफी अंक प्रतिशत है लेकिन भारत से 0-4 की हार से तीसरे स्थान पर चल रही श्रीलंकाई टीम वापस दौड़ में आ सकती है क्योंकि उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले हफ्ते से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है। पर रोहित शर्मा की टीम अगर श्रृंखला में क्लीन स्वीप करती है तो आस्ट्रेलिया का अंकप्रतिशत 59.64 तक गिर जाएगा। अगर श्रीलंकाई टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ दोनों टेस्ट जीत लेती है तो उसका अंक प्रतिशत 61.1 हो जाएगा जो उन्हें आस्ट्रेलिया को पछाड़ने और डब्ल्यूटीसी फाइनल स्थान हासिल करने के लिए काफी होगा। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) द्वारा की गई गणना के अनुसार, आस्ट्रेलिया के लिए अगले तीन टेस्ट में एक जीत उन्हें न्यूनतम 64.91 प्रतिशत अंक तक पहुंचाने में मदद करेगी जबकि एक ड्रा से उनके 61.40 प्रतिशत अंक होंगे (बशर्ते ओवर गति पर कोई अंक नही गंवाए) जिससे उसके पास श्रीलंका से आगे फाइनल में पहुंचने का मौका होगा। वही श्रीलंका अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से 61.11 अंक प्रतिशत तक ही पहुंच सकता है।

## स्कोरबार्ड

**आस्ट्रेलिया पहली पारी** : 177 रन, **भारत पहली पारी** : रोहित बो कमिंस 120, राहुल का और बो मरफी 20, अश्विन पगबाधा बो मरफी 23,पुजारा का बोलैंड बो मरफी 7,कोहली का कारी बो मरफी 12, यादव बो लियोन 8,जडेजा बो मरफी 70,भरत पगबाधा बो मरफी 8, पटेल बो कमिंस 84, शमी का कारी बो मरफी 37, सिराज नाबाद।, **अतिरिक्त** : 10 रन, **कुल योग** : 139- 3 ओवर में 400 रन, **विकेट पतन** :1-76, 2-118, 3-135, 4-151, 5-168, 6-229, 7 -240, 8-328, 9-380, **गेंदबाजी** : कमिंस 20-3-3-78- 2, बोलैंड 17-4 -34-0, लियोन 49-13 -126-1, मरफी 47-12-124-7, लाबुशेन 5-0-24- 0, रेनशॉ 1-0 -7-0

**आस्ट्रेलिया दूसरी पारी** : ख्वाजा का कोहली बो अश्विन 5,वॉर्नर पगबाधा बो अश्विन 10, लाबुशेन पगबाधा बो जडेजा 17, स्मिथ नाबाद 25, रेनशॉ पगबाधा बो अश्विन 2, हैंडस्कांब पगबाधा बो अश्विन 6,कारी पगबाधा बो अश्विन 10,कमिंस का भरत बो जडेजा।, मरफी का शर्मा बो पटेल 2, लियोन बो शमी 8,बोलैंड पगबाधा बो शमी 0, **अतिरिक्त** : पांच रन,**कुल योग** : 32.3 ओवर में 91 रन, **विकेट पतन** :1-7, 2-26, 3- 34, 4-42, 5- 52, 6-64, 7- 67, 8-75, 9-88, **गेंदबाजी** : शमी 4.3-1-13-2, अश्विन 12-3-37-5, सिराज 1-1-0- 0, जडेजा 12-3-34 -2,पटेल 3- 0- 6-1

# भारत की टर्निंग पिचों पर रन बनाने के लिए योजना की जरूरत : रोहित



**भाषा।** नागपुर

**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा को लगता है कि विदर्भ क्रिकेट संघ स्टेडियम की पिच में कोई खराबी नहीं थी क्योंकि स्पिन की मददगार उपमहाद्वीपीय विकेटों पर सफलता हासिल करने के लिए योजना के अनुसार खेलना महत्वपूर्ण है। शुरूआती टेस्ट के आरंभ होने से पहले आस्ट्रेलियाई मीडिया में पिच को लेकर बहस शुरू हो गई थी कि मेजबान देश ने दौरा करने वाली टीम के बाएं हाथ के बल्लेबाजों को परेशान करने के लिए टर्निंग पिच तैयार की हैं। पहला टेस्ट तीसरे ही दिन पारी और 132 रन से जीतने के बाद रोहित ने कहा कि एक बल्लेबाज को इस तरह के पिचों पर रन बनाने के लिए कुछ ऐसे तरीके अपनाने की जरूरत होती है जो परंपरागत नहीं हों। पिछले कुछ वर्षों में भारत में हम जिस तरह की पिचों पर खेल रहे हैं, आपको रन जुटाने के लिए कुछ ऐसे तरीके अपनाने की जरूरत होती है जो परंपरागत नहीं हो और थोड़ी योजना बनानी पड़ती है। रोहित ने कहा मैं मुंबई में खेलते हुए बड़ा हुआ हूं जहां की पिच काफी टर्न लेती है। आपको थोड़ा अपरंपरागत भी होना पड़ता है, अपने पैरों का इस्तेमाल करो। कुछ अलग करके गेंदबाजों पर भी दबाव बनाने की जरूरत होती है। इस अलग चीज में वो सब करो जो आपको ठीक लगे जैसे पैर का इस्तेमाल करना, स्वीप शॉट, रिवर्स स्वीप शॉट लगाओ।

### आस्ट्रेलियाई टीम में एक ही सत्र में सिमटने की उम्मीद नहीं की थी

**नागपुर।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आस्ट्रेलियाई टीम की मानसिक मजबूती पर टिप्पणी नही करेंगे लेकिन उन्होने शनिवार को यहां शुरूआती टेस्ट के तीसरे दिन उनके महज एक ही सत्र में सिमटने की उम्मीद निश्चित रूप से नही की थ। आस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट मे पारी और 132 रन से हार का सामना करना पड़ा क्योंकि टीम तीसरे दिन लंच के बाद बल्लेबाजी करने उतरी और चाय के सत्र से पहले ही दूसरी पारी में महज 91 रन पर सिमट गई। तीन दिन में खत्म होने की उम्मीद के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, नहीं, मैने उम्मीद नहीं की थी। उन्होने कहा, हम गेंदबाजी में मुश्किल दिन के लिए तैयार थे। हमने कभी नही सोचा था कि वे एक सत्र में सिमट जाएंगे। जैसा कि आपने देखा, पिच धीमी और धीमी होती चली गई और पिच पर कोई उछाल नही था इसलिए मुझे बहुत हैरानी हुई।

### यौन उत्पीड़न के आरोपी पूर्व सहायक फुटबॉल कोच के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय महिला अंडर-17 फुटबाल टीम के सहायक कोच पद से बर्खास्त किए गए एलेक्स मारियो एम्ब्रोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोप मे गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। एम्ब्रोस के खिलाफ द्वारका सेक्टर 23 पुलिस स्टेशन में यौन अपराधों से बच्चो के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 12 (यौन उत्पीड़न के लिए सजा) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एम्ब्रोस को भारतीय टीम के यूरोप दौरे के दौरान एक खिलाड़ी के साथ कथित दुर्व्यवहार के लिए नॉर्वे से वापस बुलाया गया था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एम्ब्रोस को पिछले साल जुलाई में बर्खास्त कर दिया था।

### एशियाई जूनियर स्क्वाश पुरूष फाइनल में भारत का सामना पाकिस्तान से

**चेन्नई।** भारत का सामना रविवार को यहां एचसीएल 21वी एशियाई जूनियर टीम चैम्पियनशिप 2023 के पुरूष फाइनल में पाकिस्तान से होगा। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने कोरिया को 2-1 से शिकस्त दी जबकि शीर्ष वरीय पाकिस्तान ने मलेशिया को पराजित किया। हालांकि भारतीय महिला टीम को सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग की मलेशिया से 1-2 से हार मिली।

### एनईआर की जीत में शिवम व उपेंद्र चमके

**लखनऊ।** मैन ऑफ़द मैच शिवम दीक्षित-चार विकेट की दमदार गेंदबाजी के बाद उपेंद्र यादव नाबाद 82 की शानदार पारी से नार्थ ईस्टर्न रेलवे एनईआरने जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में ध्रुव क्रिकेट अकादमी को रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से पराजित कर दिया। ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में नौ विकेट पर 227 रन बनाये। जवाब में नार्थ ईस्टर्न रेलवे ने 38 ओवर में सात विकेट पर 229 रन बनाकर इस मुकाबले में जीत अपने नाम कर ली।

### सोफ्ट टेनिस ट्रायल आज


**लखनऊ।** 19वीं सीनियर नेशनल सोफ्ट टेनिस चैपियनशिप 2023 का आयोजन 19 मार्च 2023 को उड़ीसा के भुनेश्वर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली उत्तर प्रदेश की टीम का चयन ट्रायल 12 को सुबह 7 बजे विजयंत खंड में होगा। महासचिव प्रशांत शर्मा की निगरानी रहेगी। चयन समिति ही टीम का चयन करेगी। जिसके अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी स्वर्णेश चतुर्वेदी व चयन समिति की सदस्य योगिता कुमारी रानी लक्ष्मी बाई अवर्डी द्वारा सम्पन कराई जायेगी।

### प्रियांश, ज्योति राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी में खिताब जीते

**नई दिल्ली।** एशिया कप के स्वर्ण पदक विजेता प्रियांश और कई बार की विश्व कप विजेता ज्योति सुरेखा वेनम ने शनिवार को यहां यमुना खेल परिसर मे राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट के कंपाउंड फाइनल्स में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। प्रियांश ने प्रथमेश फुगे को 146-143 से हराया, जबकि दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने शूटऑफ मे रागिनी मार्कू को पराजित किया। इन दोनो खिलाड़ियों का स्कोर समान 147 था जिसके बाद शूटऑफ का सहारा लिया गया।

# मप्र पर बंगाल ने विशाल बढ़त हासिल की

● दूसरे रणजी फाइनल में पहुंचने की दहलीज पर



**भाषा।** इंदौर

**बंगाल ने** शनिवार को यहां गत चैम्पियन मध्य प्रदेश के खिलाफ सेमीफाइनल में कुल 547 रन की विशाल बढ़त हासिल कर तीन सत्र में दूसरी बार रणजी ट्राफी फाइनल में अपना स्थान लगभग पक्का कर लिया। बंगाल की टीम ने पहली पारी में 268 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी और उसने चौथे दिन नौ विकेट पर 279 रन पर दूसरी पारी घोषित की। अगर रविवार को पांचवें दिन सेमीफाइनल मैच ड्रा रहता है तो बंगाल पहली पारी के आधार पर फाइनल में पहुंच जाएगा। पहली पारी के शतकवीर अनुस्तुप मजूमदार ने बीती रात के नौ रन के स्कोर को 80 रन में तब्दील किया जिसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने उन्हें संदिग्ध पगबाधा फैसले में आउट किया। पहली पारी में 120 रन बनाने वाले मजूमदार फिर बंगाल के लिए शीर्ष स्कोरर रहे। मजूमदार के आउट होने के बाद बंगाल के बाएं हाथ के स्पिनर प्रदीप्ता प्रमाणिक आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे और उन्होंने 101 गेंद में नाबाद 60 रन (तीन चौके, पांच छक्के) बनाकर टीम की बल्लेबाजी की गहराई दिखाई। प्रमाणिक और ईशान पोरेल (नाबाद 01 रन) ने मध्य प्रदेश के गेंदबाजी आक्रमण को हताश किया क्योंकि कप्तान मनोज तिवारी अपने बल्लेबाजों को फाइनल से पहले कुछ जरूरी अभ्यास कराना चाहते थे। बंगाल ने सुबह दो विकेट पर 59 रन से खेलना शुरू किया जिसके बाद मजूमदार और सुदीप घरामी ने रन जोड़ना जारी रखा। पर ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने तीसरे विकेट की इस 85 रन की महत्वपूर्ण भागीदारी का अंत किया। मजूमदार ने फिर तिवारी (15 रन) के साथ 39 रन की उपयोगी भागीदारी की। मध्य प्रदेश के लिए जैन ने 103 रन देकर छह और कुमार कार्तिकेय ने 63 रन देकर तीन विकेट झटके। रणजी ट्राफी फाइनल मैच 16 फरवरी से शुरू होगा।

## वसावड़ा के दोहरे शतक से सौराष्ट्र फाइनल में पहुंचने के करीब



वसावड़ा

**बेंगलुरू।** कप्तान अर्पित वसावड़ा के दोहरे शतक की मदद से सौराष्ट्र ने शनिवार को यहां कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 120 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर रणजी ट्राफी फाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। वसावड़ा ने सुबह 112 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और 406 गेंदों का सामना करके 202 रन बनाए। उनके अलावा चिराग जानी ने 72 रन का योगदान दिया जिससे सौराष्ट्र ने कर्नाटक के 407 रन के जवाब में 527 रन का बड़ा स्कोर बनाया। तेज गेंदबाज विद्युत कवरप्पा ने कर्नाटक की तरफ से 83 रन देकर पांच विकेट लिए। अगर मैच ड्रा समाप्त होता है तो सौराष्ट्र पहली पारी की बढ़त के आधार पर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगा। कर्नाटक ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 123 रन बनाए थे। पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले मयंक अग्रवाल ने धर्मेंद्रसिंह जडेजा की गेंद पर आउट होने से पहले 55 गेंदों पर 64 रन की तेजतर्रार पारी खेली। कर्नाटक ने अग्रवाल के अलावा रविकुमार समर्थ, देवदत्त पडिक्कल और मनीष पांडे के विकेट गंवाए। स्टंप उखड़ने के समय निकिन जोस 54 रन पर खेल रहे थे। सौराष्ट्र ने 2019-20 सत्र में बंगाल को हराकर रणजी ट्राफी का खिताब जीता था।

### राहुल का टेस्ट टीम में चयन पक्षपात पर आधारित : वेंकटेश प्रसाद

**भाषा।** मुंबई

**भारत के** पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने केएल राहुल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में पहले टेस्ट मैच में उनका चयन पक्षपात पर आधारित था। भारत ने इस मैच में आस्ट्रेलिया को तीसरे दिन ही पारी और 132 रन से हराया। इस मैच के लिए 30 वर्षीय राहुल को बेहतरीन फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल पर प्राथमिकता दी गई। राहुल ने भारत की पहली पारी में 71 गेंदों पर 20 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। प्रसाद ने अपने सत्यापित ट्विटर हैंडल पर लिखा, राहुल का चयन प्रदर्शन नहीं बल्कि पक्षपात के आधार पर किया गया। उसके प्रदर्शन में लगातार निरंतरता का अभाव रहा है और लगभग आठ साल से ऐसा चल रहा है। उसने अपनी क्षमता को प्रदर्शन में नहीं बदला है। राहुल का 46 मैचों में टेस्ट औसत 34.07 है ।

# जडेजा को ऊंगली पर मलहम लगाना पड़ा भारी

● अंपायर की अनुमति के बिना ऐसा करने के लिए जुर्माना लगा



**भाषा।** नागपुर

**आस्ट्रेलिया** के खिलाफ शुरूआती टेस्ट में भारत की जीत के नायक रविंद्र जडेजा पर शनिवार को उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया क्योंकि उन्होंने मैच के पहले दिन मैदानी अंपायर से अनुमति लिए बिना तर्जनी ऊंगली पर मलहम लगाया था। जडेजा ने गेंदबाजी करने वाले हाथ की ऊंगली में मलहम लगाया था जिस पर सूजन थी, उन्होंने मैच में 81 रन देकर सात विकेट झटकने के अलावा 70 रन का योगदान दिया जिससे भारत ने पारी और 132 रन की शानदार जीत हासिल की। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह अपने साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज से कुछ लेकर अपने बाएं हाथ की तर्जनी ऊंगली पर रगड़ते दिख रहे थे। आस्ट्रेलियाई मीडिया और एक पूर्व खिलाड़ी की यह जानने में काफी दिलचस्पी दिखी कि वह क्या लगा रहे थे लेकिन आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने कहा कि यह मलहम ऊंगली पर लगाया गया था जो पूरी तरह से चिकित्सा के उद्देश्य से लगाया गया था और इससे गेंद की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ था।

### भारतीय गेंदबाजों से निपटने का तरीका ढूंढना होगा : कमिंस

**भाषा।** नागपुर

**आस्ट्रेलियाई** कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि उनकी टीम शनिवार को यहां भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली करारी शिकस्त के दौरान प्रतिद्वंद्वी गेंदबाजों का सक्रिय होकर डटकर सामना नहीं कर पाई। यह पूछने पर कि उनकी टीम के साथ क्या गलत हुआ तो कमिंस ने कहा, जानना मुश्किल है। अगले कुछ दिनों में इसकी समीक्षा होगी। मुझे लगता है कि हर कोई स्पष्ट योजना के साथ आया था। कमिंस ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, चुनौती यही थी कि डटकर सामना किया जाए और सक्रिय रहा जाए। अगले कुछ दिनों में इसी पर बातचीत होगी। हमने काफी मुश्किल गेंदबाजों का सामना किया। कमिंस इस बात को लेकर काफी स्पष्ट थे कि उनकी टीम का रक्षात्मक खेल भारतीय पिचों में उन्हें कहीं नहीं ले जा पाएगा। आपने स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी को देखा।

# श्रीलंका ने महिला टी-20 विश्व कप के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराया

**भाषा।** केपटाउन

**कप्तान चामारी** अटापट्टू की शानदार बल्लेबाजी के दम पर श्रीलंका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर तीन रन से रोमांचक जीत दर्ज की। अटापट्टू ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए 50 गेंद में 12 चौकों की मदद से 68 रन बनाए जो महिला विश्व कप में किसी बल्लेबाज का श्रीलंका के लिए सर्वोच्च स्कोर है। दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 130 रन का लक्ष्य मिला लेकिन श्रीलंकाई स्पिनरों ने उन्हें नौ



विकेट पर 126 रन पर ही रोक दिया। श्रीलंका की 2016 के बाद दक्षिण अफ्रीका पर टी20 क्रिकेट में यह पहली जीत है। श्रीलंका की शुरूआत धीमी रही और पहले तीन ओवर में चार रन ही बने लेकिन अटापट्टू ने नोंकुलुलेको एमलाबा को लगातार चौके जड़कर दबाव हटाया। सलामी बल्लेबाज हर्षिता समरविक्रमा को नडाइन डे क्लेर्क ने मिडविकेट पर लपकवाया। दूसरे छोर से अटापट्टू ने इसी गेंदबाज को नौ गेंद में पांच चौके लगाए। सत्रह वर्ष की विष्मी गुणरत्ने को जमने में समय लगा लेकिन उसने कप्तान का बखूबी साथ देते हुए 34 गेंद में 35 रन बनाए।

### संतोष ट्राफी : दिल्ली ने बंगाल को ड्रा पर रोका, मणिपुर ने रेलवे को हराया


**भुवनेश्वर।** कई बार की चैम्पियन बंगाल को दिल्ली ने शनिवार को यहां संतोष ट्राफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में 2-2 से ड्रॉ पर रोका जबकि नौचा सिंह की हैट्रिक के दम पर मणिपुर ने रेलवे को 4-। से हराया। पिछले साल के फाइनलिस्ट बंगाल को दिल्ली के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह दिल्ली की टीम थी जिसने सातवें मिनट में नीरज भंडारी के गोल से बढ़त बनाई। मध्यांतर तक दिल्ली ।-0 से आगे थी लेकिन बंगाल के नरो हरि श्रेष्ठ (50वें और 61वें) के दो गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

# रंधावा व भुल्लर संयुक्त 12वें पर, सात भारतीय कट में

**भाषा।** मस्कट

**अनुभवी ज्योति** रंधावा और दस बार के एशियाई टूर विजेता गगनजीत भुल्लर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 लाख डॉलर ईनामी राशि के इंटरनेशनल सीरिज ओमान गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 12वां स्थान हासिल कर लिया। रंधावा ने पहले दिन 70 और दूसरे दौर में 74 स्कोर किया। वहीं भुल्लर ने दोनों दौर में 72 स्कोर किया। वे अब जापान के ताकुमी कानाया से चार शॉट पीछे हैं। भारत के सात खिलाड़ियों ने कट में प्रवेश किया है जबकि तीन चूक गए। रंधावा और भुल्लर के अलावा शिव कपूर, एसएसपी चौरसिया (संयुक्त 23वां स्थान), राशिद खान (संयुक्त 33वां), एस चिक्कारंगप्पा (संयुक्त 50वां)और हनी बैसोया ने भी कट में प्रवेश कर लिया। वहीं करणदीप कोचर, वीर अहलावत और जीव मिल्खा सिंह चूक गए।

### अदिति की नजरें लगातार दूसरे खिताब पर



**रबात।** भारत की अदिति अशोक ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए लेडीज यूरोपीय टूर के एल मेरिएम कप गोल्फ के दूसरे दौर में दो अंडर 71 के स्कोर के साथ दो सप्ताह में दूसरे खिताब की ओर कदम रख दिया। पिछले सप्ताह मैजिकल कीनिया लेडीज ओपन जीतने वाली अदिति ने पहले दिन चार अंडर स्कोर किया था। अब वह शीर्ष पर काबिज माजा स्टार्क से दो शॉट पीछे है जिसने दूसरे दौर में छह अंडर 67 स्कोर किया। भारत की दीक्षा डागर 81 और 77 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश से चूक गई।

### जोनाथन बेट्टी महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच

**भाषा।** नई दिल्ली


**इंग्लैंड के** पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर जोनाथन बेट्टी को शनिवार को पहली महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच चुना गया। 48 वर्ष के बेट्टी की सहयोगी पूर्व क्रिकेटर हेमलता काला और लीसा नाइटले होंगी। सर्रे और ग्लूस्टरशर के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज बेट्टी ओवल इंविंसिबल्स महिला टीम के कोच रह चुके हैं जिसने 2021 और 2022 में द हंड्रेड खिताब जीता था। वह महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स और सें महिला टीम के भी कोच रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स से बतौर मुख्य कोच जुड़कर काफी रोमांचित हूं। महिला क्रिकेट से जुड़ने का यह शानदार समय है और महिला प्रीमियर लीग दुनिया में महिलाओं के पेशेवर खेल का स्वरूप बदल सकती है। भारत के लिए सात टेस्ट और 78 वनडे खेल चुकी काला राष्ट्रीय चयन समिति की प्रमुख भी रही हैं। उनके कार्यकाल में ही भारत 2017 विश्व कप फाइनल में पहुंचा था।

# भारतीय महिला टीम की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर

● पहला मुकाबला पाकिस्तान से

**भाषा।** केपटाउन

**लंबे समय से** आईसीसी खिताब को तरस रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप के पहले मुकाबले में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा इस बार इंतजार को खत्म करने का होगा। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला वैसे भी रोमांचक होता है लेकिन भारतीय टीम का पलड़ा भारी होने से यह शायद अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सके। पाकिस्तान ने हालांकि भारत को पिछले साल एशिया कप में हराया था जब भारतीय टीम ने जरूरत से ज्यादा प्रयोग किए थे। पिछले पांच साल में दोनों टीमों के बीच जमीन आसमान का अंतर देखने को मिला है। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के दबदबे को लगातार चुनौती दे रही है जबकि पाकिस्तानी महिला टीम कुछ खास नहीं कर सकी। पहली महिला प्रीमियर लीग की नीलामी से एक दिन पहले होने वाले इस मैच में भारतीय खिलाड़ियों के लिए अतिरिक्त प्रेरणा रहेगी लेकिन कुछ का फोकस हट भी सकता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की फिटनेस को लेकर भी संदेह है जो क्रमशः कंधे और ऊंगली की चोट से जूझ रही हैं। उनके खेलने के बारे में फैसला शनिवार को अभ्यास सत्र के बाद लिया जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा , दोनों सीनियर खिलाड़ी हैं और टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण है। अगर उनकी फिटनेस को लेकर तनिक भी संदेह हुआ तो हम जोखिम नहीं लेंगे क्योंकि यह पहला ही मैच है। भारत को हाल ही में दक्षिण अफ्रीका ने त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में हराया है। इसके अलावा अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया



से हारे लेकिन बांग्लादेश को हराया। भारतीय टीम के सेमीफाइनल तक पहुंचने की प्रबल संभावना लग रही है लेकिन आस्ट्रेलिया को हराने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। रेणुका सिंह को छोड़कर गेंदबाजों में आत्मविश्वास नहीं दिख रहा। अनुभवी शिखा पांडे ने पिछले महीने वापसी के बाद से एक भी विकेट नहीं लिया है। स्पिनरों का प्रदर्शन भी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। वहीं बल्लेबाजी में हरमनप्रीत और मंधाना को दूसरे छोर से सहयोग की जरूरत है। हाल ही में अंडर 19 विश्व कप जीतने वाली शेफाली वर्मा लगातार अच्छा प्रदर्शन करके आलोचकों को जवाब देना चाहेंगी। जेमिमा रौड्रिग्स से भी अच्छी पारी की उम्मीद है।

### मंधाना के पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की संभावना नहीं: कानिटकर

**केपटाउन।** भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना ऊंगली की चोट से अभी तक उबर रही है जिससे वह रविवार को महिला टी20 विश्व कप मे पाकिस्तान के खिलाफ शुरूआती मैच मे नही खेल पाएंगी। मंधाना (26 वर्ष) इस हफ्ते के शुरू में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हो गई जिससे वह बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे अभ्यास मैच में भी नही खेल पाई थी। कार्यवाहक कोच ऋषिकेश कानिटकर ने प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, स्मृति की ऊंगली अब भी चोटिल है और वह अब तक उबर रही है, इसलिए उनके खेलने की संभावना नही है। उनकी ऊंगली में फ्रेक्चर नही है और हम उम्मीद लगाए है कि वह दूसरे मैच के बाद से उपलब्ध रहेंगी। कानिटकर ने कहा, आप मजबूत टीम के खिलाफ खेलना चाहते हो। हम मुकाबले के लिए पूरी तरह से तैयार है, माहौल अच्छा है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर कंधे की चोट से पूरी तरह उबर गई है जो उन्हें वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान लगी थी। उन्होने कहा, हरमन खेलने के लिए फिट है। उन्होने पिछले दो दिन में नेट पर बल्लेबाजी की, वह ठीक है।